राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 321
लखनऊ, गुरुवार 23 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





कुपोषण के खिलाफ मॉडल का मिसाल बना जनपद 10

विश्वविद्यालय में पहुंच रहे नशे को लेकर राज्यपाल चिंतित 03


### -: सर्राफा बाजार :-

गोल्ड 24 कैरेट = 1,46,560/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,34,450/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,10,030/10 ग्राम
चांदी = 2,40,000/किग्रा



## नीट पेपर लीक को लेकर राज्यसभा में हंगामा

एजेंसी, नई दिल्ली।



संसद के मानसून सत्र के दौरान मंगलवार को राज्यसभा में नीट पेपर लीक को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। बुधवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा शुरू हो गया।

दोपहर बाद कार्यवाही शुरू होने पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार शुरू से ही नीट पेपर लीक सहित हरेक मुद्दे पर संसद में चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार चर्चा के लिए तैयार है तो विपक्ष नारेबाजी कर सदन की कार्यवाही क्यों बाधित कर रहा है।

वहीं, सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने भी कहा कि सरकार नीट पेपर लीक समेत हर मुद्दे पर बहस के लिए तैयार है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष अपने विरोध-प्रदर्शन के जरिए सदन की गरिमा का अनादर कर रहा है। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि संसद में निष्पक्ष चर्चा के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए। इस पर नियम 267 के तहत चर्चा कराने की मांग की। इस पर उपसभापति हरिवंश ने नियम 267 के तहत दिए गए नोटिसों पर कहा कि इस नियम का इस्तेमाल केवल 'दुर्लभ से दुर्लभ' परिस्थितियों में ही किया जाना चाहिए। इस पर डीएमके सांसद तिरुचि शिवा ने कहा कि देश में मौजूदा हालात ऐसे ही दुर्लभ हैं। लगातार हंगामे के बीच उपसभापति ने सदन की कार्यवाही दोपहर 3 बजे तक स्थगित कर दी।

**सरकार बोली- हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार**

### जब गुस्से में संसद में बोले अखिलेश, हमारा क्या... डील तो नहीं हो गई कांग्रेस और सरकार की



राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा ( नीट) पेपर लीक मुद्दे पर लोकसभा में बुधवार को जोरदार हंगामा देखने को मिला है। लोकसभा में 12 बजे दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर पेपर लीक और छात्रों पर पुलिस के लाठीचार्ज मुद्दे को लेकर जोरदार हंगामा हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस और सत्ता पक्ष को बोलने का मौका दिया... तो समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव नाराज हो गए। दरअसल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू के चर्चा के लिए सरकार की ओर से प्रस्ताव के बाद कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल के जवाब के बाद कह दिया कि सभी पक्षों की राय आ चुकी है। आप भी चर्चा चाहते हैं, वे भी चर्चा चाहते हैं और सरकार भी चर्चा के लिए तैयार है। लेकिन इस तरह सदन की गैलरी में खड़े होकर चर्चा नहीं हो सकती। इस पर अखिलेश यादव ने स्पीकर पर खुद को न बोलने देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आपने इनके और उनके बोलने... का मौका दे दिया, पर हमारा क्या। ये मुद्दा कांग्रेस-सपा या बीजेपी का नहीं है, ये छात्रों का मुद्दा है। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 02 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## समय की बदलती जरूरतों के अनुरूप विकसित हो सरकार की कार्यप्रणाली : प्रधानमंत्री

एजेंसी, नई दिल्ली।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार कहा कि सभी सुधारों के केंद्र में नागरिकों का कल्याण होना चाहिए और सरकार की कार्यप्रणाली समय की बदलती जरूरतों के अनुरूप विकसित होनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर सचिवों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में 'विकसित भारत' के लक्ष्यों को पाने की दिशा में ग्रामीण विकास, कृषि, सामाजिक कल्याण और संबंधित क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की गई।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सुधारों का उद्देश्य केवल सरकारी व्यवस्था को बेहतर बनाना नहीं, बल्कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की यात्रा को गति देना है। उन्होंने मंत्रालयों और विभागों की उभरती आवश्यकताओं का व्यापक आकलन करने तथा शासन प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लक्ष्य को जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस अभियान की सबसे मजबूत नींव देश का युवा वर्ग होना चाहिए। उन्होंने विभिन्न मंत्रालयों के बीच समन्वय बढ़ाने और विभागीय सीमाओं को समाप्त कर 'होल-ऑफ-गवर्नमेंट' दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता बताई।

### संक्षिप्त समाचार

**समुद्र के रास्ते दुबई पहुंचा उ.प्र. का दशहरी, लंगड़ा आम**

**नई दिल्ली।** भारत के ताजा आम निर्यात क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल हुई है। उत्तर प्रदेश के अमरोहा से 12.5 टन प्रीमियम दशहरी और लंगड़ा आम पहली बार 25 दिनों की लंबी समुद्री यात्रा के बाद सफलतापूर्वक दुबई पहुंचाए गए। यह निर्यात आईसीएआर-केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, लखनऊ और एपीडा द्वारा संयुक्त रूप से विकसित समुद्री निर्यात प्रोटोकॉल के तहत किया गया। आम की खेप का निर्यात अमरोहा की शहनाज एक्सपोर्ट ने अताशी ग्लोबल के सहयोग से यूएई की प्रमुख रिटेल चेन लुलु ग्रुप को किया। पूरे अभियान में आईसीएआर-सीआईएसएच ने तकनीकी मार्गदर्शन और एपीडा ने आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

**जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में आतंकी हमला, एक पुलिसकर्मी शहीद**

**अनंतनाग।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में बुधवार को अनंतनाग शहर में आतंकवादियों के हमले में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया। लश्कर-ए-तैयबा के एक सहयोगी संगठन, द रेजिस्टेंस फ्रंट ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए हमले की जिम्मेदारी ली है। अधिकारियों ने बताया कि अनंतनाग के लाल चौक पर गोलीबारी दोपहर करीब 12:30 बजे हुई। उन्होंने बताया कि अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन हमले में घायल हो गए और उन्हें अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने हुसैन को मृत घोषित कर दिया। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर ली है और हमलावरों की धरपकड़ के लिए ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

**मणिपुर में उग्रवादियों ने पीएमजीएसवाई का उड़ाया पुल**

**इंफाल।** मणिपुर के कामजोंग जिले में संदिग्ध उग्रवादियों ने बुधवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत बने एक बेली पुल को विस्फोट कर उड़ा दिया। इस घटना से कई गांवों का जिला मुख्यालय से एकमात्र सड़क संपर्क टूट गया। पुलिस के अनुसार, घटना सुबह करीब 9:30 बजे फांगे और चादिक गांवों के बीच नंबान लोक नदी पर बने पुल पर हुई। प्रारंभिक जांच में पुल को उड़ाने के लिए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के इस्तेमाल की आशंका जताई गई है। हमलावरों ने घटना के दौरान नदी किनारे खड़े ग्रामीण विकास विभाग के एक वाहन में भी आग लगा दी, जिससे वाहन पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। पुलिस का कहना है कि यह पुल चादिक तथा आसपास के गांवों को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला एकमात्र सड़क मार्ग था।

## युवाओं को राजनीतिक औजार बना रहा विपक्ष, छात्र आकांक्षाओं को लेकर सरकार प्रतिबद्ध : राजनाथ

एजेंसी, नई दिल्ली।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली में जारी विरोध-प्रदर्शनों को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश के छात्रों और युवाओं को कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए औजार के रूप में इस्तेमाल करने का प्रयास कर रहे हैं। संसद सत्र के दौरान सड़क पर समाधान खोजने का प्रयास अनुचित है।

राजनाथ सिंह ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार विद्यार्थियों और युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने और उनके कल्याण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। छात्रों की हर चिंता को सुनना और उसका समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी है। भारत के जागरूक और विवेकशील युवा ऐसे भ्रामक प्रयासों को समझते हैं और प्रगति, विकास तथा राष्ट्र निर्माण के मार्ग को ही चुनेंगे।

उन्होंने कहा कि विपक्ष के कुछ नेताओं द्वारा बनावटी गुस्से का माहौल बनाकर जनता, विशेषकर बच्चों और युवाओं को भ्रमित करने का असफल प्रयास है। युवाओं की भावनाओं और चिंताओं के प्रति सरकार पूरी तरह संवेदनशील है। संसद का सत्र चल रहा है और सरकार ने हर मुद्दे पर सार्थक बहस करने की बात कही है लेकिन विपक्ष सड़क पर समाधान खोजने का अनुचित प्रयास कर रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में मुद्दों पर चर्चा करने की जगह संसद भवन है, जहां विपक्ष अपनी बात कहने के लिए स्वतंत्र है। उन्होंने विपक्ष से अपील की कि यदि वे गंभीर हैं तो संसद की कार्यवाही में व्यवधान न उत्पन्न करें और सभी मुद्दों पर संसद में ही देश का ध्यान आकर्षित करें।

### पुलिस कार्रवाई नहीं किए जाने का आश्वासन मिलने पर तोड़ूंगा अनशन : वांगचुक



शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह को पत्र लिखकर कहा है कि आंदोलन में शामिल युवाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं किए जाने का आश्वासन मिलने पर वे अपना अनिश्चितकालीन अनशन तोड़ देंगे। वांगचुक ने अपना यह पत्र एक्स पर साझा किया है। वांगचुक ने पत्र में कहा, यदि सरकार प्रदर्शन में शामिल युवाओं के खिलाफ किसी भी प्रकार की दंडात्मक या कानूनी कार्रवाई न करने का स्पष्ट आश्वासन देती है, तो वह विश्वास के साथ अपना अनशन समाप्त कर देंगे।

### धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें, छात्रों पर कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री माफी मांगें : राहुल गांधी



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर देश की शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने, पेपर लीक मामलों पर जवाबदेही तय न करने और छात्रों की आवाज दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 152 से अधिक प्रश्नपत्र लीक हुए हैं, जिससे 7.5 करोड़ छात्र और उनके परिवार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, छात्रों पर बल प्रयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से छात्रों से माफी की मांग की। राहुल गांधी ने यहां कांग्रेस नए मुख्यालय इंदिरा भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में 20 जुलाई को छात्रों के 'संसद चलो' मार्च और जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन से जुड़े वीडियो और प्रस्तुति दिखाते हुए कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस और सुरक्षाबलों ने बर्बर कार्रवाई की। छात्रों को पीटा गया, घसीटा गया और उनकी जायज मांगों को सुनने के बजाय दमन का रास्ता अपनाया गया।

## जलभराव किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई : योगी

एजेंसी, गोरखपुर।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर महानगर में जलभराव की समस्या को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में जलभराव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान शहर के किसी भी हिस्से में पानी जमा नहीं होना चाहिए। यदि जल निकासी व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता पाई गई तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय करते हुए उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री बुधवार को एनेक्सी भवन सभागार में जिले के विकास कार्यों, बाढ़ बचाव तथा जलनिकासी की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने नगर निगम, सिंचाई, लोक निर्माण, स्वास्थ्य तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शहर के सभी बड़े और छोटे नालों तथा नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। जहां आवश्यक हो वहां अतिक्रमण हटाकर जल निकासी का मार्ग साफ कराया जाए।

**जहां आवश्यक हो वहां अतिक्रमण हटाकर जल निकासी का मार्ग साफ कराया जाए**

ह्य। बारिश के समय नगर निगम के सभी पंप पूरी क्षमता से संचालित हों ताकि कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने नाला निर्माण एवं मरम्मत के प्रस्ताव समय से तैयार कर निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। राप्ती कॉम्प्लेक्स, गोरख एंक्लेव, विजय चौराहा और धर्मशाला क्षेत्र में पूर्व में हुई जलभराव की स्थिति की जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नालों की सफाई के बाद उन्हें ढका जाए तथा कोई भी नाली खुली न छोड़ी जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रभावी रोक लगाई जाए ताकि नालियां चोक न हों। उन्होंने नागरिकों को भी जागरूक करने पर जोर देते हुए कहा कि लोग कूड़ा नालियों में न डालें। प्रत्येक वार्ड, मलिन बस्ती और खाली भूखंडों की नियमित सफाई कराई जाए। फॉगिंग, छिड़काव और कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था भी प्रभावी ढंग से संचालित की जाए।

## पनडुब्बी रोधी स्वदेशी युद्धपोत 'मालवन' भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल

**नौसेना की समुद्री सुरक्षा व पनडुब्बी रोधी क्षमता और होगी मजबूत**

एजेंसी, नई दिल्ली।



भारतीय नौसेना ने कर्नाटक के कारवार नौसैनिक अड्डे पर आईएनएस मालवन को अपने बेड़े में शामिल कर लिया है। माहे श्रेणी का यह दूसरा पनडुब्बी रोधी युद्धपोत कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ आत्मनिर्भर भारत के तहत निर्मित किया गया है। इससे नौसेना की समुद्री सुरक्षा और पनडुब्बी रोधी क्षमता और मजबूत होगी। यह आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत युद्धपोत निर्माण में देश की बढ़ती क्षमता का परिचायक है। यह खास तौर पर उथले तटीय क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों, अंडरवाटर ड्रोन और समुद्री घुसपैठियों का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस युद्धपोत में उन्नत सोनार प्रणाली, लाइटवेट टारपीडो और पनडुब्बी-रोधी रॉकेट लॉन्चर लगाए गए हैं।

### जम्मू-कश्मीर में चौथे दिन भी शुरू नहीं हो सकी अमरनाथ व वैष्णोदेवी की यात्रा

एजेंसी, जम्मू। जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम की वजह से श्री अमरनाथ जी यात्रा, माता वैष्णो देवी यात्रा, शिव खोड़ी यात्रा और मचैल माता यात्रा चौथे दिन भी शुरू नहीं हो सकी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के खराब मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए प्रशासन ने शनिवार शाम को ही इन यात्रों को रोक दिया था।

मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में बालटाल और दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में नंदीवान-पहलगाम के दो रास्तों से होने वाली अमरनाथ यात्रा 18 जुलाई की शाम को रोक दी गई थी। इसके साथ ही कटरा में माता वैष्णो देवी मंदिर, रियासी में शिव खोड़ी मंदिर और किश्तवाड़ में मचैल माता मंदिर की यात्रा भी उसी दिन रोक दी गई थी।

## विपक्ष का विरोध : लखनऊ समेत प्रदेश के कई शहरों में प्रदर्शन

**हिरासत में लिए गए सपा-कांग्रेस कार्यकर्ता**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



नीट के प्रश्नपत्र लीक मामले में दिल्ली में चल रहे विपक्ष के धरना प्रदर्शन के बीच बड़े नेताओं को हिरासत में लिए जाने के विरोध में बुधवार को उप्र की राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश में जगह-जगह प्रदर्शन जारी है। लखनऊ और वाराणसी में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। इस पूरी स्थिति पर उप्र के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण और अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था अमिताभ यश कंट्रोल रूम से पूरे प्रदेश पर नजर बनाए हुए हैं। जिलों से लगातार फीडबैक ले रहे हैं।

प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और वामपंथी संगठनों ने अलग-अलग धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय माल एवेन्यू लखनऊ के पास प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के कई नेताओं को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। इसके पहले देर रात सपा कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज में प्रदर्शन करने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने इन्हें हटा दिया। इसके बाद बुधवार को एक बार फिर प्रदर्शन के लिए एकत्रित हुए।

कुछ सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी परिवर्तन चौक पर एकत्रित हुए लेकिन उन्हें भारी पुलिस बल ने घेरा और बिना अनुमति प्रदर्शन करने की इजाजत नहीं दी।

### आइसा के प्रदर्शन में पुलिस से झड़प, आंसू गैस व लाठीचार्ज

**पटना।** पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर शुरू हुआ छात्र आंदोलन अब राष्ट्रीय स्तर पर फैलता नजर आ रहा है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन के समर्थन में बुधवार को बिहार की राजधानी पटना में भी बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के नेतृत्व में निकाले गए मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच टकराव हो गया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले छोड़े और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। वहीं, पुलिस का कहना है कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने पथराव भी किया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हुए। प्रदर्शन की शुरुआत पटना के जेपी गोलंबर से हुई, जहां बड़ी संख्या में छात्र और युवा एकत्र हुए। प्रदर्शनकारी दिल्ली में छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में मार्च निकाल रहे थे।

**शुभारंभ** | छात्र अपनी प्रोफाइल व रिज्यूम तैयार कर विभिन्न कंपनियों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों को देख सकेंगे

## युवाओं के रोजगार के लिए केंद्रीकृत प्लेसमेंट पोर्टल लॉन्च

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

प्रदेश के युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और तकनीकी शिक्षा को उद्योगों की आवश्यकताओं से जोड़ने के लिए प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने मंगलवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में केंद्रीकृत प्लेसमेंट पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के माध्यम से छात्रों, शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों को एक ही डिजिटल मंच पर लाकर रोजगार और प्लेसमेंट प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल और प्रभावी बनाया जाएगा।

केंद्रीकृत प्लेसमेंट पोर्टल के माध्यम से उद्योग अपने रोजगार अवसरों और रिक्तियों को सीधे पोर्टल पर प्रदर्शित कर सकेंगे। वहीं छात्र अपनी प्रोफाइल और रिज्यूम तैयार कर विभिन्न कंपनियों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों को देख सकेंगे तथा अपनी पात्रता के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पोर्टल पर नौकरी की अधिसूचनाएं, पात्रता मानदंड, आवेदन की अंतिम तिथि, कंपनी का विवरण और अन्य आवश्यक जानकारी उपलब्ध होगी।

पोर्टल में उद्योगों के लिए अलग डैशबोर्ड की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कंपनियां अपना पंजीकरण कर प्रोफाइल तैयार करने के साथ ही नई नौकरियों की सूचना जारी कर सकेंगी, चयनित छात्रों की जानकारी देख सकेंगी और पात्र छात्रों के रिज्यूमे को फिल्टर कर डाउनलोड भी कर सकेंगी। इससे कंपनियों को योग्य एवं प्रशिक्षित युवाओं तक आसानी से पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। छात्रों के लिए पोर्टल पर रिज्यूमे बिल्डर की सुविधा उपलब्ध है। छात्र अपनी शैक्षिक योग्यता, व्यक्तिगत विवरण, सेमेस्टर एवं वर्षवार उपलब्धियां, इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप



और व्यावसायिक अनुभव जैसी जानकारियां दर्ज कर अपना प्रोफेशनल रिज्यूमे तैयार कर सकेंगे। इसके बाद वे पोर्टल पर उपलब्ध विभिन्न रोजगार अवसरों को देखकर पात्रता के अनुसार आवेदन कर सकेंगे। शैक्षणिक संस्थानों और विश्वविद्यालयों के लिए भी पोर्टल पर प्लेसमेंट प्रबंधन की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। संस्थान नौकरी की अधिसूचनाएं जारी करने, चयनित छात्रों का विवरण देखने, छात्रों के रिज्यूमे एक्सपोर्ट करने तथा प्लेसमेंट संबंधी जानकारी को व्यवस्थित रूप से प्रबंधित कर सकेंगे। इसके साथ ही प्लेसमेंट के पूर्व के आंकड़ों को भी पोर्टल पर अपडेट किया जा सकेगा। केंद्रीकृत प्लेसमेंट पोर्टल के माध्यम से प्रदेश के तकनीकी शिक्षा संस्थानों, विश्वविद्यालयों, विद्यार्थियों और उद्योगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। इससे प्लेसमेंट प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और विद्यार्थियों को उनकी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे। योगी सरकार का लक्ष्य प्रदेश के युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप कुशल बनाकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। केंद्रीकृत प्लेसमेंट पोर्टल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो तकनीकी शिक्षा और रोजगार के बीच की दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक : मंदिर की धार्मिक समिति पुनर्गठित, अयोध्या के चार प्रमुख संत किए गए शामिल

अयोध्या, समृद्धि न्यूज़।



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की न्यासी मंडल की बैठक बुधवार को ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज की अध्यक्षता में श्री मणिराम दास छावनी में संपन्न हुई। बैठक के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि बैठक में श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं की संभावित बढ़ती संख्या को देखते हुए दर्शन व्यवस्था, न्यासी मंडल के रिक्त पदों की पूर्ति, चढ़ावा राशि की गणना व्यवस्था, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के चयन और अन्य प्रशासनिक एवं धार्मिक विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, चढ़ावा राशि की गणना प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) की अंतिम रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है। इसलिए इस विषय पर कोई विस्तृत चर्चा नहीं हो सकी।

बैठक में इस मामले से संबंधित उच्चतम न्यायालय में लंबित याचिकाओं की सुनवाई और न्यायालय के आदेशों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। न्यासियों ने मंदिर परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संतोष व्यक्त किया कि चढ़ावा गणना कक्ष सहित सभी कैमरों की पहुंच संबंधित सुरक्षा अधिकारियों को पहले से उपलब्ध कराई जा चुकी है। साथ ही यह भी बताया गया कि भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक संस्थान की टकसाल (मिंट) के सहयोग से स्वर्ण एवं रजत चढ़ावे की मात्रा और शुद्धता की जांच की व्यवस्था पूर्ववत जारी रहेगी। बैठक में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ चढ़ावा राशि की गणना संबंधी एमओयू के तहत बैंक की जिम्मेदारियों और उनके निर्वहन में सामने आई कथित त्रुटियों पर भी चर्चा हुई। ट्रस्ट ने अनियमितताओं के सामने आने के बाद बैंक की प्रतिक्रिया और अपेक्षित गंभीरता के अभाव पर निराशा व्यक्त की। न्यासी मंडल ने ट्रस्ट की वित्त समिति को बैंक के साथ भविष्य के संबंधों तथा मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) की समीक्षा कर आवश्यक निर्णय लेने का निर्देश दिया।

# रोडवेज बस व इको वैन में हुई जोरदार भिड़ंत, कई घायल



▸ मटेरा से सवारियां लेकर लखनऊ की ओर जा रही थी इको वैन, जरवलरोड के पास हुआ हादसा

**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर जरवल रोड थाना क्षेत्र के चुरईपुरवा मुस्तफाबाद के पास बुधवार शाम करीब सवा चार बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बहराइच के मटेरा से सवारियां लेकर लखनऊ की ओर जा रही इको वैन (UP32NN9170) और विपरीत दिशा से आ रही रोडवेज बस (UP78LT0457) में आमने-सामने सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे के वक्त इको वैन में चालक समेत कुल 11 लोग सवार थे, जो लखनऊ से मुंबई जाने वाली ट्रेन पकड़ने के लिए अपने घरों से निकले थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इको वैन में सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान फकर (35) पुत्र बड़कउ, आरिफ (30) पुत्र भुरऊ, बबलू (42) पुत्र कुदुस निवासीगण अम्बावा जौहर सिसैया, थाना रिसिया, बहराइच), इको चालक मोहम्मद सलीम (40) पुत्र गुलाम वारिस निवासी घोसियाना दरगाह थाना दरगाह जिला बहराइच, फरियाद खान (26) पुत्र इरशाद खान, फरमान खान (28) पुत्र नौसाद खान और फरमान खान (30) पुत्र मजीद खान निवासीगण रहमत पुरवा पुरवारी, थाना मटेरा, बहराइच के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और थाना प्रभारी संतोष सिंह पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने फकर, फरमान खान (पुत्र नौसाद), चालक मोहम्मद सलीम और फरियाद खान की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। राहत की बात यह रही कि रोडवेज बस के चालक, परिचालक और उसमें सवार सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं।

## सर्वर ठप, धान रोपाई के बीच गहराया यूरिया संकट

**समृद्धि न्यूज़, सादुल्लानगर/बलरामपुर।**

खरीफ सीजन में धान की रोपाई के बीच क्षेत्र में यूरिया खाद का संकट किसानों की परेशानी बढ़ा रहा है। साधन सहकारी समितियों पर सर्वर डाउन होने से ई-पीओएस मशीनों पर किसानों का सत्यापन नहीं हो पा रहा है। इसके चलते निर्धारित मात्रा में यूरिया का वितरण बाधित है और किसान घंटों इंतजार के बाद बिना खाद लिए लौटने को मजबूर हैं। सादुल्लानगर, परसिया, रामपुर अरना और मद्दोंभट्ठा समेत कई साधन सहकारी समितियों पर मंगलवार को पूरे दिन तकनीकी समस्या के कारण खाद वितरण प्रभावित रहा।

किसानों का कहना है कि ई-पीओएस मशीनों पर सत्यापन न होने से उन्हें यूरिया नहीं मिल पा रही है।

# गन्ने के खेत से निकले तेंदुए ने किसान पर किया हमला, साथियों के शोर पर बची जान

▸ कतर्नियाघाट के मोतीपुर रेंज क्षेत्र में दहशत, घायल किसान अस्पताल में भर्ती

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मोतीपुर रेंज अंतर्गत ग्राम पंचायत गूढ़ के मजरा निबिया गौड़ी में बुधवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब खेत देखने गए एक किसान पर गन्ने के खेत में छिपे तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया। तेंदुए के हमले से किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ मौजूद अन्य किसानों ने शोर मचाकर किसी तरह तेंदुए को भगाया, जिससे किसान की जान बच सकी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।



जानकारी के अनुसार निबिया गौड़ी निवासी किसान मयाराम बुधवार सुबह अपने खेत की फसल देखने गए थे। इसी दौरान पास के गन्ने के खेत में छिपा तेंदुआ अचानक बाहर निकला और उन पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से किसान संभल भी नहीं पाए और तेंदुए ने उन्हें घायल कर दिया। मौके पर मौजूद अन्य किसानों ने हिम्मत दिखाते हुए शोर मचाया और तेंदुए को लाठी-डंडों से डराने का प्रयास किया। ग्रामीणों के शोर-शराबे से तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। घायल किसान को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद निबिया गौड़ी सहित आसपास के गांवों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ समय से तेंदुए की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं, जिससे खेतों में काम करने और आने-जाने में डर बना हुआ है। लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, तेंदुए की निगरानी कराने तथा उसे पकड़ने के लिए पिंजरा लगाए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## खबरें एक नजर में

### जलभराव से ग्रामीण बेहाल, सड़क निर्माण की मांग को लेकर जताया विरोध

**यहाँ बच्चों के साथ अभिवावक भी जाते हैं स्कूल**
**खण्ड विकास अधिकारी बलहा का नहीं उठा फोन**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** मोतीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत वैवाही के मजरा खैरीपुरवा में मुख्य मार्ग पर जलभराव और कीचड़ से ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हो गया है। लंबे समय से सड़क पर पानी भरे रहने के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सड़क पर खड़ंजा निर्माण कराने की मांग करते हुए प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने बताया कि यही मुख्य मार्ग गांव को बाहर की सड़क से जोड़ता है और इसी रास्ते से स्कूली बच्चे प्रतिदिन विद्यालय आते-जाते हैं। जलभराव और कीचड़ के कारण बच्चों के कपड़े खराब हो जाते हैं तथा कई बार फिसलकर गिरने की घटनाएं भी हो चुकी हैं। गांव निवासी कमलेश कुमार यादव ने बताया कि कुछ दिन पहले उनका बेटा सुबह स्कूल जाते समय इसी जलभराव वाले मार्ग पर फिसलकर गिर गया था, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। उसका इलाज अभी भी चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में यह मार्ग पूरी तरह दलदल में तब्दील हो जाता है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द मार्ग पर खड़ंजा अथवा पक्की सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे जिला मुख्यालय पहुंचकर अधिकारियों से शिकायत करेंगे। इस दौरान इंद्रजीत गौतम, कमलेश कुमार यादव, राम आधार यादव, कृष्ण कुमार, राम सूरत, सूबेदार, गेंदेलाल, हरिराम, अमरिका प्रसाद, राकेश कुमार, बालकराम, बाबूराम, घनश्याम, सालिक राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस मामले में जानकारी लेने के लिए खण्ड विकास अधिकारी बलहा को फोन किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठा। दर्जनों बार फोन किया गया।

### एलबीएस डिग्री कॉलेज में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की प्रथम मेरिट सूची जारी, 23 से 27 जुलाई तक होंगे प्रवेश

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु प्रथम मेरिट सूची जारी कर दी है। मेरिट सूची के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों के प्रवेश 23 जुलाई से 27 जुलाई 2026 तक प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक संपन्न होंगे। महाविद्यालय ने अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि के भीतर आवश्यक अभिलेखों सहित उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है। महाविद्यालय में प्रवेश समिति के संयोजक प्रो. संजय कुमार पांडेय द्वारा जारी मेरिट सूची के अनुसार बी.ए., बी.एस-सी. (बायो), बी.एस-सी. (गणित), बी.एस-सी. कृषि, बी.कॉम., बी.बी.ए. तथा बी.सी.ए. पाठ्यक्रमों के लिए विभिन्न वर्गों के कटऑफ अंक निर्धारित किए गए हैं। कई पाठ्यक्रमों एवं आरक्षित वर्गों में सभी पात्र अभ्यर्थियों को प्रवेश के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रभारी प्राचार्य प्रो. जितेंद्र सिंह ने कहा कि अभ्यर्थी प्रवेश आवेदन पंजीकरण संख्या के साथ अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्र एवं उनकी छायाप्रतियां लेकर उपस्थित हों। विषयवार सीटें सीमित होने के कारण निर्धारित सीटों से अधिक प्रवेश नहीं दिए जाएंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात प्रवेश स्वीकार नहीं किए जाएंगे। जिन अभ्यर्थियों ने विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर MPUBLPRN नहीं बनवाया है, उन्हें पहले यह प्रक्रिया पूर्ण कर महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपने आवेदन में अपलोड करना होगा। विस्तृत सूचना महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट lbsdc.org.in पर उपलब्ध है।

### नौकरी के नाम पर खुलवाया करंट एकाउंट, लाखों रुपए का जीएसटी का किया चोरी

**पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तीन पर धोखाधड़ी का मुकदमा**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नौकरी दिलाने के नाम पर करंट एकाउंट खुलवा कर लाखों रुपए का ट्रांजेक्शन कर के फ्राड किया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ में धोखाधड़ी का मुकदमा कोतवाली देहात में दर्ज कराया गया है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवा नोहर गांव के निवासी सत्यम तिवारी ने तहरीर दिया कि उस के दूर के रिश्तेदार देव नरायन मिश्रा उर्फ अंशू मिश्रा पुत्र बाल्मीकि मिश्रा निवासी ग्राम इमिलिया मिश्र से बीते 24 फरवरी को ग्राम ढोढ़ेपुर, थाना-तरबगंज में गौना कार्यक्रम में मुलाकात हुई ।नौकरी दिलाने की बात हुई और दोनों लोगों ने एक दूसरे से मोबाइल नंबर लिया। बीते 30 मार्च को फोन पर बात हुई और कहा कि मेरे पास एक काम है, जिसमें पहले कुछ कागजात बनवाना पड़ेगा, तुम अपना आधार कार्ड लेकर गांधी पार्क आ जाओ। बात पर विश्वास करके गांधी पार्क में पहुंचा तो कृष्ण प्रताप सिंह दीपक गोयल तथा देव नरायन निवासी नवीन गल्ला मंडी के बगल ओम साइबर कैफे में ले जा कर उद्यम प्रमाण पत्र ऑनलाइन करा दिया गया। ओ.टी.पी. नम्बर लेकर नाम से तीन सिम भी निकलवा लिया।

## खराब बिजली व्यवस्था के खिलाफ लामबंद हुए ग्रामीण, कटा हंगामा

▸ मौके पर पहुंची पुलिस और विद्युत विभाग की टीम
▸ विरोध में बंद रहा बाजार, लाखों का नुकसान



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** शिवपुर बाजार में बीते एक सप्ताह से खराब बिजली व्यवस्था से आहत सैकड़ों लोगों ने बाजार बंद कर जमकर हंगामा काटा। विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान नदी पार कर रोजमर्रा की वस्तु लेने आए लोग निराश होकर बैरंग वापस लौट गए। सूचना पर उप निरीक्षक राम प्रवेश यादव पुलिस टीम के साथ पहुंचे। शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। हंगामा की सूचना मिलने पर उप खंड अधिकारी नानपारा मोहम्मद तंजीम और मटेरा व रिसिया उप खंड अधिकारी रमेश मौर्या, जेई ललित कुमार टीम के साथ पहुंचे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने टीम को घेर लिया। और तीखी नोक झोंक शुरू हो गई। उप खंड अधिकारी ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को अस्वस्थ करते हुए विद्युत व्यवस्था बहाल करने की बात कही। बाजार वासियों ने बताया कि पूरा दिन बाजार बंद होने से करीब एक करोड़ का व्यापार प्रभावित हुआ। मौके पर ही रुक कर उप खंड अधिकारी ने पूरे बाजार की लाइन सही करवाई।

## जिले के सातों विधानसभा में एक साथ 'बूथ अध्यक्ष सम्मेलन' का हुआ आयोजन

▸ बूथ अध्यक्ष के बल पर भाजपा 2027 में पुनः सरकार बनाएगी: वक्ता
▸ भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका बूथ स्तर का संगठन है: बृजेश पांडेय



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को जिले भर के सभी सातों विधानसभा में एक साथ बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। सभी विधानसभाओं में वक्ता के रूप में प्रदेश से मुख्यअतिथि व जिले से जिला प्रवासी लगाये गए। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद संगठन की मजबूती पर विस्तार से चर्चा हुई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनावों से पहले बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना संगठन कार्यों पर चर्चा कार्यकर्ताओं में जोश भरना और बूथ प्रबंधन की समीक्षा करना है। सम्मेलन में बूथ अध्यक्षों से उनके क्षेत्रों की कार्यप्रणाली मतदाता सूची और जनसंपर्क अभियान की जानकारी ली गयी। वक्ताओं ने कहा कि बूथ अध्यक्ष के बल पर भाजपा 2027 में पुनः सरकार बनाएगी। भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका बूथ स्तर का संगठन है। उन्होंने प्रत्येक बूथ अध्यक्ष से अपने बूथ को मजबूत बनाने का आह्वान किया। जिला मीडिया प्रभारी शिवांकर शुक्ला ने बताया कि इसी निमित्त बहराइच विधानसभा में विधायक अनुपमा जायसवाल के नेतृत्व में व मुख्य अतिथि मणीन्द्र पाण्डेय विशिष्ठ अतिथि जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय रहे। महसी सम्मेलन में विधायक सुरेश्वर सिंह के नेतृत्व में मुख्यअतिथि शंकर दयाल पाण्डेय पूर्व जिलाध्यक्ष श्रावस्ती रहे। पयागपुर में विधायक सुभाष त्रिपाठी के नेतृत्व मुख्य अतिथि नीरज वर्मा क्षेत्रीय महामंत्री रही। कैसरगंज में विधानसभा प्रत्याशी रहे गौरव वर्मा के नेतृत्व में मुख्य अतिथि बृज बहादुर प्रदेश उपाध्यक्ष रहे। बलहा विधानसभा में विधायक सरोज सोनकर के नेतृत्व में मुख्य अतिथि अरविंद मौर्य पूर्व जिलाध्यक्ष बाराबंकी रहे। नानपारा में मुख्य अतिथि अजय मिश्र टेनी पूर्व गृह मंत्री रहे मटेरा में मुख्य अतिथि संजय कैराती पूर्व जिलाध्यक्ष रहे। जिलाप्रवासी के रूप में जिला महामंत्री सुवेद वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राम निवास जायसवाल, राघवेंद्र सिंह, कृष कुमार, कन्हैया सोनी,जिला मंत्री आलोक जिंदल हरेन्द्र सिंह सभी विधानसभाओं में उपस्थित रहे।

## खुरपका-मुँहपका निःशुल्क टीकाकरण अभियान का 8वां चरण प्रारंभ

▸ डीएम ने सीडीओ के साथ जागरूकता वाहनों को दिखायी हरी झण्डी



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भारत सरकार के सहयोग से खुरपका मुँहपका रोग नियन्त्रण (एफएमडीसीपी) कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद बहराइच में 22 जुलाई से 04 सितम्बर 2026 तक टीकाकरण का 8वाँ चरण संचालित किया जायेगा। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास सुनील कुमार धनवंता, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय के साथ कलेक्ट्रेट परिसर से बहुउद्देशीय सचल पशु चिकित्सा वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर खुरपका मुँहपका टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया। टीकाकरण अभियान के 8वें चरण में सम्पूर्ण जनपद के लगभग 04 लाख 50 हज़ार से अधिक पशुओं के निःशुल्क टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी देते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. राजेश उपाध्याय ने बताया कि खुरपका-मुहँपका बीमारी से बचाव के लिए 22 जुलाई से 04 सितम्बर 2026 तक कुल 45 दिवसों के लिए टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रत्येक छः माह के अन्तराल पर टीकाकरण अभियान संचालित किया जाता है। खुरपका-मुहँपका बीमारी पशुओं में होने वाली एक घातक जानलेवा बीमारी है, जो कि एक विषाणु जनित रोग है। यह बीमारी मुख्यतः गाय, बैल, भैंस, भेड़, बकरी तथा सूकरों में होती है, जो रोगग्रसित पशुओं के सम्पर्क में आने और साथ में खाने पीने से फैलती है। इस बीमारी में पशु को 104 से 106 डिग्री फॉरेनाहइट तक तेज बुखार आना, मुँह से झाग नुमा लार का गिरना, चप-चपाहट की आवाज, मुँह, जीभ तथा थनों एवं खुरों के बीच में छाले पड़ जाते हैं। पशु का अत्यधिक दुर्बल होना, उत्पादकता में कमी तथा गर्भित पशुओं का गर्भपात हो जाना इस रोग के प्रमुख लक्षण हैं। सीवीओ डॉ. उपाध्याय ने बताया कि रोग की उग्र अवस्था में यह सभी लक्षण उग्र रूप से प्रकट होते है तथा इसमें पशुओं की मृत्यु भी हो जाती है। रोग से मुक्त हो जाने के पश्चात पशु के स्वस्थ होने में काफी समय लगता है। उन्होंने बताया कि इस रोग से बचाव हेतु एक ही उपाय खुरपका मुँहपका का टीकाकरण है। पशुपालकों को सुझाव दिया है कि स्वस्थ्य पशुओं को बीमार पशुओं से अलग रखें।

## नवनिर्मित विडियो कांफ्रेंसिंग हॉल का डीएम ने किया उद्घाटन

▸ क्रिटिकल गैप योजना अन्तर्गत कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराया गया निर्माण



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान कार्यालय (एन.आई.सी.) बहराइच के नवनिर्मित विडियो कांफ्रेंसिंग हॉल का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव, अधि.अभि. ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत सिन्हा व अवर अभियन्ता डी.एन. सिंह, उ.प्र. लघु उद्योग निगम लिमिटेड, निर्माण खण्ड-4 चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारी, एनआईसी का स्टाफ मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि क्रिटिकल गैप योजना अन्तर्गत कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा रू. 95.00 लाख की लागत से विडियो कांफ्रेंसिंग हॉल का निर्माण किया गया है। जबकि रू. 6.12 लाख की लागत से कार्यदायी संस्था उ.प्र. लघु उद्योग निगम लिमिटेड, निर्माण खण्ड-4 (यू.पी.एस.आई.सी.) द्वारा नवनिर्मित विडियो कांफ्रेंसिंग हॉल में कांफ्रेंसिंग टेबल, टी.वी. कैबनेट एवं कैमरा स्टैण्ड टेबल इत्यादि सुविधाएं विकसित की गई हैं।

## जिलाधिकारी ने निःशुल्क टीकाकरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

▸ गांव-गांव पहुंचकर खुरपका-मुंहपका रोग की रोकथाम के लिए होगा निःशुल्क टीकाकरण अभियान



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से पशुपालन विभाग द्वारा संचालित खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) रोग की रोकथाम हेतु निःशुल्क टीकाकरण अभियान के तहत विशेष टीकाकरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पशुधन किसानों एवं पशुपालकों की आजीविका का महत्वपूर्ण आधार है। पशुओं को संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखना न केवल उनकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए आवश्यक है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। जिलाधिकारी ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा संचालित यह विशेष वाहन जनपद के प्रत्येक गांव तक पहुंचकर पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण करेगा। उन्होंने कहा कि खुरपका-मुंहपका एक अत्यंत संक्रामक रोग है, जो पशुओं के स्वास्थ्य एवं दुग्ध उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। समय पर टीकाकरण के माध्यम से इस बीमारी की प्रभावी रोकथाम संभव है। उन्होंने सभी पशुपालकों से अपील की कि वे इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अपने सभी पात्र पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहुंचकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाए तथा पशुपालकों को टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक भी किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक पशुपालक तक विभागीय सेवाएं समयबद्ध ढंग से पहुंचाई जाएं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जनपद के पात्र गोवंश एवं भैंसवंशीय पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए विभागीय पशु चिकित्सकों एवं पैरावेट कर्मचारियों की टीमें गठित की गई हैं, जो टीकाकरण वाहन के माध्यम से गांव-गांव पहुंचकर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्य करेंगी। साथ ही पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण, रोगों की पहचान, स्वच्छता तथा वैज्ञानिक पशुपालन संबंधी आवश्यक जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### मोहम्मद उस्मान ने जीता जिला ओपन चेस चैंपियनशिप का खिताब

**उतरौला (बलरामपुर)।** बलरामपुर डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित छठे बलरामपुर जिला ओपन चेस टूर्नामेंट का सोमवार को इम्मानुएल चर्च स्कूल, उतरौला में शानदार समापन हुआ। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन 18 जुलाई से 20 जुलाई 2026 तक किया गया, जिसमें जिले सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से आए 104 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के बीच हुए रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। टूर्नामेंट का आयोजन स्विस लीग प्रणाली के तहत सात राउंड में किया गया। कड़े और चुनौतीपूर्ण मुकाबलों के बाद मोहम्मद उस्मान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 राउंड में 6.5 अंक अर्जित किए और प्रतियोगिता का चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

### उ.प्र. वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक फाउंडेशन जनपद गोण्डा के द्वारा जिलाधिकारी को कैशलेस चिकित्सा संबंधी ज्ञापन दिया गया

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी कार्यालय में उत्तर प्रदेश वित्तविहीन



विद्यालय प्रबंधक फाउंडेशन जिला उपाध्यक्ष खेमचंद द्वारा जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को ज्ञापन सौंपा। मनकापुर में जिला महामंत्री ऐश्वर्य प्रियदर्शी के अगुवाई में और तरबगंज में अशोक तिवारी और सुनील मिश्रा जी की अगुवाई में, व कर्नलगंज में एस पी गुप्ता, प्रदेश संयोजक,द्वारा आज उत्तर प्रदेश वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ का प्रतिनिधि मंडल, ने ज्ञापन सोपा। अन्य तहसीलों में उपजिलाधिकारी को वित्तविहीन फाउंडेशन के द्वारा ज्ञापन पत्र सोपा गया। ज्ञापन में सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के भांति प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाय। इसका लाभ प्रदेश के सभी निजी प्राइवेट विद्यालयों के शिक्षकों को भी इस सुविधा का लाभ मिले। इसके लिए जिला के सभी चारों तहसील में ज्ञापन दिया गया। सभी तहसीलों में उपजिलाधिकारी महोदय द्वारा आश्वासन दिया गया कि आपके इस ज्ञापन को प्रदेश के मुख्यमंत्री के पास पहुंचाया जाएगा।

## एनएच-730 बना 'मौत का हाईवे', आठ मौतों के बाद भी फाइलों में दफन सुरक्षा

▸ रायबरेली में अटका चौड़ीकरण, रोज़ लील रही सड़क ज़िंदगियां



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मिहींपुरवा से बिछिया तक राष्ट्रीय राजमार्ग-730 का करीब 45 किलोमीटर लंबा हिस्सा अब लोगों के बीच 'मौत का कॉरिडोर' बन चुका है। पिछले छह महीनों में आठ लोगों की जान जा चुकी है और 24 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। 3 ब्लैक स्पॉट चिह्नित होने के बावजूद सड़क सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जाने से लोगों में भारी नाराजगी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिम्मेदार विभाग की सुस्ती की कीमत आम लोग अपनी जान देकर चुका रहे हैं। कतर्नियाघाट वन क्षेत्र से गुजरने वाला यह मार्ग सबसे अधिक खतरनाक माना जाता है। दोनों ओर घना जंगल, बीच में संकरी सड़क, बरसात में फिसलन भरी कच्ची पटरी और चेतावनी संकेतकों का अभाव हादसों को लगातार बढ़ा रहा है। बाइक सवारों के फिसलने और भारी वाहनों के पलटने की घटनाएं आम हो चुकी हैं। वर्ष 2023 में लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए क्षेत्र के पत्रकारों और संभ्रांत नागरिकों ने राष्ट्रीय राजमार्ग खंड लखीमपुर के अभियंता रामनरेश वर्मा को सड़क किनारे सुरक्षित पटरी निर्माण की मांग से अवगत कराया था। इसके बाद प्रस्ताव तैयार हुआ, वन विभाग से अनुमति भी मिल गई और एस्टीमेट भी बन गया। रामनरेश वर्मा के अनुसार पूरी फाइल अधीक्षण अभियंता, रायबरेली रामकुमार को भेज दी गई थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इसके बाद मामला आगे नहीं बढ़ा और चौड़ीकरण व सुरक्षित पटरी का कार्य आज तक शुरू नहीं हो सका। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते निर्णय लिया गया होता तो कई लोगों की जान बच सकती थी। राष्ट्रीय राजमार्ग खंड लखीमपुर के अभियंता रामनरेश वर्मा ने बताया कि फिलहाल सड़क किनारे राबिश डालकर अस्थायी सुधार कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वन विभाग से अनुमति मिल चुकी है और अधीक्षण अभियंता रामकुमार के स्तर से स्वीकृति मिलते ही हाईवे के किनारे खड़ंजा लगाकर सुरक्षित पटरी का निर्माण कराया जाएगा।

## आधी रात बेपटरी हुई गेहूं लदी मालगाड़ी, 2 डिब्बे पटरी से उतरे, टला बड़ा हादसा

▸ ट्रैक सुरक्षा पर फिर उठे सवाल, देर रात चला री-रेलिंग अभियान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** गोंडा जंक्शन रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार देर रात गेहूं से लदी एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर जाने से रेल विभाग में हड़कंप मच गया। गाजियाबाद से बिहार के मोतिहारी जा रही 42 डिब्बों वाली मालगाड़ी की 29वीं बोगी पूरी तरह और 30वीं बोगी आंशिक रूप से बेपटरी हो गई। राहत की बात यह रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। समय रहते लोको पायलट ने ट्रेन रोक दी, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

**बड़गांव ओवरब्रिज के नीचे हुआ हादसा–** हादसा मंगलवार रात करीब 12 बजे गोंडा रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर बड़गांव रेलवे ओवरब्रिज के नीचे लाइन नंबर-7 पर हुआ। मालगाड़ी सामान्य गति से आगे बढ़ रही थी कि अचानक झटके के साथ दो डिब्बे पटरी से उतर गए। झटका महसूस होते ही लोको पायलट ने तुरंत ट्रेन रोककर रेलवे कंट्रोल रूम और स्थानीय अधिकारियों को सूचना दी।

**रेलवे की टीमें मौके पर, ट्रैक बहाली में जुटी–** घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के इंजीनियरिंग, परिचालन और तकनीकी विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं। आरपीएफ और जीआरपी ने भी सुरक्षा व्यवस्था संभाल ली। अधिकारियों ने पहले प्रभावित ट्रैक को सुरक्षित किया और फिर बेपटरी हुए डिब्बों को री-रेलिंग कर पटरी पर चढ़ाने का काम शुरू किया। रेलवे के मुताबिक लाइन नंबर-7 सिर्फ मालगाड़ियों के लिए है, इसलिए यात्री ट्रेनों के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा। देर रात तक ट्रैक बहाली का काम जारी रहा।

**तकनीकी खराबी या लापरवाही? जांच शुरू–** जीआरपी ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# कार्यकर्ताओं के साथ पंकज चौधरी ने कांग्रेस दफ्तर का किया घेराव





**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उप्र भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष पंकज चौधरी ने बुधवार को यहां लखनऊ में कांग्रेस पार्टी दफ्तर का घेराव किया।भाजपा का यह विरोध प्रदर्शन प्रधानमंत्री आवास के सामने राहुल गांधी के प्रदर्शन के विरोध में किया गया। पंकज चौधरी के साथ पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ ही अन्य नेता व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

भाजपा ने लखनऊ में कांग्रेस कार्यालय के घेराव का ऐलान किया था। तय कार्यक्रम के अनुसार सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता वीवीआईपी गेस्ट हाउस के सामने इकट्ठा हुए और कांग्रेस विरोधी नारे लगाये। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय की ओर कूच किया। पुलिस ने कांग्रेस कार्यालय की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर बैरीकेडिंग लगा रखी थी। बाल संरक्षण आयोग के सामने लगी बैरीकेडिंग को हटाकर भाजपा कार्यकर्ता आगे निकल गये। इसके बाद पुलिस ने कांग्रेस कार्यालय से 100 मीटर पहले लगी बैरीकेडिंग पर रोका। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं की पुलिस से धक्का–मुक्की भी हुई।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने जिस प्रकार से प्रधानमंत्री के निवास पर धरना दिया, वह उचित नहीं है। वह कहीं न कहीं संवेदनशील क्षेत्र है। उन्होंने सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया है। उसके विरोध में हम पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस कार्यालय तक प्रदर्शन कर रहे हैं। पंकज चौधरी ने कहा कि पेपर लीक करने वालों की गिरफ्तारी हुई है। उन्हें कठोरतम सजा भी दिलाई जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा है कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं, उनके भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सभी को है, किन्तु प्रत्येक राजनीतिक दल एवं जनप्रतिनिधि का यह दायित्व भी है कि वह संवैधानिक मर्यादाओं और लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करें। विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री आवास के बाहर किया गया प्रदर्शन इन मर्यादाओं के अनुरूप नहीं था। विरोध प्रदर्शन में भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्र, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी रामचन्द्र प्रधान, विधायक राजेश्वर सिंह, विधायक डॉ. नीरज बोरा, युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह, भाजपा के मुख्य प्रवक्ता दिनेश प्रताप सिंह व प्रकाश मिश्रा शामिल हुए।

# सीएम योगी ने किए मां पाटेश्वरी के दर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुप्त नवरात्र में बुधवार सुबह तुलसीपुर में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन-अर्चन किया। मां की आरती उतारी और सुखी, स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश के लिए प्रार्थना किया।

मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। मुख्यमंत्री को देख बच्चे उनके पास पहुंचे, जिस पर मुख्यमंत्री ने उनसे स्नेहपूर्वक बातचीत की और चॉकलेट दी। मुख्यमंत्री ने इससे पहले 6 जून को भी मां पाटेश्वरी के दर्शन किये थे। सीएम योगी मंगलवार को बहराइच और श्रावस्ती में विकास कार्यों के लोकार्पण- शिलान्यास कार्यक्रम के बाद बलरामपुर पहुंचे। उन्होंने देवीपाटन मंदिर परिसर में रात्रि विश्राम किया।

बुधवार सुबह दर्शन-पूजन के बाद मंदिर में आये श्रद्धालुओं का उन्होंने अभिवादन स्वीकार किया। सीएम ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व स्वच्छता की समुचित व्यवस्था का निर्देश दिया। स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों, संतों आदि से मुलाकात भी की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के लिए प्रस्थान किया। दर्शन-पूजन के दौरान महंत मिथिलेश नाथ योगी, कालीबाड़ी गोरखपुर के महंत रविंद्र दास आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### 15 साल के बच्चे को गार्डों ने पीटा, डिप्टी सीएम ने मांगी रिपोर्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बलरामपुर अस्पताल में 15 साल के बच्चे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि अस्पताल में तैनात सिक्योरिटी गार्डों ने बच्चे की बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें गार्ड मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद मामला स्वास्थ्य विभाग तक पहुंच गया। डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने घटना का संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक रात दो बजे मदेयगंज चौकी से पुलिस कुल 5 लोगों को मेडिकल कराने लाई थी। इनमें 2 लोगों का मेडिकल हो गया था, जबकि 3 का पेपर न होने के चलते होना बाकी रह गया। पुलिस इन्हें इमरजेंसी में ही छोड़कर चली गई। इसी बीच सुबह किसी बात को लेकर इन तीनों का विवाद म्हव डॉ. सुरूर अली से हो गया। इसके बाद मौके जब गार्ड्स पहुंचे तो कहासुनी बढ़ गई। देखते ही देखते मारपीट होने लगी। डिप्टी सीएम ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को मामले की गंभीरता को देखते हुए खुद मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन दिन के अंदर जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा है। उन्होंने लिखा कि बलरामपुर अस्पताल, लखनऊ में मारपीट से संबंधित वीडियो का संज्ञान लेते हुए महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को प्रकरण की जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच के बाद दोषियों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी और तीन दिन के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। इस मामले के बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ.विवेक गुप्ता ने बताया कि घटना को लेकर सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। शासन की तरफसे जांच के आदेश भी दिए जा चुके है। निष्पक्ष जांच के आधार पर रिपोर्ट तैयार होगी और फिर उसे शासन को भेजा जाएगा। तय समय से पहले ही जांच पूरी करने की कोशिश की जाएगी।

### प्रयागराज मण्डल के अपर निदेशक डॉ. अनिल कुमार अनुशासनहीनता में निलंबित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के निर्देश पर प्रयागराज मण्डल में तैनात पशुपालन विभाग के अपर निदेशक ग्रेड-2, डा0 अनिल कुमार को पशु चिकित्सालय, चाका प्रयागराज को आवंटित बहुउद्देशीय सचल राजकीय वाहन का स्वयं के उपयोग हेतु नियमविरुद्ध अधिग्रहण करने, अनुशासनहीनता, पदीय दायित्वों व कर्तव्यों की अवहेलना पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित कर दी गयी है। डा0 अनिल कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए गोरखपुर मंडल के मंडलायुक्त कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर निदेशक डा0 अनिल कुमार के विरुद्ध पशु चिकित्सालय, चाका बहुउद्देशीय सचल वाहन का नियम विरुद्ध अधिग्रहण/प्रयोग करने, अपने विभाग के समूह ग एवं घ के कार्मिकों के अवैध स्थानांतरण करने, अपने वाहन पर अनधिकृत रूप से लाल-नीली बत्ती का प्रयोग करने, मानव संपदा पोर्टल पर स्वयं की प्रोफिशियेंसी न करने, अनुशासनहीनता करने, शासकीय नियमों का उल्लंघन एवं पदीय दायित्वों व कर्तव्यों की अवहेलना के गंभीर आरोप लगे हैं।

### तेज रफ्तार नैनो डिवाइडर पर चढ़ी, कार में फंसे युवक को लोगों ने शीशा तोड़कर निकाला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के गोमती नगर विस्तार थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह तेज रफ्तार नैनो कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे में कार सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने कार का शीशा तोड़कर और दरवाजा खोलकर उसे बाहर निकाला, जिसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसा बुधवार सुबह करीब 7 बजे जनेश्वर मिश्र पार्क के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेज रफ्तार नैनो कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। टक्कर के बाद कार में सवार युवक अंदर ही फंस गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे निकालने की कोशिश की, लेकिन दरवाजा नहीं खुलने पर ईंट-पत्थरों से कार का शीशा तोड़ा और किसी तरह दरवाजा खोलकर युवक को बाहर निकाला। इसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। सेकंड इंस्पेक्टर गोमतीनगर नगर विस्तार सुनील यादव ने बताया घटना की जानकारी आई थी। जब तक पुलिस पहुंची उसके पहले ही वहां मौजूद लोगों ने निकालकर अस्पताल भेज दिया। गाड़ी के आधार पर पहचान की जा रही है।

### स्पैरो रिजॉर्ट हर्ष फायरिंग केस में 2 और गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज स्थित स्पैरो रिजॉर्ट में पार्टी के दौरान हुई हर्ष फायरिंग मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इससे पहले मुख्य आरोपी गौरव शर्मा को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब तक इस मामले में तीन आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, 19 जुलाई की रात स्पैरो रिजॉर्ट में आयोजित एक पार्टी के दौरान हर्ष फ्रायरिंग की गई थी। मामले में सीतापुर निवासी जितेंद्र सिंह की शिकायत पर 20 जुलाई को मोहनलालगंज थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं और 7 सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। जांच के दौरान 21 जुलाई को मुख्य आरोपी गौरव शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वहीं बुधवार को पुलिस ने घटना में वांछित अभिषेक सिंह यादव (26), निवासी मसकगंज, वजीरगंज और प्रभाकर सिंह (23), निवासी पटेल नगर, सुशांत गोल्फसिटी को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

# विश्वविद्यालय में पहुंच रहे नशे को लेकर राज्यपाल चिंतित

## युवाओं से नशामुक्ति और चरित्र निर्माण का किया आह्वान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- मेरठ में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुई राज्यपाल ने 199 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए



मैंने लगभग 15 विश्वविद्यालयों के हॉस्टल देखे हैं। वहां बाहर शराब की बोतलें पड़ी मिलीं। हॉस्टलों में बाहर से जो खाना आता है, उसके जरिए ड्रग्स भी पहुंच रहा है। मैंने हॉस्टल प्रबंधन और कुलपतियों को इसकी तस्वीरें तक दिखाई हैं। यह बेहद संवेदनशील और संजीदा दावा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया है। वे बुधवार को मेरठ में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचीं थीं।

समारोह में अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हम तो चार पीढ़ियों से चाय तक नहीं पीते हैं और आप ड्रग्स के आदी हो गए हैं। इसे छोड़ें। नशे ने कभी भी किसी समस्या का समाधान नहीं किया है और न हो सकता है,बल्कि यह व्यक्ति के सपनों, प्रतिभा, स्वास्थ्य और उनके परिवार की उम्मीदों को धीरे-धीरे खत्म कर देता है। उन्होंने युवाओं से नशामुक्ति और चरित्र निर्माण का आह्वान किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि आज के कई युवाओं में भटकाव है। उन्हें पता ही नहीं है कि भविष्य के लिए क्या करना है। कुछ युवा एक झंडा लेकर निकल पड़ते हैं, तो उनके पीछे और लोग भी पीछे चल पड़ते हैं। उन्होंने युवाओं के लिए सख्त लहजे में कहा कि इसलिए यह समझना जरूरी है कि हम जो कर रहे हैं, वह देशहित में है या नहीं। उन्होंने बच्चों को महापुरुषों और उनके संघर्षों के बारे में जरूर बताए जाने की बात कही, जिनके नाम पर विश्वविद्यालय का नाम रखा गया है। संबोधन से पूर्व उन्होंने विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 199 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। इसे लेकर उन्होंने कहा कि आज यहां 75 प्रतिशत बेटियों और 25 प्रतिशत छात्रों को मेडल मिले हैं। जरा सोचिए, हम बेटों के पीछे भागते हैं। तीन बेटियां होने पर कई परिवारों में हाहाकार मच जाता है, जबकि बेटियां बेहद होनहार हैं। उन पर भरोसा कीजिए। वे परिवार का नाम रोशन करेंगी।

# पर्यटन मंत्री ने किया रूचि चौहान रचित काव्य संग्रह मन के मौसम पुस्तक का विमोचन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन भवन के सभागार में रूचि चौहान द्वारा रचित काव्य संग्रह मन के मौसम पुस्तक का विमोचन करते हुए लेखिका को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि काव्य संग्रह में नारी मन की कोमल भावनाओं को कविता के माध्यम से बहुत खूबसूरत ढंग से व्यक्त किया गया है। यह पुस्तक नारी समाज तथा आधी आबादी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

मन के मौसम काव्य संग्रह में नारी हृदय की सूक्ष्म भावनाओं, विविध अनुभूतियों तथा मिलन, वियोग, त्रासदी, शोषण के अलावा अनछुए पहलुओं को भी सरल शब्दों में व्यक्त किया गया है। लेखिका का शब्द चयन भी सराहनीय है। पूर्व मंत्री स्वाति सिंह ने कहा कि ईश्वर ने नारी को सृजन की शक्ति दी है। नारी के बिना यह संसार अधूरा है। कभी मां, कभी बहन, कभी पत्नी के रूप में उसका रोल समाज को गतिमान बनाता है।

इस अवसर पर पर्यटन विकास निगम के एमडी आशीष कुमार, अशोक सिंह, डॉ. संग्राम सिंह के अलावा बड़ी संख्या में नाबार्ड परिवार के सदस्य, शिक्षक उपस्थित थे।

# गोमाता को पशु सूची से अलग करे योगी सरकार राष्ट्रमाता का दें दर्जा : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

- तर्क दिया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद-48 में गोवंश संरक्षण का है विशेष उल्लेख
- उत्तर प्रदेश के 403 विधानसभा क्षेत्रों में 81 दिन की गविष्ठि यात्रा का समापन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

81 दिवसीय गविष्ठि (गोरक्षार्थ-धर्मयुद्ध) यात्रा के समापन के बाद ज्योतिर्मठ बदरिकाश्रम हिमालय तोटकाचार्य गुफा, जोशीमठ (उत्तराखंड) के स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा है। इसमें गोमाता को पशु सूची से अलग कर राज्यमाता व राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए विधानसभा में प्रस्ताव लाने और केंद्र सरकार को संस्तुति भेजने की मांग की है।

शंकराचार्य ने कहा कि 3 मई को गोरखपुर से शुरू हुई 81 दिन की यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया गया। यात्रा में 14,630 किलोमीटर की दूरी तय की गई, 2,403 जनसभाएं आयोजित हुईं और 18 लाख से अधिक लोगों से प्रत्यक्ष संवाद किया गया। साथ ही सोशल मीडिया और विभिन्न मीडिया माध्यमों के जरिए करीब 27 करोड़ लोगों तक अभियान पहुंचने का दावा भी किया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि यात्रा के दौरान प्रदेशभर से एक स्वर में गोमाता को पशु की श्रेणी से हटाकर माता का दर्जा देने की मांग सामने आई। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने तर्क दिया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद-48 में गोवंश संरक्षण का विशेष उल्लेख है, इसलिए उत्तर प्रदेश को इस दिशा में पहल करते हुए गोमाता को विशेष दर्जा देना चाहिए। शंकराचार्य ने यह भी कहा कि अभियान को विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों के साथ-साथ मुस्लिम समुदाय के कई प्रतिनिधियों और संगठनों का भी समर्थन मिला। मुस्लिम समुदाय की ओर से 81 समर्थन पत्र और ज्ञापन प्राप्त हुए। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि यात्रा के दौरान कई स्थानों पर आयोजकों पर सरकारी दबाव बनाया गया, कार्यक्रम रद्द कराने का प्रयास हुआ और लोगों को डराने-धमकाने की घटनाएं भी सामने आईं। पत्र के अंत में शंकराचार्य ने मुख्यमंत्री से आगामी विधानसभा सत्र में गोमाता को राज्यमाता का दर्जा देने संबंधी प्रस्ताव लाने का आग्रह किया है। साथ ही यह भी लिखा है कि यात्रा के दौरान अनेक लोगों ने यह संकल्प व्यक्त किया कि यदि यह मांग पूरी नहीं हुई तो वे आगामी चुनाव में वर्तमान सरकार या पार्टी को वोट नहीं दें।

# दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी व रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध करा रही सरकार : नरेन्द्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




उ.प्र. सरकार के राज्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में दिव्यांगता पर गठित 'राज्य सहालकार बोर्ड' की 08वीं बैठक मंगलवार को लखनऊ स्थित योजना भवन के 'वैचारिकी' सभा कक्ष में आयोजित हुई।

मंत्री कश्यप ने बताया कि राज्य सलाहकार बोर्ड का उद्देश्य दिव्यांगजन अधिकारों की निगरानी करना, समावेशी विकास को गति देना, विभागीय नीतियों व कार्यक्रमों का मूल्यांकन, दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा तथा उन्हें शासकीय योजनाओं का त्वरित एवं पारदर्शी लाभ दिलाना है। बैठक में पूर्व बैठक की कार्यवृत्ति तथा उस पर की गई अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गयी। मंत्री कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेश भर में मण्डल एवं जनपद स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाए, जहां पात्र दिव्यांगजन को समस्त सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं उसको मिलने वाले लाभ से अवगत कराया जा सकें। ज़िला दिव्यांग अधिकारी व्यावहारिक रूप से रूचि लेते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को नियमानुसार विकास प्राधिकरणों (यूपीडा व औद्योगिक प्राधिकरणों) द्वारा दुकानों के आवंटन में 03 प्रतिशत के स्थान पर 05 प्रतिशत का आरक्षण लागू करें, जों कि बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों में दिव्यांगजनों को प्राथमिकता की स्थिति पर चर्चा हुई। उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के समग्र विकास एवं उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश सरकार का उद्देश्य प्रत्येक दिव्यांग बच्चे को उसकी आवश्यकता के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि वह आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके। विभाग द्वारा कुष्ठावस्था पेंशन योजना के माध्यम से भी पात्र लाभार्थियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हो सके। इसी प्रकार यूनीक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड बनवाने की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाया गया है। यूडीआईडी कार्ड के माध्यम से दिव्यांगजन विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

# रालोद के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अनुपम मिश्रा का आज लखनऊ में प्रथम आगमन, कार्यकर्ता करेंगे स्वागत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के बाद अनुपम मिश्रा का गुरुवार 23 जुलाई 2026 को राजधानी लखनऊ में पहली बार आगमन होगा। इस अवसर पर उत्साहित पार्टी नेता एवं कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष का अपराह्न 12ः00 बजे प्रदेश मुख्यालय में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बुधवार को दी।

प्रदेश मीडिया प्रभारी ने बताया कि यह कार्यक्रम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय के सानिध्य में संपन्न होगा, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि अनुपम मिश्रा कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने से पूर्व पार्टी में राष्ट्रीय सचिव के पद पर रहते हुए संगठन और चुनावी रणनीति में अपनी अहम भूमिका निभा रहे थे। उनकी निष्ठा और राजनीतिक कुशलता को देखते हुए पार्टी संगठन और राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने बीते दिनों उन्हें उत्तर प्रदेश के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है।

### एलडीए मुख्यालय में हंगामा दो युवक हिरासत में

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) मुख्यालय में बुधवार को अवैध निर्माण की शिकायत को लेकर हंगामा हो गया। आरोप है कि कार्रवाई न होने से नाराज पदम देव पांडेय सचिव कार्यालय के बाहर जोर-जोर से बोलने लगे। इस दौरान वहां तैनात कर्मचारी से उनकी तीखी नोकझोंक हो गई। पुलिस का कहना है कि दोनों युवक नशे की हालत में लग रहे थे। वहीं, युवकों ने इस आरोप से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने कोई नशा नहीं किया है। युवकों का दावा है कि उन्होंने एक सप्ताह पहले क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण की जनहित शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर वे जानकारी लेने एलडीए पहुंचे थे। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

**पहल**

## समाज कल्याण विभाग और बीएसएआई के बीच हुआ एमओयू

# देश के टॉप बोर्डिंग स्कूलों के मॉडल पर अपग्रेड होंगे सर्वोदय विद्यालय

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश भर के 112 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में शैक्षणिक और आवासीय व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में बड़ी पहल की गई। समाज कल्याण विभाग और बोर्डिंग स्कूल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएसएआई) के बीच बुधवार को गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

यह एमओयू समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, प्रमुख सचिव समाज कल्याण अनुराग यादव और निदेशक समाज कल्याण संजीव सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बीएसएआई के डायरेक्टर श्री विनय पांडेय और सीईओ सपना सुकुल भी उपस्थित रहीं।

इस समझौते का उद्देश्य देश के सर्वश्रेष्ठ बोर्डिंग स्कूलों के सफल अनुभवों और श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को सर्वोदय विद्यालयों तक पहुंचाना है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता के साथ छात्रावास प्रबंधन, छात्र देखभाल, अनुशासन, नेतृत्व विकास और नई टेक्नॉलजी पर आधारित शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

सर्वोदय विद्यालयों के प्रिंसिपल और शिक्षकों की टीम बीएसएआई से जुड़े प्रतिष्ठित बोर्डिंग स्कूलों का शैक्षणिक भ्रमण करेगी। वहां की शिक्षण व्यवस्था, हॉस्टल प्रबंधन और प्रशासनिक प्रणाली का अध्ययन कर एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाएगी, जिसे प्रदेश के सभी 112 सर्वोदय विद्यालयों में लागू किया जाएगा।




प्रमुख सचिव अनुराग यादव ने कहा कि यह एमओयू सर्वोदय विद्यालयों के लिए नई शुरुआत है। इससे विद्यार्थियों को देश के प्रमुख बोर्डिंग स्कूलों की श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों से सीखने का अवसर मिलेगा। बीएसएआई की सीईओ सपना सुकुल ने कहा कि किसी राज्य सरकार के साथ बीएसएआई का यह पहला एमओयू है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह साझेदारी सर्वोदय विद्यालयों में सकारात्मक बदलाव लाएगी। कार्यक्रम में उपनिदेशक जे. राम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। बीएसएआई देश के प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालयों का राष्ट्रीय संगठन है। इसके सदस्य संस्थानों में द दून स्कूल, मेयो कॉलेज, द लॉरेंस स्कूल (सनावर), वेल्हम बॉयज स्कूल, वेल्हम गर्ल्स स्कूल और द सिंधिया स्कूल सहित कई अग्रणी बोर्डिंग स्कूल शामिल हैं। यह संस्था गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्रावास प्रबंधन और शिक्षक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती है।

समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में अच्छी शिक्षा की सबसे बड़ी भूमिका है। हमारी प्राथमिकता है कि सर्वोदय विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को देश के सर्वश्रेष्ठ बोर्डिंग स्कूलों जैसी शिक्षा, अनुशासन और अवसर मिले। बीएसआई के साथ यह साझेदारी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारे विद्यार्थी और शिक्षक अब नई और श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों से सीखेंगे, अनुभव साझा करेंगे और शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएंगे।

# असीम अरुण त्रिपुरा के दिवंगत डीजीपी अनुराग की अंतिम यात्रा में हुए शामिल, दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बुधवार को बागपत पहुंचकर त्रिपुरा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) स्व. अनुराग धनखड़ के अंतिम संस्कार में भाग लिया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मूलरूप से बागपत निवासी अनुराग धनखड़ और मंत्री असीम अरुण 1994 बैच के IPS अधिकारी रहे हैं। दोनों अधिकारियों ने एक ही साथ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में अपना करियर शुरू किया था और मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) और हैदराबाद की सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एसवीपीएनपीए) में ट्रेनिंग ली थी। सयुंक्त राष्ट्र मिशन कोसोवो में भी अनुराग साथ थे।

अपने बैचमेट और अभिन्न मित्र को अंतिम विदाई देते हुए मंत्री असीम अरुण काफी भावुक नजर आए। अंतिम संस्कार के दौरान मंत्री ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## खबरें एक नजर में

### बाइक फिसलने से युवक गंभीर घायल, सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** बाइक फिसलने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम भूसौरी निवासी रिंकू पुत्र मथुराप्रसाद 25 किसी कार्य से पास के झउहाना गया था। वहां से घर वापस लौटते समय रास्ते में सड़क पर पड़ी बजरी पर बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में रिंकू गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर घायल का साला सुनील मौके पर पहुंचा और उसे उपचार के लिए तिलहर सीएचसी लेकर गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### बेटी को दूसरी बार भगा ले जाने की नामजद रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** ग्रामीण ने बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस से उसे बरामद करने की गुहार लगाई है। दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 20 वर्षीय बेटी को बीती 15 जुलाई की रात करीब नौ बजे बंडा थाना क्षेत्र के गांव सिंगापुर निवासी आकाश व क्रीट पुत्र विजपाल बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि उक्त लोग पहले भी उसकी बेटी को ले जा चुके हैं। जिसे बाद में रिश्तेदारों के समझाने पर वापस लौटा दिया था।

### कार की टक्कर से घायल बाइक सवार ने दर्ज कराई नामजद रिपोर्ट

**गम्भीर घायल साधना की रुहेलखंड हॉस्पिटल में हालत नाजुक**

**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाईवे किनारे फुटपाथ पर रुकी बाइक में तेज रफ्तार कार की टक्कर से भाई वहन घायल हो गए। बहन को अस्पताल में भर्ती कराकर कोतवाली पहुंचे भाई ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव पिपरोली निवासी सुनील कुमार पुत्र स्व लालाराम ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 20 जुलाई की शाम करीब सवा पांच बजे वह अपनी बहन साधना को बस पर बैठाने के लिए वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज बन्थरा गया था। उसने जैसे ही मोटर साइकिल रोड की फुटपाथ पर रोकी इसी दौरान तेज रफ्तार वैन्यू कार संख्या यूपी 27 बीवाई 7215 के चालक सत्यम शर्मा पुत्र हरिओम शर्मा निवासी ग्राम मौजमपुर बरेली मोड ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी बहन साधना के बायें पैर की दोनो हडिडियाँ टूट गयी। वह भी चोटिल हो गया। मोटर साइकिल भी क्षति ग्रस्त हो गयी। आरोप है कि वैन्यू कार मे चार लोग सवार थे। जिसमे आर्यन नाम का लडका उतरा उसने तथा अन्य दो अज्ञात लोगो ने गालियां देते हुए कहा सालो पर फिर से गाडी चढा दो कहते हुए बहन को जान से मारने की धमकी देकर चले गए। गम्भीर घायल साधना को रुहेलखण्ड हास्पिटल मे भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कार सवारों की तलाश की जा रही है।

### ट्रैफिक पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, दस वाहनों का चालान



**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। नगर के मुख्य चैराहे पर चलाए गए इस अभियान में करीब 10 वाहनों के चलाना काटे गए। ट्रैफिक इंस्पेक्टर अभिषेक सक्सेना के नेतृत्व में विशेष वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दोपहिया वाहन, चारपहिया वाहन और ऑटो समेत करीब 10 वाहनों के कागजात और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई. नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से विशेष जांच अभियान चलाया गया. जिन वाहनों के दस्तावेज अधूरे या नियमों का उल्लंघन करते पाए गए हैं उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई है। वहीं वहीं दूसरी ओर स्थानीय पुलिस भी मुख्य चैराहे पर चेकिंग कर रही थी। स्थानीय पुलिस दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट से लेकर कागजों तक की जानकारी ले रहे थे मगर हाइवे पर चेकिंग के दौरान किसी भी पुलिस कर्मी के कैप सर के बस कमर पर लटके नजर आए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश की स्थानीय पुलिस खुलेआम धज्जियां उड़ा रही है। स्थानीय पुलिस चेकिंग के दौरान अपनी मन मर्जी के मुताबिक दो पहिया वाहनों का चालान कर रहा है तो चेकिंग के दौरान कई दो पहिया वाहनों को रोका गया मगर चालान उन्हीं वाहनों के किए गए जिनके पास गांधी जी नहीं थे। मुख्य चैराहे पर ट्रैफिक पुलिस पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी ड्यूटी निभा रहे हैं।

### नवनियुक्त औषधि निरीक्षक से मिले फार्मेसिस्ट, लाइसेंस संबंधी कार्य शीघ्र कराने की मांग




**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय फार्मेसिस्ट एसोसिएशन, शाहजहांपुर शाखा के पदाधिकारियों ने जिले के नवनियुक्त औषधि निरीक्षक शिवेंद्र प्रताप सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर एसोसिएशन की ओर से उन्हें हनुमान जी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी गईं। भेंट के दौरान पदाधिकारियों ने जिले के फार्मेसिस्टों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने विशेष रूप से दवा लाइसेंस जारी होने एवं लाइसेंस नवीनीकरण (रिन्यूवल) की प्रक्रियाओं में हो रही देरी का मुद्दा उठाते हुए इन कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की मांग की। एसोसिएशन का कहना था कि लंबित मामलों के कारण फार्मेसिस्टों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। औषधि निरीक्षक शिवेंद्र प्रताप सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि लंबित मामलों का जल्द निस्तारण कराया जाएगा और लाइसेंस व नवीनीकरण संबंधी कार्यों में तेजी लाई जाएगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष देश कुमार चरन, मंडल उपाध्यक्ष बृजेश कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष अजलान खान, जिला सचिव शुऐब हसन, कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट विवेक प्रजापति, देवेंद्र, सुमित सक्सेना एवं प्रदीप वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने भगवान परशुराम मंदिर में की पूजा अर्चना

**बटुकों का पूजन कर मीडियाकर्मियों से किया संवाद**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जलालाबाद पहुंचकर आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने भगवान परशुराम मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की तथा मंदिर में वैदिक पूजन और बटुकों का सम्मान,मंदिर के महंत सत्यदेव पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उपमुख्यमंत्री का पूजन कराया। पूजा के बाद नैमिषारण्य से आए संस्कृत विद्यालय के बटुकों को उन्होंने तिलक लगाया, अंगवस्त्र भेंट किए और दक्षिणा देकर सम्मानित किया। बृजेश पाठक ने मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कार्य को तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण पूरा करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा, महापौर अर्चना वर्मा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, कौशल किशोर मिश्रा, विनीत कुमार मिश्रा, नामित पार्षद अल्पना श्रीवास्तव सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। तत्पश्चात रामताल मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि भगवान परशुराम की जन्मस्थली अब परशुरामपुरी के नाम से जानी जाएगी। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों को उनके गौरवशाली इतिहास और महापुरुषों के नाम से पहचान मिलना चाहिए। उन्होंने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं, विद्युत आपूर्ति, सड़क, पेयजल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं में अभूतपूर्व सुधार हुआ है और उत्तर प्रदेश विकास के क्षेत्र में देश में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे जैसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं से जलालाबाद क्षेत्र की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ हुई है तथा प्रदेश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश और अधिक प्रगति करेगा। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने भगवान परशुराम जन्मस्थली पर उपस्थित श्रद्धालुओं का अभिनंदन करते हुए श्जलालाबादश् का नाम बदलकर श्परशुरामपुरीश् किए जाने पर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम को उनके गौरव के अनुरूप सम्मान मिलना चाहिए और सरकार का प्रयास है कि परशुरामपुरी को एक भव्य एवं आकर्षक धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए नगर पालिका, तहसील एवं विकासखंड का नाम भी परशुरामपुरी किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की और इसे ऐतिहासिक दिन बताया।जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग थी कि जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी किया जाए, जो अब पूर्ण हुई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में तहसील एवं विधानसभा क्षेत्र का नाम भी परशुरामपुरी किए जाने की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपने संकल्पों को लगातार धरातल पर उतार रही है। इस दौरान धर्मेंद्र सिंह, एसपी सौरभ दीक्षित, सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र सहित संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सेंट मैरी स्कूल में मनाया गया आम दिवस समारोह




**तिलहर - शाहजहांपुर।** नगर के सेंट मैरी स्कूल में रेव फादर लीजू एंटनी व रेव सिस्टर पुनीता के सानिध्य में 'कक्षा एन सी से यूकेजी तक के विद्यार्थियों द्वारा मैंगो डे (आम दिवस) का आयोजन किया गया। समारोह का उद्देश्य नन्हे बच्चों को फलों के राजा आम के बारे में जानकारी देना और गर्मी के आनंद को साझा करना रहा। विद्यार्थी पीले और हरे रंग के वस्त्रों में आए थे जो आम के रंग को दर्शाते नजर आये। पूरे परिसर का माहौल बहुत ही सुंदर और खुशनुमा रहा था। कार्यक्रम का शुभारंभ रेव. फादर लीजू एंटनी मैनेजर और रेव. सिस्टर पुनीता प्रधानाचार्या के स्वागत के साथ हुआ। नन्हे मुन्ने बच्चों ने आम पर आधारित हिंदी और अंग्रेजी कविताएँ प्रस्तुत कीं। और अभिनय से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस मौके पर बच्चों को आम से बने व्यंजन परोसे गए।

## भाई-फूफा को बंधक बनाकर पीटने के मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज

**विवाहिता ने देवर पर लगाया कपड़े फाड़कर अश्लीलता का आरोप**

**तिलहर - शाहजहांपुर।** विवाहिता ने पति समेत अन्य ससुराली जनों उसके भाई व फूफा को घर पर बंधक बनाकर मारपीट करने समेत तमाम आरोप लगाते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिंधौली निवासी प्रीति पुत्री स्व पुत्तू सिंह उर्फ श्याम बहादुर सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी करीब 4 वर्ष पूर्व तिलहर क्षेत्र के गांव कोहनी निवासी पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र कुनेन्द्र सिंह के साथ हुई थी। बीती 18 जुलाई को ससुर कुनेन्द्र सिंह, सास रेनू देवी, पति पुष्पेन्द्र सिंह, देवर उपेन्द्र सिंह, ननद प्रिया सिंह व दो-तीन अज्ञात व्यक्ति ने उसे मारापीटा व प्रताड़ित किया। जिसकी उस ने अपने भाई को सूचना दी। 19 जुलाई को उसका भाई आशीष सिंह, फूफा श्याम सुन्दर सिंह व नन्हे गुप्ता गांव उसकी ससुराल पहुंचे। औरूकत लोगों को समझने का प्रयास किया। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे, उसके भाई व फूफा को मारना पीटना शुरू कर दिया। देवर उपेन्द्र सिंह ने उसे कमरे के अन्दर घसीट कर ले गया। और उसके कपडे फाड कर अश्लीलता करने लगा और नाजायज तमंचा उसके सीने पर रखकर जान से मारने की धमकी देने लगा। उसने तमन्चे की वट से मारा। यह सब देखकर नन्हे गुप्ता ने किसी तरह घर से बाहर भागकर डायल 112 पुलिस को बुलाया। पुलिस ने उसके भाई व फूफा को बंधक मुक्त कराया। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड है। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर घटना की पड़ताल की जा रही है।

## कांग्रेस जिला सचिव दिनेश अवस्थी को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** कांग्रेस पार्टी के आह्वान पर दिल्ली के जंतर-मंतर में आयोजित आंदोलन में शामिल होने की तैयारी कर रहे कांग्रेस जिला सचिव दिनेश अवस्थी को शाहजहांपुर पुलिस ने उनके लोधीपुर स्थित आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया। बताया जा रहा है कि दिनेश अवस्थी खुदागंज नगर से दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली रवाना होने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें घर से बाहर निकलने से रोक दिया। हाउस अरेस्ट किए जाने के बाद दिनेश अवस्थी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन कर रही है। उनका आरोप है कि किसानों, मजदूरों, युवाओं और छात्रों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, बेरोजगारी और विभिन्न परीक्षाओं में पेपर लीक जैसी घटनाओं से युवा परेशान हैं, लेकिन सरकार इन समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठा रही। दिनेश अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है और आने वाले समय में जनता लोकतांत्रिक तरीके से अपना निर्णय देगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी चुनावों में कांग्रेस को जनता का व्यापक समर्थन मिलेगा।

## औषधि निरीक्षक के आने की सूचना पर बंद हुए मेडिकल स्टोर

**झोलाछाप डॉक्टरों पर भी कार्रवाई की उठी मांग**

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




> अवैध झोलाछाप डॉक्टरों पर टीम बनाकर जांच की जाएगी दोषी पाए जाने की स्थिति में नोटिस देकर वैधानिक कार्रवाई करवाई जाएगी।
> –गौरव सक्सेना, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सीएचसी, खुटार

खुटार कस्बे में मंगलवार को औषधि निरीक्षक के आने की सूचना मिलते ही कई मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया। सूचना फैलते ही कई दुकानदारों ने आनन-फानन में मेडिकल स्टोर के शटर गिरा दिए और मौके से चले गए। कुछ समय बाद निरीक्षक के लौटने की जानकारी मिलते ही अधिकांश दुकानें दोबारा खुल गईं। हालांकि कुछ मेडिकल स्टोर पूरे समय खुले रहे, लेकिन कस्बे के कई चर्चित मेडिकल स्टोर बंद पाए जाने से क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सभी मेडिकल स्टोर नियमानुसार संचालित हो रहे हैं और उनके पास आवश्यक लाइसेंस व अभिलेख उपलब्ध हैं, तो औषधि निरीक्षक के आने की सूचना पर दुकानें बंद करने की नौबत क्यों आई। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि किन दुकानों की जांच की गई और जांच में क्या स्थिति सामने आई। इसी बीच खुटार क्षेत्र के मुरादपुर, हिटौटा, गुरघिया, सिहुरा, मैनिया, धनसिंहपुर, चांदपुर, हरनाई और नवदिया नवाजपुर समेत कई गांवों में कथित झोलाछाप चिकित्सकों के बढ़ते कारोबार को लेकर भी ग्रामीणों ने चिंता जताई है। आरोप है कि बिना मान्यता और आवश्यक चिकित्सकीय योग्यता के कई लोग क्लीनिक संचालित कर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। इन क्लीनिकों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और आपातकालीन संसाधनों का अभाव होने से मरीजों की जान जोखिम में पड़ने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि सामान्य बीमारियों के नाम पर मरीजों को दवाइयां और इंजेक्शन लगाए जाते हैं तथा हालत बिगड़ने पर उन्हें बड़े अस्पतालों के लिए रेफर कर दिया जाता है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मेडिकल स्टोरों और निजी क्लीनिकों की संयुक्त रूप से नियमित जांच कराने, बिना वैध लाइसेंस और नियमों के विपरीत चिकित्सा कार्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान, 17 वाहनों के किए चालान



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मंगलवार को खुदागंज पुलिस ने थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में कस्बे के मुख्य चैराहों और प्रमुख मार्गों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की। बिना हेलमेट वाहन चलाने, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने, वाहन के आवश्यक दस्तावेज साथ न रखने तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 17 वाहनों के चालान किए गए। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग न केवल कानूनी अनिवार्यता है, बल्कि यह सड़क दुर्घटनाओं में जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण साधन भी है।

## डिप्टी सीएम को दिखाए गए काले झंडे



**शाहजहांपुर।** एक दिवसीय शाहजहांपुर दौरे पर आए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के आगमन पर जलालाबाद से मिर्जापुर जाते हुए समाजवादी युवजन सभा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा काले झंडे दिखाकर विरोध दर्ज कराया गया। यह विरोध प्रदेश में चौपट स्वास्थ्य, चिकित्सा व्यवस्था एवं जनहित के मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद करने का एक लोकतांत्रिक प्रयास था। काले झंडे दिखाए जाने की खबर के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। साथ में विपिन यादव, योगेश यादव, पवन यादव, सर्वेश यादव, सुजल मिश्र, सचिन यादव, राज गिहार आदि लोग मौजूद रहे।

# छात्रों पर लाठीचार्ज, सड़कों पर उतरे सपाइयों का आक्रोश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष तनवीर खान के नेतृत्व में मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय रामपुर से संबंधित 38 भवनों के ध्वस्तीकरण के आदेश को निरस्त किए जाने विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों की रक्षा किए जाने तथा देश में पेपर लीक के विरोध में दिल्ली में जंतर मंतर पर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्र-छात्राओं पर हुए कथित लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच एवं लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा किए जाने के संबंध में सैकड़ो की संख्या में समाजवादी पार्टी के नेताओं व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं और नौजवान छात्र महानगर शाहजहांपुर के खिरनीबाग जीआईसी मैदान के पास एकत्रित हुए। जहां से जुलूस के रूप में भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए जिला मुख्यालय पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन करने के बाद राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन डीएम के माध्यम से सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत पांडे को सौपा। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय, रामपुर से संबंधित 38 भवनों के ध्वस्तीकरण के आदेश पर गंभीर चिंता व्यक्त करती है। यह विषय हजारों छात्र-छात्राओं के भविष्य, शिक्षा और उनके संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा हुआ है। किसी भी कार्रवाई में विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही भाजपा सरकार में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों से युवाओं का भविष्य संकट में है।

उन्होंने कहा जंतर-मंतर पर अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर हुए कथित लाठीचार्ज के आरोप अत्यंत गंभीर हैं। यदि ऐसा हुआ है, तो इसकी निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराई जानी चाहिए और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई होनी चाहिए। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और उसका सम्मान किया जाना चाहिए उन्होंने कहा रामपुर की मोहम्मद अली यूनिवर्सिटी को बचाने के लिए व छात्र-छात्राओं और नौजवानों को न्याय दिलाने के लिए पूरी समाजवादी पार्टी व अखिलेश यादव जी साथ खड़े है। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि छात्र-छात्राओं की आवाज को लाठी के बल पर नहीं दबाया जा सकता। समाजवादी पार्टी शिक्षा, न्याय और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए हर छात्र-छात्राओं के साथ मजबूती से खड़ी है। इस मौके पर पूर्व एमएलसी अमित यादव उर्फ रिंकू ने कहा कि मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी सभी वर्ग सभी समाज के छात्र-छात्राओं का ज्ञान और शिक्षा का मंदिर है जिसे भाजपा सरकार ढ़हाना शिक्षा की हत्या है। इस मौके पर पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी छात्र-छात्राओं का उत्पीड़न अब बर्दाश्त नहीं करेगी भाजपा सरकार शिक्षा पर खुली डकैती डाल रही है. इस मौके पर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवर उल्ला खान,सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लह सिद्दीकी,सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह,सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा विशेष आमंत्रित सदस्य नीरज मिश्रा, सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, जलालाबाद विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल सिंह यादव,ददरौल विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह यादव,तिलहर विधानसभा अध्यक्ष संदीप यादव,सपा नेता लखन प्रताप सिंह, सपा नेता जितेंद्र प्रसाद गौतम, सपा नेत्री सूची कश्यप, सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विकास चंद्र एडवोकेट, सपा नेता अरविंद पाल, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव सवर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष जिवेन्द्र कुमार बाजपेई, सपा जिला उपाध्यक्ष ओंकार सिंह, सपा जिला उपाध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल, सपा जिला उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद मिश्रा, सपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र यादव, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल,महिला सभा के जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव परवेज अंसारी, सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, सपा लोहिया वाहिनी का जिला अध्यक्ष उत्पल यादव, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ विनोद वर्मा,युवा सपा नेता आकाश वर्मा, डॉ सुहेल खान मुन्ना, डॉ शोएब खान बड़े मुन्ना, सपा जिला सचिव नसीम खान, सपा नेत्री शारदा राज पासी, महिला महानगर अध्यक्ष जाफरीन, सौमित्र यादव, प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी, नईम उर्फ गामा,आसिफ कुरेशी, लल्ला सिंह यादव, विपिन यादव, मानवेंद्र सिंह उर्फ मोनू, संतोष कुमार पाल, करुणा शंकर दीक्षित, गुफरान खान, टिंकू सिंह, शमसुद्दीन सिद्दीकी, शहजेब अली, विपिन यदुवंशी, सरताज खान, शाहाब खान, स्तुति गुप्ता, अरशद खान, मो. फैसल, सैयद शकील मियां, बबल किशोर वाल्मीकि, राजकुमार रावत पासी, आलोक कुमार वर्मा, अनूप कुमार वर्मा, मोहम्मद मुजीब, सीमा, नीलम, पार्वती सैनी, सविता कठेरिया, राजकुमार शर्मा, आसिफ खान, असलम खान, डॉ सुरेंद्र गुप्ता, सोनू यादव, तौसीफ हुसैन, सर्वेश यादव, रोहित यादव, अब्दुल समद, महिपाल सिंह यादव, इमरान खान, नासिर खान, इकबाल मंसूरी, विनय मिश्रा, अतुल अवस्थी, राजू अवस्थी, उवैस खान उर्फ मॉडल,प्रमोद त्रिपाठी, श्लोक मौर्य, सपा जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

## सुनासीर नाथ इंटर कॉलेज के संस्थापक एवं पूर्व प्रधानाचार्य का निधन



**बंडा, शाहजहांपुर।** सुनासीर नाथ इंटर कॉलेज के संस्थापक एवं पूर्व प्रधानाचार्य परमेश्वर दीन वर्मा 83 वर्ष का बीमारी के चलते निधन हो गया उनके निधन पर क्षेत्रवासियों ने आवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया। 9 जुलाई 1973 में सुनासीर नाथ विद्यालय की स्थापना कर विद्यालय को वितपोषित कराकर इंटर तक की मान्यता दिलवाकर प्रथम इंटर कॉलेज की सौगात दी। वर्ष 2006 में प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत होने के पश्चात सामाजिक कार्यों में गूंज मानव संस्था को स्थापित कर गरीब व असहाय व्यक्तियों की सहायता में योगदान करना शुरू कर दिया सामाजिक कार्यों का अपना सफर यहीं पर रोक कर वर्ष 2015 में ग्राम पंचायत पटना से चुनाव लड़कर प्रधान निर्वाचित हुए और सरकार की नीतियों को ग्राम पंचायत के स्तर पर धरातल पर 2020 तक अनवरत लाते रहे। वर्तमान में सरस्वती शिशु मंदिर बंडा में संरक्षक के महत्वपूर्ण पद पर रहकर योगदान कर रहे थे। उनके निधन पर शैक्षिक एवं सामाजिक कार्यों को अपूर्णीय क्षति हुई है।

## खबरें एक नजर में

### ताहरपुर में घर में घुसा मगरमच्छ, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत ताहरपुर में मंगलवार को एक मगरमच्छ के रिहायशी इलाके में पहुंच जाने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मगरमच्छ कृष्ण पाल के घर में घुस गया, जिससे परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, कृष्ण पाल के घर के समीप स्थित तालाब से मगरमच्छ निकलकर आबादी क्षेत्र में पहुंच गया था। घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित रेस्क्यू कर अपने कब्जे में ले लिया। वन विभाग के उपनिरीक्षक श्याम सिंह ने बताया कि पकड़े गए मगरमच्छ को सुरक्षित रूप से गर्रा नदी में छोड़ दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मगरमच्छ तालाब से निकलकर घर में पहुंच गया था। घटना के बाद ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि संबंधित तालाब में एक और मगरमच्छ हो सकता है। इसे लेकर गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग एवं प्रशासन से तालाब की गहन जांच कराने तथा आवश्यक एहतियाती कदम उठाने की मांग की है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे तालाब के आसपास अनावश्यक रूप से न जाएं तथा बच्चों को अकेले वहां जाने से रोकें, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

### पेपर लीक पर भड़के छात्र, सड़कों से उठी सख्त कार्रवाई की मांग, डीएम को सौंपा



**शाहजहांपुर।** प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों को लेकर छात्रों का गुस्सा खुलकर सामने आ गया। छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और समाजसेवियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए परीक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बार-बार पेपर लीक होने से लाखों अभ्यर्थियों की वर्षों की मेहनत, समय और पैसा बर्बाद हो रहा है। इससे भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि हर पेपर लीक मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कर दोषी अधिकारियों और संगठित गिरोह के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। छात्रों ने यह भी कहा कि यदि किसी परीक्षा का पेपर लीक होता है तो अभ्यर्थियों से बिना अतिरिक्त शुल्क लिए दोबारा परीक्षा कराई जाए। छात्रों ने सरकार से नियमित भर्ती और परीक्षा कैलेंडर जारी करने तथा उसका सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने की मांग उठाई। उनका कहना था कि इससे युवाओं में भरोसा लौटेगा और अनिश्चितता खत्म होगी। प्रदर्शनकारियों ने पेपर लीक से हुए मानसिक, आर्थिक और शारीरिक नुकसान की भरपाई के लिए परीक्षा शुल्क की दस गुना राशि मुआवजे के रूप में देने की मांग की। साथ ही शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की भी मांग उठाई गई। ज्ञापन सौंपने वालों में कुमार सागर, पुलकित मिश्रा, सूरज यादव, आशीष, हिमांशु, अमित कुमार, विवेक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभिभावक शामिल रहे।

### शिक्षक संकुल बैठक में नई शिक्षण रणनीतियों और निपुण भारत मिशन पर हुआ मंथन




**सिंधौली, शाहजहांपुर।** पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय रवशा सहित मूर्छा और अनावा में आयोजित शिक्षक संकुल बैठकों में परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, निपुण भारत मिशन तथा विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। स्कूल कार्यदिवस के उपरान्त आयोजित हुई बैठक को एआरपी अतुल शुक्ल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी शिक्षक टीचिंग प्रैक्टिसेज को कक्षा शिक्षण में अपनाने, अधिगम हानि के लिए कैच-अप रणनीतियों पर कार्य करते हुए शैक्षिक स्तर में गुणांक प्रगति की दिशा में निरंतर प्रयास करें। साथ ही निपुण प्लस ऐप पर प्रत्येक बच्चे का आकलन करने और कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों का नियमित अभ्यास कराने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा ईको क्लब की गतिविधियों सहित एक पेड़ मां के नाम 3.0 अभियान के तहत पौधरोपण के फोटो अपलोड करने और शेष विद्यार्थियों की अपार आईडी बनवाने तथा प्रत्येक कंपोजिट एवं प्राथमिक विद्यालय से पांच-पांच विद्यार्थियों के नवोदय विद्यालय प्रवेश आवेदन भरवाने के उच्चस्तरीय निर्देशों की जानकारी दी। नोडल शिक्षक दीपेंद्र सिंह ने शिक्षण कार्य में शिक्षक डायरी के प्रभावी उपयोग, निपुण तालिका में विद्यार्थियों की प्रगति नियमित रूप से अद्यतन करने के सुझाव दिए। 16 से 22 जुलाई तक मनाए जा रहे भूजल सप्ताह के अंतर्गत जल संरक्षण पर भी चर्चा की गयी। अनावा में एआरपी डॉ.रूपेंद्रजीत सिंह सहित मूर्छा विद्यालय में एआरपी उपेन्द्र तिवारी की उपस्थिति में बैठकों के आयोजन कर जानकारी दी गयी। बैठक में देवेश सिंह, श्रुति बत्रा, रामरती, लालमणि,पवन मिश्र इदरीश, राहुल,उमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### उड़ान एक उमीद संस्था ने चलाया सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान

छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन के लिए किया प्रेरित



**शाहजहांपुर।** उड़ान एक उम्मीद संस्था द्वारा सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान के चैथे चरण के अंतर्गत हरकुमार कन्या पाठशाला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन के महत्व की जानकारी देते हुए टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। इस दौरान यह जानकर प्रसन्नता व्यक्त की गई कि बड़ी संख्या में छात्राएं वैक्सीन लगवाने के लिए तैयार हैं, जिससे अभियान का सकारात्मक प्रभाव दिखाई देने लगा है। संस्था की उपाध्यक्ष डॉ. संगीता मोहन ने छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के साथ-साथ महिलाओं में होने वाली अन्य स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच और जागरूक रहने का संदेश दिया ।संस्था की ओर से बताया गया कि अब तक पांच विद्यालयों में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। जो छात्राएं एचपीवी वैक्सीन लगवाना चाहती हैं,उनसे सहमति प्रपत्र भरवाकर उनके अभिभावकों एवं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका के हस्ताक्षर लिए जाएंगे। इसके बाद संस्था अपने वाहन से छात्राओं को निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर टीकाकरण कराएगी और सुरक्षित वापस विद्यालय तक पहुंचाएगी ।कार्यक्रम में संस्था की सचिव रेखा मोदी, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ब्यूटी गुप्ता सहित समस्त शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

# डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक से ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मिली नई दिशा

▸ कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया ओब्डू डिजिटल हेल्थ केयर के क्लीनिक का शुभारंभ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश सरकार के साथ हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अंतर्गत ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने के उद्देश्य से कार्यरत ओब्डू डिजिटल हेल्थ केयर प्रा. लि. ने अपने विस्तार अभियान में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जनपद के जलालाबाद स्थित विजय विक्रम कन्या इंटर कॉलेज के सामने कंपनी के नए डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में ओब्डू डिजिटल हेल्थ केयर के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार, क्लीनिक संचालक डॉ. विनय कुमार सिंह, जनप्रतिनिधि, चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने क्लीनिक का अवलोकन किया और ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को समय की आवश्यकता बताया। यह डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक केवल एक पारंपरिक क्लीनिक नहीं, बल्कि एक समग्र डिजिटल हेल्थ सेंटर के रूप में विकसित किया गया है। यहाँ एमबीबीएस एवं विशेषज्ञ (एमडी) चिकित्सकों द्वारा डिजिटल परामर्श, आधुनिक फार्मेसी, पैथोलॉजी लैब, आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण तथा अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं। क्लीनिक की एक विशेषता यह भी है कि केवल पंजीकृत मरीज ही नहीं, बल्कि क्षेत्र का कोई भी नागरिक यहाँ से उचित मूल्य पर दवाइयाँ खरीद सकता है तथा किफायती दरों पर रक्त एवं अन्य पैथोलॉजी जाँचों का लाभ प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर कंपनी ने अपने डिजिटल हेल्थ असिस्टेंट कार्यक्रम की जानकारी भी साझा की। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना है, ताकि मरीजों के पंजीकरण, टेली-कंसल्टेशन समन्वय, डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड तथा स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

## विधायक ने मृतकों के परिजनों को वितरित किए आर्थिक सहायता के चेक



**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्रीय विधायक व एसडीएम ने मुख्यमंत्री किसान एवं सर्वहित बीमा योजना के अंतर्गत मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता के लिए चेक वितरित किए। कार्यक्रम में कुल 15 लाभार्थी परिवारों को सहायता राशि के चेक प्रदान किए गए। बुधवार को विधायक चेतराम व एसडीएम सदानंद सरोज ने तहसील सभागार में सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु, दैवीय आपदा व अन्य दुर्घटनाओं के परिजनों के चेक वितरित किए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार जरूरतमंद परिवारों की हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसी परिजन की मृत्यु से हुई क्षति की भरपाई तो नहीं की जा सकती, लेकिन सरकार की ओर से दी जा रही आर्थिक सहायता कठिन समय में परिवारों का संबल बनने का प्रयास है। विधायक ने लाभार्थियों से सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए।इस मौके पर मुनेश मिश्रा, पुनीत शर्मा उर्फ सीटू, आदित्य चैहान समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तहसील सदर में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अव्यवस्थाओं को लेकर वकीलों का प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बार एसोसिएशन तहसील सदर के अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर रोष व्यक्त करते हुए बुधवार को राज्यपाल को संबोधित एक सात सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम किशोर मिश्र एवं महासचिव महेश वर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में तहसील सदर के अधिवक्ता एकत्र हुए और तहसील प्रशासन की कार्यशैली पर गहरा असंतोष जताया। तहसील सदर में कार्यरत नायब तहसीलदार अपने कार्यालय में 1 घंटे भी नियमित रूप से नहीं बैठते हैं, जिससे वादकारियों एवं अधिवक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दाखिल-खारिज की पत्रावलियाँ समाप्त होने के बाद भी उनका मिसलबंद समय पर दर्ज नहीं किया जाता है। साक्ष्य के अभाव में बिना न्यायसंगत प्रक्रिया के पत्रावलियों को खारिज कर दिया जाता है। नायब तहसीलदार कोर्ट के कर्मचारियों का व्यवहार अधिवक्ताओं व वादकारियों के साथ सम्मानजनक नहीं रहता। नायब तहसीलदार द्वारा 12 वर्ष पुराने दाखिल-खारिज त्रुटि कोरम संबंधी स्पष्ट आदेशों की पत्रावलियों को दर्ज नहीं किया जा रहा है। भीषण गर्मी के बावजूद तहसील सदर परिसर में अधिवक्ताओं एवं दूर-दराज से आने वाले वादकारियों के लिए पीने हेतु स्वच्छ ठंडे जल की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। नायब तहसीलदार सतीन्द्र कटियार एवं पूनम शुक्ला के मामलों की पत्रावलियों व मिसलबंद की भौतिक जाँच कराकर न्यायहित में त्वरित कार्यवाही की जाए। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम किशोर मिश्र, महासचिव महेश वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता, संयुक्त सचिव/मीडिया प्रभारी विपुल कुमार बाजपेयी, संयुक्त सचिव शरद शुक्ला व सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष आदर्श कुमार सक्सेना सहित कार्यकारिणी सदस्य कमल सिंह, देवेंद्र सक्सेना, गयासुद्दीन, इफ्तिखार खान, महेंद्र कुमार बाजपेयी, आनंद मिश्रा, अरविंद शुक्ला, रवि सक्सेना, अंकित मिश्र, हर्षित मिश्र, मिथलेश कुमार सिंह तथा सत्येंद्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र पाल सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



# बांके बिहारी के दर्शन को रवाना हुआ पदयात्रियों का जत्था

▸ खण्डहर परशुरामपुरी से वृंदावन-बरसाना के लिए पैदल यात्रा शुरू

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम पंचायत खण्डहर परशुरामपुरी से भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी के प्रति अटूट आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला, जहाँ से श्रद्धालुओं का एक जत्था बांके बिहारी (वृंदावन), मथुरा और बरसाना की पैदल यात्रा के लिए रवाना हुआ। श्जय श्री कृष्णाश् और श्राधे-राधेश् के जयकारों के साथ जब पदयात्री रवाना हुए, तो पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से सराबोर हो उठा। घ्यात्रा के शुभारंभ पर मनुस्मृति सोशल केयर फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पदयात्रियों का जोरदार स्वागत किया गया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज कश्यप, हर्ष चैहान (खण्डहर), नवीन सिंह (डहर) और मोहित ने श्रद्धालुओं को माला पहनाकर व तिलक लगाकर यात्रा की मंगलकामना की। ऐसी पैदल धार्मिक यात्राएं समाज में आपसी भाईचारे, शांति और सनातन संस्कृति को मजबूती देती हैं। ईश्वर इन सभी पदयात्रियों की मनोकामना पूर्ण करें और यात्रा सकुशल संपन्न हो। घआस्था से सराबोर इस पैदल यात्रा में क्षेत्र के प्रमुख श्रद्धालु रमेश चंद्र राठौर, पूरन कश्यप, पुष्पेंद्र कश्यप, रंजीत कश्यप, संजीत कश्यप, पप्पू कश्यप, राजीव राठौर, चंदन कश्यप, विशाल राठौर तथा प्रमोद कश्यप शामिल हैं। घ्सभी पदयात्री विभिन्न पड़ावों से होते हुए वृंदावन में ठाकुर बांके बिहारी जी के दर्शन करेंगे और बरसाना में श्री लाडली जी के चरणों में माथा टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की प्रार्थना करेंगे। विदाई के समय ग्रामीणों ने नम आंखों से यात्रियों को विदा किया और पूरा माहौल भक्तिरस में डूबा नजर आया।

## शूटिंग लीग एस एसपीएल में शाहजहांपुर की बेटी ओशीन अनेजा का चयन

संविधान क्लब नई दिल्ली में हुए लाइव ऑक्शन में बेंगलुरु बुल्स आई ने चुना




**शाहजहांपुर।** जनपद की प्रतिभाशाली 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज ओशीन अनेजा ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए एसएसपीएल में अपना स्थान बनाया है। भारत की पहली और विश्व की सबसे बड़ी शूटिंग लीग है, जिसका आयोजन आईपीएल की तर्ज पर फेंचाइजी मॉडल पर किया जा रहा है ।देश भर में आयोजित ट्रायल्स के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चुनिंदा निशानेबाजों का चयन किया गया। इसके बाद इन्हीं चयनित खिलाड़ियों में से सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों को फेंचाइजी ऑक्शन के लिए चुना गया। नई दिल्ली स्थित संविधान क्लब में आयोजित इस फेंचाइजी ऑक्शन का सीधा प्रसारण नई दिल्ली से पूरे भारत में किया गया, जिसे देशभर के खेल प्रेमियों और शूटिंग जगत ने देखा। लाइव ऑक्शन में शाहजहांपुर की ओशीन अनेजा का चयन बेंगलुरु बुल्स आई ने अपनी टीम के लिए किया। देश भर के चुनिंदा निशानेबाजों के बीच किसी फेंचाइजी टीम द्वारा चुना जाना ओशीन की प्रतिभा, अनुशासन और निरंतर मेहनत का प्रमाण है। यह उपलब्धि न केवल शाहजहांपुर बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए भी गर्व का विषय है। ओशीन अनेजा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, मार्गदर्शकों और शुभचिंतकों को दिया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य एसएसपीएल में शानदार प्रदर्शन करते हुए शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश और भारत का नाम विश्व स्तर पर गौरवान्वित करना है। ओशीन की इस उपलब्धि से शाहजहांपुर के खेल जगत में खुशी की लहर है। खेल प्रेमियों और शहरवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह सफलता जिले के युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# शिशु भारती एवं छात्र संसद प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में शिशु भारती एवं छात्र संसद प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर सिंचई, सरस्वती शिशु मंदिर जलालाबाद, पुवायां, चीनी मिल सहित नगर के सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सक्सेना, व्यवस्थापक संजय गुप्ता एवं संकुल प्रमुख दयाशंकर शर्मा ने किया। प्रशिक्षण वर्ग में शिशु भारती पदाधिकारियों का परिचय कराया गया। विद्यार्थियों को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री, सहमंत्री, सेनापति, उपसेनापति सहित बाल वर्ग के प्रधानमंत्री, चिकित्सा प्रमुख और खोया-पाया प्रमुख आदि दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। और उनके कार्यों एवं जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर कार्यालय प्रमुख रमेश, देवेंद्र, अभिषेकइ, रतिराम, राजीव, महेंद्र, शिवकुमार, बाबूराम, कुलदीप सहित आचार्य एवं आचार्या बहनें शामिल रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सक्सेना ने विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन कर विद्यालय और राष्ट्र का नाम गौरवान्वित करें।

## तीन दिन से बंद घर में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

पत्नी बच्चों संग दिल्ली में रहती है



**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना पुवायां क्षेत्र के गांव जसवंतपुर में एक युवक का शव में घर के बरामदे में फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है। गांव जसवंतपुर निवासी अजय पाल (42) पुत्र झमन लाल गांव में रहकर राजमिस्त्री का काम करता था। उसकी पत्नी अपने तीन बच्चों अनुज (19), मानसी (15) और कृष्ण (10) के साथ दिल्ली में रहकर मेहनत-मजदूरी करती है। अजय पाल गांव में अकेला रहता था। मृतक के भाई सुरेश ने बताया कि अजय पिछले तीन दिनों से घर से बाहर नहीं निकला था। उसका घर भी लगातार बंद था। रोज काम पर जाने वाले अजय की कोई आहट न मिलने पर उन्होंने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद छत पर चढ़कर झांकने पर देखा कि अजय का शव बरामदे में कुंडे के सहारे फंदे से लटका हुआ था। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आर के रावत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। पुलिस ने दरवाजा तुड़वाकर शव को फंदे से नीचे उतरवाया, जबकि फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# बूथ अध्यक्ष भाजपा की ताकत, हर कार्यकर्ता परिवार का सदस्यः विधायक अरविंद

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




ददरौल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कांट स्थित मिलन मैरिज लॉन में भाजपा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह ने की। कार्यक्रम में विधायक अरविंद कुमार सिंह ने बूथ अध्यक्षों को पार्टी की रीढ़ बताते हुए संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि ष्प्रत्येक बूथ अध्यक्ष मेरे परिवार का सदस्य है। बूथ अध्यक्ष के क्षेत्र में सड़क, नाली, खड़ंजा या अन्य विकास कार्य की जिम्मेदारी मेरी है। भाजपा सरकार बिना भेदभाव के गांव-गांव विकास पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में क्षेत्र के जालीपा देवी मंदिर, सेहरामऊ शिव मंदिर, मरेना शिव मंदिर, गुलोला खेड़ा मंदिर और मां शीतला देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए करोड़ों रुपये स्वीकृत किए गए हैं। विधायक ने कहा कि पहले विकास केवल कागजों तक सीमित रहता था और योजनाओं का धन बंदरबांट हो जाता था, लेकिन 2017 के बाद प्रदेश में पारदर्शी तरीके से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। अरविंद सिंह ने कहा कि अब नहरों की नियमित सफाई हो रही है, गांवों को सड़कों से जोड़ा गया है, प्रदेश का बड़ा स्टेट हाईवे बनाया जा रहा है, किसानों की सुविधा के लिए गौशालाओं का निर्माण कराया गया है तथा शिक्षा के क्षेत्र में नवोदय विद्यालय सहित कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे जैसे बड़े प्रोजेक्ट प्रदेश के विकास को नई गति दे रहे हैं। सम्मेलन में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख महेश पाल सिंह, श्रीदत्त शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा, आनंद प्रताप सिंह, सत्यपाल सिंह, बृजमोहन सिंह राठौर, वैभव खन्ना, दिलीप वर्मा, रोहित, जयवीर सिंह, श्याम बाबू दीक्षित, आलोक सिंह बॉबी, दिलीप कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।


### सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2019 जिसका अनुक्रमांक 0867038 के अंकपत्र व सह प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। **मोहम्मद अजीम पुत्र हनीफ नि.ग्रा. कीरतापुर ज. कुइयां पो.-अनावा, पुवायां, शाहजहांपुर**

### बेदखली सूचना

मैंने अपने भाई स्व. रामप्रसाद के पुत्र धर्बेन्द्र कुमार के गलत आचरण के कारण सभी प्रकार के संबंध समाप्त कर लिए हैं, उससे उसका कोई लेना देना नही होगा। सामाजिक और विधिक रूप से रिश्ता समाप्त कर लिए हैं। **गोविन्द पुत्र मूला नि.ग्रा.- बसंतनगर,इन्दलपुर, थाना- बंडा, शाहजहांपुर**

### नाम परिवर्तन सूचना

एडमीशन के दौरान मेरे पिता का नाम सबील खान (SABEEL KHAN) और माता का नाम सैफिया खान (SAIFIYA KHAN) हो गया था, जो कि पुराने रिकॉर्ड पर आधारित है, जिसे सरकार द्वारा जारी किए संशोधित रिकॉर्ड के अनुसार बदला जाना है, पिता का नाम मो. सबील खान (MOHD. SABIL khan) व माता का सही नाम सैफिया (SAIFIYA) करवाना है । **MOHAMMAD HASNAIN KHAN पुत्र MOHD. SABIL KHAN नि. मो. एमनजई जलालनगर, शाहजहांपुर**

### नाम परिवर्तन सूचना

एडमीशन के दौरान मेरे पिता का नाम सबील खान हो गया था (SABEEL KHAN), और माता का नाम सैफिया खान (SAFIYA KHAN) हो गया था, जो कि पुराने रिकॉर्ड पर आधारित है, जिसे सरकार द्वारा जारी किए संशोधित रिकॉर्ड के अनुसार बदला जाना है पिता का नाम मो. सबील खान (MOHD. SABIL khan) व माता का नाम सैफिया (SAIFIYA) करवाना है। **JAZA KHAN पुत्र MOHD. SABIL KHAN नि. मो. एमनजई जलालनगर, शाहजहांपुर**

## कचरे का संकट

यह हमारी व्यवस्था की विडंबना ही है कि सड़कों व सार्वजनिक स्थलों में पसरा कचरा हटाना हमारी प्राथमिकता नहीं बनता। यह कचरा केवल दिखने में ही बुरा नहीं लगता बल्कि कई तरह के रोगों को जन्म देकर सार्वजनिक संकट का कारक भी बन सकता है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि हमारे समाज में सबसे महत्वपूर्ण सफाई का काम करने वाला वर्ग आर्थिक व सम्मान की दृष्टि से सबसे ज्यादा उपेक्षित रहता है। कमोबेश पंजाब की सड़कों पर जमा कचरा यही संकट दर्शा रहा है। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के बीच घातक बीमारियां फैलने के खतरे को लेकर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट की चेतावनी यह बताती है कि शहरी जीवन के लिये मूलभूत नागरिक सेवाएं कितनी महत्वपूर्ण हैं। खासकर मानसून के सीजन में यदि कचरा नहीं उठाया जाता तो स्थिति बेहद गंभीर हो जाती है। बारिश में इस कचरे के बहने से नालियां जाम हो जाती हैं। वहीं पानी के स्रोत भी दूषित हो सकते हैं। साथ ही मच्छर, चूहे व कीट-पतंगे पनपने से बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में हाईकोर्ट की राज्यभर की नागरिक संस्थाओं से रिपोर्ट मांगना और सरकार की जवाबदेही तय करना वक्त की जरूरत भी है। इसमें दो राय नहीं हो सकती कि नगर निकायों के अधिकारियों को जरूरी सेवाओं, विशेषकर लोगों की सेहत से सीधे जुड़ी सेवाओं के लिये आपातकालीन योजनाएं बनानी ही चाहिए। निःसंदेह, इस संकट को महज कानून व व्यवस्था के नजरिये से ही नहीं देखा जा सकता। निर्विवाद रूप से हमारे समाज में सफाई कर्मचारियों की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका होती है, लेकिन इस अहम कार्य को हम अपेक्षित मान्यता नहीं देते। यह विडंबना ही है कि सफाई कर्मचारी लंबे समय से नौकरी की असुरक्षा, स्थायी होने में लगने वाली देरी, मिलने वाला कम वेतन और काम करने की खराब स्थितियों की शिकायत करते रहते हैं। शोचनीय स्थिति यह है कि तंत्र सफाई कर्मचारियों की मांगों को तब तक नजरअंदाज करता है, जब तक वे अपनी मांगों के समर्थन में सड़कों में नहीं उतर जाते। बहरहाल, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि सफाई कर्मचारियों को उनका वाजिब हक मिलना चाहिए। लेकिन हड़ताल व स्वास्थ्य सेवाओं का ठप होना न तो लोगों के हित में है और न ही सफाईकर्मियों के हक में। भारत में हर रोज 1.7 लाख टन से ज्यादा ठोस कचरा विभिन्न नगरपालिकाओं के अंतर्गत पैदा होता है। लेकिन तीव्र गति से बढ़ते शहरीकरण के चलते नागरिक सेवाओं पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में इस चुनौती के मुकाबले के लिये आधुनिक तकनीक के साथ प्रोफेशनल तरीके से ठोस कचरे का निस्तारण होना चाहिए। साथ ही जरूरी है कि पर्याप्त स्टाफ मिले, सफाई के आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराये जाएं। इसके अलावा इस क्षेत्र में निरंतर निवेश बढ़ाया जाए। हमारे नीति-नियंताओं को सोचना चाहिए कि आपातकाल के समय की गई कोई कार्रवाई लंबी अवधि की योजना का विकल्प नहीं बन सकती। ऐसे में सरकार के अधिकारियों को तुरंत सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से बातचीत करनी चाहिए। उनकी जायज मांगों को एक तय समय सीमा में हल करने की दिशा में अविलंब काम करना चाहिए। इसके अलावा आपातकालीन इंतजामों के जरिये साफ-सफाई से जुड़ी सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रहनी चाहिए। निःसंदेह, किसी भी तरह के विवाद के चलते आम लोगों की सेहत को दांव पर नहीं लगाया जा सकता। यह भी विडंबना ही है कि जब तक सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा जमा होना शुरू नहीं होता, तब तक अक्सर शहरों की सफाई को हल्के में ले लिया जाता है। निश्चित रूप से हाल ही में पंजाब में पैदा हुए गतिरोध से हमें सबक लेना चाहिए। बल्कि इस चुनौती के बीच साफ-सफाई को एक जरूरी जन सेवा के तौर पर मान्यता देने का उपक्रम करना चाहिए। हमारा प्रयास हो कि हम शहरों की सफाई के लिये बेहतर नियोजन करें। इस क्षेत्र में निवेश को बढ़ाएं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सफाई के काम से जुड़े लोगों के कार्य का महत्व समझते हुए उन्हें पर्याप्त सम्मान दिया जाए। नागरिक भी अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से बदली तकदीर

माननीय प्रधानमंत्री जी के सबको पक्का मकान के ऐतिहासिक संकल्प को धरातल पर उतारते हुए उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सुदृढ़ क्रियान्वयन में देश भर में एक नया मानदंड स्थापित किया है। प्रदेश सरकार की प्रभावी कार्यप्रणाली, जीरो-टॉलरेंस नीति और भ्रष्टाचार-मुक्त पारदर्शी व्यवस्था के फलस्वरूप राज्य के लाखों बेघर और कच्चे मकानों में रह रहे ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित आशियाना सुलभ हुआ है। यह योजना ग्रामीण भारत के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने और अंत्योदय के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक युगांतकारी पहल साबित हो रही है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का मूल उद्देश्य निर्धन एवं वंचित वर्ग को एक गरिमापूर्ण जीवन, सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। प्रदेश सरकार की जन-कल्याणकारी नीतियों और पारदर्शी प्रशासनिक तंत्र के चलते यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर को ऊंचा उठाने और आमजन के विश्वास को सुदृढ़ करने का प्रमुख माध्यम बन गई है। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, प्रदेश सरकार ने आवासों का स्वामित्व महिलाओं को अथवा परिवार के साथ संयुक्त रूप से प्रदान करने की नीति अपनाई है।

योजना के प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष प्रमाण अमेठी जनपद के विकास खंड अमेठी के अंतर्गत ग्राम पंचायत तिलोकपुर की निवासी दुर्गा देवी को मिला पक्का घर महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त कदम है। सीमित आय और बुनियादी साधनों के अभाव में दुर्गा देवी का परिवार दशकों से एक जर्जर कच्चे मकान में लगातार समस्याओं का सामना कर रहा था।

बरसात के मौसम में घर की छत टपकने और दीवारों में नमी से परिवार की सुरक्षा पर खतरा बना रहता था। परिवार को भारी बारिश के दौरान घर में जलभराव का सामना करना पड़ता था। इसके अतिरिक्त, भीषण गर्मी और कड़ाके की ठंड जैसी प्रतिकूल मौसमी स्थितियों से बचाव का कोई समुचित और सुरक्षित साधन परिवार के पास उपलब्ध नहीं था।

परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे अपने सीमित संसाधनों से एक पक्के आवास का निर्माण कर सकें। अभाव और अनिश्चितता के इस कठिन दौर में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) उनके जीवन में एक सुरक्षा कवच और नई आशा बनकर आई। इस योजना ने उनके जीवन को आर्थिक स्वावलंबन और सामाजिक सम्मान की दिशा में अग्रसर किया है। प्रदेश सरकार की स्पष्ट और पारदर्शी नीति के अनुरूप ग्राम पंचायत स्तर पर पात्र लाभार्थियों के निष्पक्ष




*योजना की इस जमीनी सफलता के पीछे प्रदेश सरकार की स्पष्ट नीति और जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता एवं सतत कार्ययोजना की प्रमुख भूमिका रही है। निरंतर समीक्षा बैठकों, जियो-टैगिंग तकनीक और उच्च गुणवत्ता मानकों की मॉनिटरिंग के माध्यम से प्रदेश सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक समयबद्ध और पारदर्शी रूप से पहुंचे। दुर्गा देवी को मिला यह पक्का घर दरअसल प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत गरीब परिवारों को उनके कच्चे घर से पक्के आशियाने तक पहुँचाने की सरकार की योजना का सफल क्रियान्वयन ही है। सरकार की नीतियां जब जन-संवेदनशीलता, शुचिता और दृढ़ प्रशासनिक इच्छाशक्ति के साथ धरातल पर क्रियान्वित होती हैं, तो वे समाज में वास्तविक सामाजिक-आर्थिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती हैं। आज यह परिवार अपने सुरक्षित भविष्य के प्रति पूर्णतः आशान्वित और आत्मविश्वास से परिपूर्ण है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत गरीबों को मिल रहे पक्के आशियाने मात्र ईंट और सीमेंट की संरचना नहीं हैं, बल्कि यह निर्धन परिवारों के आत्म-सम्मान, सामाजिक सुरक्षा और समृद्धि के प्रतीक हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की इस जन-केंद्रित पहल ने ग्रामीण विकास की नींव को सुदृढ़ किया है और नए उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास और अंत्योदय के प्रण को एक गति प्रदान की है।*

चयन की प्रक्रिया के तहत दुर्गा देवी को योजना में शामिल किया गया। चयन से लेकर स्वीकृति तक की संपूर्ण प्रक्रिया में पारदर्शिता के उच्च मानदंडों का सख्ती से पालन किया गया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि सरकारी सहायता का लाभ बिना किसी बिचौलिये या बाधा के वास्तविक लाभार्थी तक पहुंचे। आवास स्वीकृति के उपरांत, प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार-मुक्त व्यवस्था के तहत डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से वित्तीय सहायता राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में समयबद्ध किश्तों में हस्तांतरित की गई। जिला प्रशासन और विकास खंड प्रशासन की सतत मॉनिटरिंग, नियमित स्थलीय निरीक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन के कारण आवास का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप संपन्न हुआ।

इस योजना की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक उपलब्धि विभिन्न जन- कल्याणकारी योजनाओं के साथ इसका प्रभावी अभिसरण (कन्वर्जेंस) है, जिसने दुर्गा देवी जैसे लाखों लाभार्थियों के जीवन में व्यापक बदलाव किया है। जिला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना को मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और सौभाग्य योजना के साथ एकीकृत कर लाभार्थियों को बहुआयामी सहायता उपलब्ध कराई गई है। योजना के इस अभिसरण मॉडल के तहत दुर्गा देवी को न केवल एक मजबूत पक्का मकान प्राप्त हुआ, बल्कि आवास निर्माण के दौरान मनरेगा के अंतर्गत 90 से 95 मानव दिवसों का रोजगार एवं समय पर मजदूरी का पूर्ण भुगतान भी सुनिश्चित कराया गया। यह व्यवस्था निर्माण अवधि के दौरान लाभार्थी परिवार को महत्वपूर्ण आर्थिक संबल प्रदान करने में सहायक सिद्ध हुई है।

इसके साथ ही, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नए आवास में निःशुल्क शौचालय का निर्माण कराया गया, जिससे परिवार को स्वच्छता, स्वास्थ्य और गरिमापूर्ण जीवन की गारंटी मिली है। सौभाग्य योजना के माध्यम से घर में निःशुल्क और सुरक्षित विद्युत कनेक्शन तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराकर परिवार के जीवन स्तर को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवासों का स्वामित्व अनिवार्य रूप से महिलाओं के नाम अथवा परिवार के साथ संयुक्त रूप से प्रदान किया जा रहा है। दुर्गा देवी को आवंटित आवास इसी महिला सशक्तिकरण नीति का जीवंत उदाहरण है, जिसने समाज में महिलाओं की निर्णय क्षमता और संपत्ति में उनके अधिकार को मजबूत किया है।

अब दुर्गा देवी और उनका परिवार एक सुविधायुक्त, सुरक्षित और पक्के मकान में निडर होकर निवास कर रहा है। मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और प्राकृतिक आपदाओं से कच्चे मकान के क्षतिग्रस्त होने का भय अब पूरी तरह समाप्त हो चुका है। घर में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता से पारिवारिक माहौल में सकारात्मक बदलाव आया है और बच्चों की शिक्षा के लिए एक अनुकूल वातावरण निर्मित हुआ है।

योजना की इस जमीनी सफलता के पीछे प्रदेश सरकार की स्पष्ट नीति और जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता एवं सतत कार्ययोजना की प्रमुख भूमिका रही है। निरंतर समीक्षा बैठकों, जियो-टैगिंग तकनीक और उच्च गुणवत्ता मानकों की मॉनिटरिंग के माध्यम से प्रदेश सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक समयबद्ध और पारदर्शी रूप से पहुंचे। दुर्गा देवी को मिला यह पक्का घर दरअसल प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत गरीब परिवारों को उनके कच्चे घर से पक्के आशियाने तक पहुँचाने की सरकार की योजना का सफल क्रियान्वयन ही है। सरकार की नीतियां जब जन-संवेदनशीलता, शुचिता और दृढ़ प्रशासनिक इच्छाशक्ति के साथ धरातल पर क्रियान्वित होती हैं, तो वे समाज में वास्तविक सामाजिक-आर्थिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती हैं। आज यह परिवार अपने सुरक्षित भविष्य के प्रति पूर्णतः आशान्वित और आत्मविश्वास से परिपूर्ण है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत गरीबों को मिल रहे पक्के आशियाने मात्र ईंट और सीमेंट की संरचना नहीं हैं, बल्कि यह निर्धन परिवारों के आत्म-सम्मान, सामाजिक सुरक्षा और समृद्धि के प्रतीक हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की इस जन-केंद्रित पहल ने ग्रामीण विकास की नींव को सुदृढ़ किया है और नए उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास और अंत्योदय के प्रण को एक गति प्रदान की है।

## विचार

# हर गरीब का पक्का घर, सम्मानजनक जीवन की मजबूत नींव

*बी0एल0यादव,*

एक सुरक्षित और सम्मानजनक आवास केवल चार दीवारों और छत का नाम नहीं है, बल्कि यह सामाजिक सुरक्षा, आत्मसम्मान और बेहतर भविष्य का आधार होता है। जब किसी परिवार को पक्का घर मिलता है तो उसके जीवन में केवल रहने की सुविधा नहीं बढ़ती, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सामाजिक प्रतिष्ठा और आर्थिक आत्मनिर्भरता के नए अवसर भी खुलते हैं। इसी सोच को साकार करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण गरीबों के जीवन में व्यापक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी पात्र परिवार कच्चे, जर्जर अथवा बेघर अवस्था में रहने के लिए विवश न रहे। इसी लक्ष्य के साथ मार्च 2029 तक सभी पात्र परिवारों को बुनियादी सुविधाओं से युक्त पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश ने इस योजना के क्रियान्वयन में पूरे देश के लिए एक आदर्श स्थापित किया है। प्रदेश को स्वीकृत 36.56 लाख आवासों के लक्ष्य के सापेक्ष 36.39 लाख आवासों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, जो लगभग 99.53 प्रतिशत उपलब्धि है। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर आवास पूर्णता का औसत लगभग 76.73 प्रतिशत है। इस प्रकार उत्तर प्रदेश न केवल लक्ष्य प्राप्ति में अग्रणी है, बल्कि प्रभावी और समयबद्ध कार्यान्वयन का भी उदाहरण बनकर उभरा है।

इस योजना की एक और उल्लेखनीय उपलब्धि निर्माण की गति रही है। प्रदेश में लगभग 90 प्रतिशत आवास मात्र 10 माह के भीतर पूर्ण किए गए हैं। प्रशासनिक दक्षता, प्रभावी निगरानी और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से योजनाओं को समयबद्ध ढंग से धरातल पर उतारा गया। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश आज देश में सबसे तेजी से ग्रामीण आवास निर्माण करने वाला राज्य बन गया है।

प्रदेश सरकार की सक्रिय कार्यशैली का परिणाम यह भी रहा कि वर्ष 2023-24 में अन्य राज्यों से 1.44 लाख अतिरिक्त आवास उत्तर प्रदेश को आवंटित किए गए। यह केंद्र और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय तथा प्रदेश की उत्कृष्ट कार्यप्रणाली का प्रमाण है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) केवल मकान निर्माण तक सीमित नहीं है। इसका उद्देश्य प्रत्येक परिवार को सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाओं से जोड़ना भी है। इसी दृष्टिकोण के तहत योजना का विभिन्न सरकारी योजनाओं से समन्वय (कन्वर्जेन्स) किया गया है। इसके परिणामस्वरूप 99.54 प्रतिशत आवासों में शौचालय, 93.52 प्रतिशत में विद्युत कनेक्शन, 94.62 प्रतिशत में एलपीजी गैस कनेक्शन, 80.80 प्रतिशत में नल से जल कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। साथ ही बड़ी संख्या में लाभार्थियों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उनकी आर्थिक सशक्तता भी सुनिश्चित की जा रही है।

प्रदेश सरकार ने आवास निर्माण को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए 45,542 राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षित किया है, जिनमें 7,127 महिला राजमिस्त्री (रानी मिस्त्री) भी शामिल हैं। इससे न केवल



निर्माण गुणवत्ता में सुधार हुआ है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और सम्मानजनक आजीविका का नया अवसर भी मिला है।

योजना में पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। स्वीकृति पत्र वितरण, भूमि पूजन, गृह प्रवेश तथा पूर्ण आवासों की चाबी वितरण जैसे कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों और ग्रामीण समुदाय की उपस्थिति में आयोजित किए जा रहे हैं। इससे योजना के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है और सामाजिक सहभागिता को भी मजबूती मिली है।

प्रदेश के 771 विकास खण्डों में मॉडल आवास विकसित किए जा चुके हैं, जबकि 41 विकास खण्डों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। कई जनपदों में क्लस्टर आधारित आवास निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में नियोजित विकास को बढ़ावा मिला है। साथ ही भूमिहीन पात्र लाभार्थियों को भूमि का पट्टा उपलब्ध कराकर उनके आवास निर्माण का कार्य भी पूरा कराया गया है।

योजना के प्रभावी संचालन के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग भी किया जा रहा है। एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से नियमित निरीक्षण, सोशल ऑडिट, पात्रता सूची का सत्यापन तथा आवास प्लस सर्वे-2024 के जरिए पात्र लाभार्थियों की पहचान जैसी व्यवस्थाओं ने योजना को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाया है। वर्तमान में स्थायी पात्रता सूची के अंतिम सत्यापन हेतु ग्राम सभाओं की बैठकें आयोजित की जा रही हैं, ताकि कोई भी पात्र परिवार इस योजना के लाभ से वंचित न रह जाए।

उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए लगातार राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान भी प्राप्त हुए हैं। राजमिस्त्री प्रशिक्षण, सोशल ऑडिट, निरीक्षण प्रणाली, आवास पूर्णता और भूमिहीन लाभार्थियों को भूमि उपलब्ध कराने जैसे अनेक क्षेत्रों में प्रदेश आज देश में अग्रणी स्थान पर है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) आज केवल आवास निर्माण की योजना नहीं रह गई है, बल्कि यह ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय और समावेशी प्रगति का मजबूत आधार बन चुकी है। यह योजना लाखों परिवारों के जीवन में सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास का नया अध्याय लिख रही है। आने वाले वर्षों में यह अभियान प्रत्येक पात्र परिवार तक पक्का घर पहुंचाकर आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

*सहा0 निदेशक (से0नि0)/ के0एल0 चौधरी, उपनिदेशक (से0नि0)*

साहित्य



## संवाद की डोर, क्रोध की मशाल...!

**संजय एम तराणेकर**

फिर सड़कों पर शोर उठा, फिर मन में सवाल जगे,
लोकतंत्र की चौखट पे क्यों ऐसे बवंडर दिखने लगे?
राजधानी की धड़कन ने फिर से आह भरी चुपचाप,
आँसू, धक्का, भीड़, विवशता सभी ने ओढ़ा नकाब।

जब संवाद की डोर टूटे, क्रोध मशाल बनके आता है,
सत्य कहीं कोनों में सिमटकर, झूठ उछलता गाता है।
कुर्सी हो या फिर आंदोलन, दोनों की है एक कसौटी,
जनहित सबसे ऊपर हो, न हो सिर्फ सत्ता की रोटी।

यहाँ पत्थर से समाधान नहीं, लाठी से विश्वास नहीं,
घाव किसी के हों लेकिन, उनसे कोई विकास नहीं।
दिल्ली केवल शहर नहीं, भारत की बड़ी पहचान है,
इसकी हर एक पीड़ा में छिपी लोकतंत्र की जान है।

आओ ऐसा पथ चुनें जहाँ मतभेद रहें, मनभेद नहीं,
पुनः संवादों की ज्योति जले, हिंसा का फिर भेद नहीं।
जन की आशा कहती है, सब मिलकर ये प्रण कर लें,
लोकतंत्र की गरिमा खातिर प्रेम, विवेक का दीप जलें।





## राशिफल

**मेषः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**वृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः-** अच्छे कार्य से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बनें। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**धनुः-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बनें। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# तिलक ने गणेश उत्सव और शिवाजी महोत्सव के माध्यम से राजनीतिक चेतना जगाई

*डॉ. लोकेश कुमार चन्देल*

लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक महान स्वतंत्रता सेनानी, महान विचारक, बेहतरीन शिक्षक और समाज सुधारक के रूप में अपनी अनूठी पहचा बनाई। वे महात्मा गांधी से पहले कांग्रेस के बड़े नेता और गरम दल के शीर्षस्थ नेताओं में शुमार थे। उनकी जयंती 23 जुलाई को मनाई जाती है। उनका जन्म 23 जुलाई, 1856 को महाराष्ट्र के रत्नागिरी में हुआ था। उन्होंने नारा दिया था– 'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा।' उनका मानना था कि देश की स्वतंत्रता के लिए सबसे पहले राष्ट्रीय भावना, धार्मिक, सांस्कृतिक एकता स्थापित करना आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने चार सिद्धांत स्वराज, स्वदेशी, बहिष्कार और राष्ट्रीय शिक्षा को स्वदेशी विचारधारा के साथ प्रतिपादित किया गया। इस चार सूत्रीय रणनीति ने स्वतंत्रता संग्राम की मजबूत नींव रखी।

**राष्ट्रीय चेतना का विकासः–** तिलक ने भारतीयों में आत्मसम्मान, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत की। उन्होंने जनता को राजनीतिक और सामाजिक रूप से जागरूक बनने के लिए प्रेरित किया। तिलक ने गणेश उत्सव को सार्वजनिक रूप दिया। इसका उद्देश्य विभिन्न जातियों और वर्गों के लोगों को एक मंच पर लाकर सामाजिक एकता और राष्ट्रीय भावना को मजबूत करना था। तिलक यह अच्छी तरह जान चुके थे कि केवल अतीत के गौरवगान से कुछ हासिल नहीं होगा। वे जानते थे कि जब तक युवाओं का मजबूत संगठन उठ खड़ा नहीं होगा, तब तक क्रांति का मार्ग प्रशस्त नहीं हो पाएगा। वे यह भी जानते थे कि भारतीय युवाओं में जो सांस्कृतिक चेतना सो गई है, उसे जगाना आवश्यक है। युवाओं के बिना मजबूत संगठन की बात सोची भी नहीं जा सकती। उस दौर में गणेशोत्सव का जो स्वरूप था, वह आज से बिल्कुल भिन्न था। सन 1893 में तिलक ने पुणे में गणेशोत्सव की नींव रखी।

धार्मिक आयोजन के रूप में गणेशोत्सव मनाने की परंपरा गांव–गांव और शहर–शहर में बहुत पहले से चली आ रही थी लेकिन जब देश को स्वतंत्रता दिलाने के लिए युवाओं के संगठन की आवश्यकता महसूस हुई, तब तिलक को गणपति बप्पा से बड़ा कोई धार्मिक पुरोधा नहीं मिला। उन्होंने गणेशोत्सव मनाने की जो राष्ट्रीय परंपरा की एक नींव डाल दी, वह 132 वर्ष पूरे होने के बाद भी चल रही है। वे गणों के स्वामी हैं, व्रातपति हैं, समूह के देवता हैं इसलिए समूह से प्यार करते है। राष्ट्र के विकास का आधार मनुष्य के श्रम की पूंजी है इसीलिए तिलक ने गणेशजी को राष्ट्र का आराध्य बनाया। विघ्नहर्ता गणेश जी उन सभी को सुहाते हैं जो कर्म में जुते हुए हैं और अपने मानस में श्रद्धा और विश्वास को स्थापित कर निर्भय हो जाना चाहते हैं।



**शिवाजी महोत्सव का आयोजनः–** तिलक ने महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती को सार्वजनिक रूप से मनाने की परंपरा शुरू की। शिवाजी के जीवन चरित्र से युवाओं में साहस, देशभक्ति और स्वाभिमान की भावना का विकास हुआ। इसके साथ ही 1880 में न्यू इंग्लिश स्कूल की स्थापना में सहयोग किया। बाद में डेक्कन एजुकेशन सोसायटी की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका मानना था कि शिक्षा का राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान होता है। उनका मानना था कि शिक्षा व्यक्ति को आजादी का पाठ अच्छी तरह पढ़ाती है। इसके बाद 3 जुलाई, 1908 को बाल गंगाधर तिलक को अंग्रेजों ने राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। बर्मा के मांडले में 1908 से 1914 तक तिलक को 6 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। 1908 में उन्हें 6 वर्ष के लिए मांडले (बर्मा, वर्तमान म्यांमार) की जेल भेजा गया।

बाल गंगाधर तिलक का राजनीतिक करियर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। वे स्वराज की मांग को जन–आंदोलन बनाने वाले प्रमुख नेताओं में थे। तिलक ने 1889 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में प्रवेश किया। प्रारंभ में कांग्रेस के भीतर गरम विचारधारा के प्रमुख नेता माने जाने लगे। उनका मानना था कि केवल प्रार्थना और याचिका से स्वतंत्रता नहीं मिलेगी। उन्होंने लाला लाजपत राय और बिपिन चंद्र पाल के साथ मिलकर 'लाल–बाल–पाल' की प्रसिद्ध तिकड़ी का नेतृत्व किया। स्वदेशी, बहिष्कार, राष्ट्रीय शिक्षा और स्वराज के कार्यक्रमों का समर्थन किया।

**बंगाल विभाजन का विरोधः–** बाल गंगाधर तिलक ने 1905 में बंगाल विभाजन के विरुद्ध जन–आंदोलन का नेतृत्व किया। इसके लिए उन्होंने विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा दिया। सन 1907 में कांग्रेस के सूरत अधिवेशन में नरमपंथी और गरमपंथी नेताओं के बीच मतभेद बढ़ गए। इसके बाद कांग्रेस दो धड़ों में विभाजित हो गई।

**होमरूल लीग की स्थापनाः–** बाल गंगाधर तिलक ने जेल से लौटने के बाद सन 1916 में होमरूल लीग की स्थापना की। इसके बाद भारत को स्वशासन दिलाने की मांग को लेकर होमरूल लीग के आन्दोलन का नेतृत्व किया। इसी वर्ष कांग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच लखनऊ समझौते का भी समर्थन किया।

तिलक ने स्वराज की मांग को राष्ट्रीय आंदोलन का मुख्य लक्ष्य बनाया, स्वदेशी और बहिष्कार आंदोलनों को लोकप्रिय बनाया। गणेश उत्सव और शिवाजी उत्सव के माध्यम से जनता में राष्ट्रीय चेतना जगाई। केसरी (मराठी) और मराठा (अंग्रेजी) समाचार पत्रों के माध्यम से ब्रिटिश शासन की आलोचना की और राष्ट्रवाद का प्रचार किया।

**स्वदेशी का प्रचारः–** भारतीय वस्तुओं के उपयोग और स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इससे आर्थिक आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय एकता को बल मिला। तिलक ने धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों को सामाजिक एकता तथा राष्ट्रीय जागरण का माध्यम बनाया। उन्होंने लोगों को जाति, क्षेत्र और भाषा से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। स्वतंत्रता सेनानी तिलक का 1 अगस्त, 1920 को निधन हो गया। लेकिन उनके विचारों ने आगे चलकर महात्मा गांधी सहित अनेक नेताओं को प्रेरित किया। केसरी (मराठी) और मराठा (अंग्रेजी) समाचार पत्रों का प्रकाशन किया।

इन समाचार पत्रों के माध्यम से सामाजिक समस्याओं, राष्ट्रीय चेतना और ब्रिटिश शासन की नीतियों पर जनता को जागरूक किया।

बहरहाल, हम यही कह सकते हैं कि बाल गंगाधर तिलक ने शिक्षा, पत्रकारिता, सामाजिक संगठन, सांस्कृतिक जागरण और राष्ट्रीय चेतना के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने समाज को संगठित कर स्वतंत्रता आंदोलन के लिए मजबूत जनाधार तैयार किया। इसी कारण से उन्हें 'लोकमान्य' की उपाधि से सम्मानित किया गया।

*(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### स्मार्ट मीटर और खाद को लेकर कांग्रेस ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



**फतेहपुर।** जिला एवं शहर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में किसानों को हो रही खाद की किल्लत व स्मार्ट मीटरों में आ रहे बेतहाशा बिलों को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से सूबे के राज्यपाल को एक ज्ञापन भेजा। प्रस्तुत ज्ञापन में कहा गया कि इस समय खरीफकी फसल की बुआई व रोपाई का कार्य चल रहा है जिसमें यूरिया व डीएपी खाद की आवश्यकता होती है परन्तु पूरे दिन लाइन में लगे रहने के बावजूद किसान को खाद नहीं मिल पा रही है जिससे किसान के बहुमूल्य समय व धन की बर्बादी हो रही है अतः अविलंब पर्याप्त खाद की व्यवस्था की जाय। इसी के साथ ज्ञापन में यह भी बताया गया कि प्रदेश में लगाए गए स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं द्वारा उपयोग से ज्यादा विद्युत बिल आ रहे हैं जिससे इस कमर तोड़ मंहगाई में जनता को ये अतिरिक्त भार सहना पड़ रहा है अतः इन्हें हटाकर पहले की भांति पोस्टेड डिजिटल मीटर लगवाए जाएं जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। ज्ञापन में मुख्यरूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी, शहर अध्यक्ष आरिफगुड्डा वरिष्ठ नेता शेख एजाज अहमद, सुधाकर अवस्थी एडवोकेट, मणि प्रकाश दुबे, संतोष कुमारी शुक्ला, शोभा दुबे, पूनम द्विवेदी, पप्पी राजपूत, आशीष गौड़, ई.देवी प्रकाश दुबे, राजीव लोचन निषाद, आदित्य श्रीवास्तव, ओम प्रकाश कोरी, राजीव श्रीवास्तव, राम नरेश महराज, नवनीत तिवारी, कल्लू कोरी, बसीर अहमद, अजय बच्चा, कौशल कुमार शुक्ला, निजामुद्दीन, अब्दुल हफीज, डॉ. अब्दुल हमीद, इंद्रजीत लोधी, अब्दुल रज्जाक, रमजान अहमद धर्मेंद्र सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस ने बेलाताल पुजारी हत्याकांड का किया खुलासा

**पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपये पुरस्कार की घोषणा की**



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** थाना कुलपहाड क्षेत्र अन्तर्गत बेलाताल स्थित फूलबाग हनुमान मंदिर के पुजारी उदित नारायण मिश्र की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए 80 वर्षीय कल्लू जोगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में गठित थाना कुलपहाड एवं जनदीय स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीमों द्वारा बेलाताल पुजारी हत्याकाण्ड का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पुराने भूमि विवाद में अपने विरोधियों को फंसाने की साजिश के तहत पुजारी की डंडे से हत्या कर शव के नीचे डायरी रख दी थी। बताया है कि पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त रक्तरंजित डंडा, खून से सने कपड़े और अन्य साक्ष्य बरामद किए गए हैं। मामले के सफल अनावरण पर एसपी शशांक सिह ने पुलिस टीम को रुपया 25 हजार के पुरस्कार की घोषणा की है।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता में अर्चना रहीं अव्वल

**एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हुई निबंध प्रतियोगिता**



**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।** दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज कनकुआ में छात्र छात्राओं को अरुणाचल प्रदेश और मेघालय राज्य की भाषा और संस्कृति का ज्ञान कराया जा रहा है। मीडिया प्रभारी सतीश मिश्रा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा निदेशक एवं संयुक्त शिक्षा निदेशक चित्रकूट धाम मण्डल द्वारा अप्रैल 2026 से जनवरी 2027 तक एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। जिसके अनुपालन में डीआईओएस प्रेमचन्द यादव के मार्गदर्शन तथा भानु प्रताप(पीईएस) के निर्देशन में कार्यक्रम की नोडल पूनम यादव और सह नोडल उषा देवी द्वारा छात्र छात्राओं को अरुणाचल प्रदेश और मेघालय की भाषा, कला और संस्कृति के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में जुलाई माह में की जाने वाली गतिविधियों के क्रम में छात्र छात्राओं के बीच वहाँ की भाषा एवं संस्कृति पर आधारित निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें इण्टर की छात्रा अर्चना ने पहला, अम्बेश कुमारी ने दूसरा तथा आकांक्षा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सह नोडल उषा देवी सरोज ने बताया कि प्रतियोगिता में 15 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। इस दौरान प्रवक्ता शिखा राणा, डॉ सुनैना, रानी हिरदेश, ज्योति राजपूत, दीपेन्द्र सिंह,शिवम अग्रवाल, आकेश,खेमचंद, जयनारायण, शिवम, सुरेश समेत छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### मकानों में जलभराव को लेकर ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**महोबा।** राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह भदौरिया (एडवोकेट) के नेतृत्व में सुनेचा के ग्रामवासियों ने जलभराव की समस्या को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया कि जनपद महहोबा के ग्राम सुनेचा में जल भराव होने के कारण बरसात का पानी ग्रामीणों के मकानों में भर रहा है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि पिछले वर्ष प्रशासन द्वारा निकासी के लिए नाले की खुदाई कराई गई थी, लेकिन कुछ ग्रामीणों द्वारा उसे पुनः बंद कर दिया गया, जिसके कारण जल निकासी व आवागमन पूरी तरह बाधित है। श्री राजपूत करणी सेना ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए बंद पड़े नाले को तत्काल खुलवाया जाए, ताकि बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से ग्रामीणों को राहत मिल सके और किसी प्रकार की जनहानि या नुकसान की स्थिति उत्पन्न न हो ।

### वीबी-जी रामजी में कराए जा सकेंगे अब 318 प्रकार के कार्य: रामेंद्र सिंह



**उरई (जालौन)।** मनरेगा योजना में जहां 266 प्रकार के कार्यों को कराया जाता है इसके बदले वीबी–जी रामजी योजना में 318 प्रकार के कार्यों को ग्रामीणांचल में कराये जा सकेंगे। साथ ही उक्त योजना में भुगतान की समस्या का झंझट नहीं रहेगा कार्य का समापन होने के बाद तत्काल भुगतान होगा। उक्त डीसी वीबी–जी रामजी रामेंद्र सिंह ने बातचीत के दौरान बतायी। उन्होंने बताया कि वीबी–जी रामजी योजना से गांवों में 318 प्रकार के कार्यों को कराया जा सकेगा जिसमें गांव के विद्यालय की बाउंड्री बाल हो या फिर कमरों का निर्माण कराया जाना, आंगनबाड़ी केंद्र में कोई कार्य कराना हो या फिर गांव में किसी स्थान पर स्ट्रीट लाइट को लगाया जाना है उक्त सभी प्रकार के कार्य 60–40 के अनुपात में कराये जा सकते हैं। पूर्व के समय में मनरेगा योजना में कार्य कराये जाने के बाद भुगतान की बड़ी समस्या रहती है। लेकिन वीबी–जी रामजी योजना से कराये गये किसी भी प्रकार के कार्य में भुगतान की समस्या नहीं होगी। कार्य पूर्ण होने के बाद तत्काल भुगतान सुनिश्चित होगा। डीसी वीबी–जी रामजी योजना रामेंद्र सिंह ने यह भी बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में मनरेगा में 80 करोड़ का बजट था लेकिन चालू वित्तीय वर्ष में यह 52 करोड़ का बजट होगा। उन्होंने यह भी बताया कि फिर कार्य के अनुसार ग्राम पंचायतों को बजट आवंटित करने में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आयेगी।

# अपनी-अपनी विस क्षेत्र के सम्मेलन में जुटे बूथ अध्यक्षः कृष्णा पासवान

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**




मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बूथ सम्मेलन आयोजित किया गया, खागा विधानसभा क्षेत्र के खखरेडू में आयोजित हुई जिसमें अतिथि के रूप में उपस्थित अध्यक्ष विकास बोर्ड बांदा व पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद सिंह द्वारा बूथ सम्मेलन को संबोधित किया गया, श्री सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूत नींव के रूप में हमारे बूथ अध्यक्ष दिन रात मेहनत करते हैं एक एक बूथ अध्यक्ष का सम्मान ही संगठन के लिए सर्वोपरि है,आज यदि सरकार में खागा विधानसभा का नाम मंत्रालय में दिख रहा है उसमें आप सभी बूथ अध्यक्षों की ताकत काम कर रही है कार्यक्रम में स्थानीय विधायक व उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री कृष्णा पासवान द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर सम्बोधन किया गया कार्यक्रम में अपर्णा सिंह गौतम, ज्ञान चन्द्र केसरवानी, प्रवीण सिंह, विमलेश पान्डेय, धर्मेंद्र सिंह, रामनरायण शुक्ला, प्रीति सिंह, गया पाल, बृजेश सिंह उपस्थित रहे, वहीं बिंदकी विधानसभा क्षेत्र का सम्मेलन बिंदकी नगर में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चित्रकूट जिलापंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव द्वारा प्रतिभाग किया गया, श्री जाटव द्वारा उपस्थित पार्टी के बूथ अध्यक्षों को आगामी संगठनात्मक अभियानों के सम्बन्ध में संवाद किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी बूथ अध्यक्षगण लगातार राष्ट्र प्रथम को ध्यान में रखकर संगठन का अनवरत कार्य करते हैं,आप द्वारा की गई मेहनत का ही परिणाम है कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सकुशल 12वर्ष पूर्ण किए गए हैं वहीं प्रदेश सरकार द्वारा लगातार जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं कार्यक्रम में स्थानीय विधायक जयकुमार सिंह, मोना शुक्ला, सुनीता गुप्ता, राधा साहू, अमित तिवारी, राजबहादुर पासवान, सन्तोष गुप्ता, अरुण लोधी, रमनजीत सिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जहानाबाद विधानसभा बूथ सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर देहात के पूर्व जिलाध्यक्ष मदन पांडेय द्वारा उपस्थित बूथ अध्यक्षों को संगठनात्मक विषयों पर सम्बोधित किया गया, जिसमें स्थानीय विधायक राजेंद्र पटेल, सम्मेलन संयोजक के रूप में जिला उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा सहित बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रहे, हुसेनगंज विधानसभा क्षेत्र का बूथ सम्मेलन महाराणा प्रताप चौकी चौराहे में आयोजित किया गया जिसमें अतिथि के रूप में बांदा के पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव द्वारा बूथों के मजबूती व संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मंत्री रणवेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने सम्बोधन में बूथ अध्यक्षों को सम्मानित करते हुए कहा कि आज विश्व की सबसे बड़े राजनीतिक दल का सौभाग्य आप सभी की ताकत की वजह से ही है, कार्यक्रम का संयोजन जिलामंत्री संन्तोष गुप्ता द्वारा किया गया, अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र का सम्मेलन गाजीपुर कस्बे में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद शुक्ला द्वारा बूथों की मजबूती पर चर्चा की गई, कार्यक्रम में स्थानीय विधायक विकास गुप्ता व संयोजक के रूप में जिला महामंत्री पंकज त्रिवेदी उपस्थित रहे, मुख्य अतिथि बालमुकुंद शुक्ला ने कहा कि बूथ जीता तो निश्चित रूप से चुनाव जीता जाता है, आप सभी की मेहनत की वजह से आज केन्द्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है कार्यक्रम में कुलदीप भदौरिया, विनोद पांडेय, संजय हांडा व सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## छात्र संसद एवं कन्या भारती का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



**फतेहपुर।** सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज हिन्दी माध्यम का छात्र संसद एवं कन्या भारती का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बिन्दकी करन सिंह पटेल रहे उन्होने छात्र सांसदों को अपने विभाग के सुचारू संचालन का दिशा बोध कराया, एवं विभाग कार्यवाह ज्ञानेन्द्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे उन्होने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया तथा राजकीय जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. भूपेन्द्र सिंह ने छात्रों को संस्कार परिश्रमपूर्वक अध्ययन माता पिता का सम्मान करने पर जोर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार ने छात्र संसद की रूपरेखा और चयन के विषय में जानकारी दी। आचार्य श्री कृष्णचन्द्र वर्मा छात्र संसद उपाध्यक्ष ने आये अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर व्यवस्था प्रमुख राजनारायण, कन्या भारती उपाध्यक्ष पारूल सिंह तथा गणित के प्रवक्ता अजीत सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## जनपद स्तरीय श्रम बंधु समिति, टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद स्तरीय श्रम बंधु समिति, जनपद स्तरीय टास्क फोर्स एवं जिला स्तरीय सतर्कता समिति की संयुक्त बैठक अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुनील कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक श्रम आयुक्त, फतेहपुर द्वारा एजेंडा के सभी बिंदुओं पर क्रमवार चर्चा करते हुए जनपद हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा जनपद हेतु निर्धारित उपकर संग्रहण लक्ष्य से अवगत कराया गया। सभी कार्यदायी संस्थाओं एवं शासकीय विभागों से अनुरोध किया गया कि निर्माण कार्यों पर देय उपकर की धनराशि समयबद्ध रूप से उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के खाते में जमा कराते हुए उसकी सूचना श्रम विभाग को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही पात्र अधिष्ठानों का समयबद्ध पंजीयन कराए जाने पर भी बल दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी विभाग एवं कार्यदायी संस्थाएं होने वाले निर्माण कार्यों के सापेक्ष 100: उपकर कटौती की तिथि से 30 दिवस के भीतर उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के खाते में जमा करायें एवं इसकी सूचना श्रम विभाग, फतेहपुर को भी प्रेषित करें। जनपद हेतु उपकर का निर्धारित लक्ष्य रु. 9,03,04,246/- की शत-प्रतिशत प्राप्ति की जाए। अधिष्ठान पंजीयन के सम्बन्ध में जनपद के 1093 के लक्ष्य के सापेक्ष 149 की प्रगति पर निर्देशित किया कि सभी कार्यदायी संस्थायें अपने नए प्रोजेक्ट के सापेक्ष अधिष्ठान पंजीयन अनिवार्य रूप से करायें। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 यथासंशोधित, 2016 के अंतर्गत जनपद फतेहपुर को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए सभी विभागों की भूमिका एवं समन्वित प्रयासों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, जिला प्रोबेशन अधिकारी, प्रधानाचार्य आईटीआई, परियोजना अधिकारी, डूडा, सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, एएचटी थाना, कार्यदायी संस्थाओं एवं विभागों के अधिकारी, एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए), नाति आयोग के प्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स, जनपद स्तरीय श्रम बंधु समिति एवं जनपद स्तरीय बंधुआ श्रम सतर्कता समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# पशुओं का खुरपका व मुंहपका रोग से बचाव हेतु टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ

**22 जुलाई से 45 दिन चलेगा टीकाकरण अभियान, टीका करण जरूर कराएंः सीडीओ**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) टीकाकरण अभियान के आठवें चरण का शुभारंभ बलराम कुमार मुख्य विकास अधिकारी एवं एमएलसी प्रतिनिधि रणविजय सिंह सेंगर द्वारा विकास भवन परिसर से टीकाकरण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर बलराम कुमार मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त ग्रामों में यह विशेष टीकाकरण अभियान 22 जुलाई, 2026 से आगामी 45 दिनों तक संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं का खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) रोग से बचाव हेतु निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने जनपद के समस्त पशुपालक भाइयों से अपील की कि वे अपने सभी गोवंश एवं महिषवंशीय पशुओं का एफएमडी टीकाकरण अनिवार्य रूप से कराएं। उन्होंने बताया कि यद्यपि इस रोग में पशुओं की मृत्यु दर अपेक्षोंत कम होती है, किन्तु इससे दुग्ध उत्पादन, प्रजनन क्षमता तथा कार्यक्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे पशुपालकों को आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। अतः समय पर टीकाकरण कराकर इस रोग की प्रभावी रोकथाम की जा सकती है। कार्यक्रम में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रंजन सिंह, डॉ. सुरेश पाल, उपमुख्य पशु चिकित्साधिकाकारी (चि/स्वा.) / नोडल अधिकारी एफएमडी एवं उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी/पशु चिकित्सा अधिकारी तथा पशुपालन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने समस्त उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी / पशु चिकित्साधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश जारी करते हुए इस अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के निर्देश दिए है। अभियान के दौरान जिन पशुओं को टीका लगाया जाएगा, उनका अनिवार्य रूप से ईयर-टैगिंग की जाएगी। टीकाकरण से संबंधित समस्त डाटा (पशुपालक, पशुधन और वैक्सीनेटर का विवरण सहित जियो टैग फोटो) उसी दिन भारत पशुधन ऐप पर प्राथमिकता के साथ अपलोड किया जाएगा।

## डीएम की अध्यक्षता में पुनः बाढ़ स्टेयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित



**डीएम ने चौकियों को दुरुस्त करने और कर्मचारियों की तैनाती, नालों की सफाई, दवाओं और जरूरत पड़ने पर राहत सामग्री का पुख्ता इंतजाम रखने के दिए निर्देश**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में बाढ़ स्टेयरिंग कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा समस्त तहसीलों के उपजिलाधिकारी को बाढ़ चौकी की स्थिति देखने और ठीक करने एवं उन पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए सभी चौकियों पर कर्मचारियों के नाम व मोबाइल नंबर, संबंधित एसएचओ के नंबर एवं गोताखोरों की लिस्ट लगाए जाने एवं नाव की उपलब्धता एवं उसके मालिक के नाम व नंबर लिस्ट तैयार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। सिंचाई विभाग को जनपद की उर्मिल, चंद्रावल, मझगांव, कबरई, लहचुरा, क्योंलारी बांधों के जल स्तर की लगातार निगरानी रखने, बांधों के आस पास के जिस-जिस ग्राम में बांधों का जलस्तर बढ़ने पर पानी छोड़ने पर प्रभावित होने की संभावना रहती है उन समस्त ग्रामों को एलर्ट मोड पर रखा जाये । जिससे अफरा तफरी की स्थिति उत्पन्न न हो । जिन ग्रामों में जलभराव होने की संभावना है उन सभी ग्रामों में राजस्व की टीम के माध्यम से क्या करें क्या न करें के संबंध में जागरूक किया जाये। सिंचाई विभाग ऐसे बांधों एंव तालाबों का विश्लेषण कर लें जहां डूबने की घटनाएं हुई हैं, वहां पर सुरक्षात्मक उपाय कर लें। जिससे डूबने की कोई दुर्भाग्यपूर्ण घटना न हो। बांधों पर ड्यूटी पर लगे सिंचाई विभाग की टीम के लिए रस्सी, लाईफ जैकेट हेलमेट,टार्च, बोट रस्सी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। राजस्व विभाग को जिन ग्रामों में रपटा टूटने पर संपर्क मार्ग बाधित होने की संभावना है, उन ग्रामों में वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। मानसून सत्र के पूर्व जनपद के सभी नाले एंव नालियों के सफाई के निर्देश दिए गए, ताकि जलभराव की स्थिति न उत्पन्न हो। अन्य उपस्थित विभागों को भी आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) कुंवर पंकज, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सूर्यकान्त त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी महोबा, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़, अधिशासी अभियंता महोबा/मौदहा बाध, जल संस्थान, मुख्य पशु चिकित्सा, स्वास्थ विभाग, जिला कृषि अधिकारी, समस्त अधिशाषी अधिकारी नगरीय निकाय, आदि उपस्थित रहें।

## सीएम योगी के संभावित जालौन दौरे की तैयारियां तेज, कमिश्नर-आईजी ने संभाला मोर्चा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 25 जुलाई को जालौन दौरे की संभावनाओं के बीच जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। बुधवार को झांसी मंडल के कमिश्नर विमल कुमार दुबे, आईजी आकाश कुलहरि ने उरई पहुंचकर कार्यक्रम स्थल इंदिरा स्टेडियम का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप, सीडीओ केके सिंह सहित अनेकों अधिकारियों ने सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, मंच व्यवस्था और अन्य तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने संभावित दौरे के दौरान उरई में नवनिर्मित सदर तहसील के नवनिर्मित भवन सहित कई परियोजनाओं का लोकार्पण कर सकते हैं। इसके साथ ही जिले को कई अन्य विकास परियोजनाओं और योजनाओं की सौगात मिलने की भी संभावना जताई जा रही है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पहले नवीन मंडी स्थल पर तैयारियां की जा रही थीं, लेकिन अब कार्यक्रम स्थल में बदलाव करते हुए इंदिरा स्टेडियम, उरई में भव्य पंडाल तैयार किया जा रहा है। प्रशासनिक अमला लगातार व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। अब सभी की निगाहें 25 जुलाई पर टिकी हैं, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित दौरे के साथ जालौन को विकास की नई सौगात मिलने की उम्मीद है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को पांच साल की सजा

**उरई (जालौन)।** नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष के कारावास और तीन हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार, कोतवाली उरई क्षेत्र के नया पाठकपुरा निवासी पीड़िता के पिता ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी नाबालिग पुत्री के साथ मरघट के पास मोहल्ला कोटरा निवासी रफीक पुत्र जाहनी ने छेड़छाड़ की थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत में हुई, जहां अभियोजन पक्ष की ओर से वादी समेत अन्य गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। सुनवाई पूरी होने के बाद दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस, गवाहों के बयान व उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट राजीव सिंह ने आरोपी को दोषी करार दिया।

# उर्वरक प्रयोग के पहले किसान भाई खेत की मिट्टी की करायें जांचः एआर

**जनपद के 66 सहकारी समितियों से फार्मर आईडी से मिलेगी खाद, पीसीएफ के बफर गोदाम में यूरिया, डीएपी का पर्याप्त भंडार**



**उरई (जालौन)।** किसान भाई जब भी अपने खेतों में उर्वरक का प्रयोग करें उससे वह अपने खेत की मिट्टी की जांच जरूर करवायें ताकि खेत की मिट्टी की आवश्यकता के अनुसार ही वह उर्वरक डालकर अच्छी पैदावार ले सकते हैं। उक्त बात एक भेंट वार्ता के दौरान जिला सहायक निबंधक सहकारिता शिवकुमार ने कही। मूल रूप से बुलंदशहर के निवासी एआर शिवकुमार ने बताया कि जनपद में 66 सहकारी समितियों से किसानों को उर्वरक उपलब्ध करायी जाती जहां प्रत्येक समिति पर फार्मर आईडी के आधार पर ही किसानों को खाद की बिक्री की जाती है जिसमें कृषि विभाग से निर्धारिक मानकों का पालन भी करना होता है। उन्होंने जनपद के किसानों से अनुरोध किया कि वह जब भी अपने खेतों में उर्वरक का प्रयोग करें उससे पहले अपने खेत की मिट्टी का परीक्षण जरूर करायें ताकि मिट्टी को जिस पोषक तत्व की जरूरत है उसे मिल सके इससे किसानों को जिंसों की पैदावार में भी बढ़ोत्तरी होगी। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में समितियों में 1451 मीट्रिक टन यूरिया व 953 मीट्रिक टन डीएपी खाद उपलब्ध हैं। जबकि पीसीएफके बफर गोदाम में 6 हजार 107 मीट्रिक टन यूरिया व 3545 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व के समय में जनपद में समितियों में रखी पॉस मशीनों में खराबी की शिकायतें मिली थी इसे गंभीरता से लेकर सभी पॉस मशीनों में नया साफ्टवेयर लोड कराया गया जिससे किसानों को अब परेशानी नहीं आयेगी। एआर ने यह भी बताया कि समितियों में आकस्मिक आपूर्ति के लिये 1539 मीट्रिक टन डीएपी व 600 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है जिसे आवश्यकता के अनुसार समितियों में पहुंचायी जायेगी। इसीक्रम में रिजर्व स्टाक में 736 मीट्रिक टन डीएपी व 270 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है।

# डीवी कॉलेज हीरक जयंती पर लिया प्रगतिवादी दिशा में कार्य करने का लिया संकल्प

**कॉलेज में नौ ग्रहों के प्रतीक वृक्ष स्थापित कर नवग्रह वाटिका का किया लोकार्पण**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**




शहर के प्रतिष्ठित डीवी कॉलेज में सोमवार शाम को स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हीरक जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबन्धकारिणी कमेटी अध्यक्ष डॉ. दिलीप सेठ, मुख्य अतिथि डॉ देवेन्द्र कुमार मंत्री प्रबंधकारिणी कमेटी, अजीत कुमार खरे, कैलाश नारायण खरे, डीवी कॉलेज वैदिक समिति उपाध्यक्ष डॉ. (श्रीमती) नीलम मुकेश, सदस्य अमित श्रीवास्तव, अमिताभ श्रीवास्तव, आनन्द यादव, अनन्त खरे, प्राचार्य प्रो. राजेश चन्द्र पांडेय आदि द्वारा माँ सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वालन कर किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ बैज के माध्यम से किया गया। सरस्वती वंदना और स्वागत गीत कॉलेज की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वागत उद्बोधन प्रो. अलका रानी पुरवार, संयोजक, आईक्यूएसी ने किया। महाविद्यालय के 75 वर्षो की समग्रता की प्रतीक प्रगति आख्या प्रो. राजेश चन्द्र पांडेय प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रा जिया देवी द्वारा भजन और गजल की प्रस्तुतियां दी गई। कॉलेज के 75 वर्षो की गौरवशाली गाथा के क्रम में डॉ. राजेश पालीवाल एवं डॉ. सर्वेश कुमार शाण्डिल्य द्वारा सम्पादित आईएसबीएन पुस्तक ÷महर्षि दयानन्द का समग्र चिन्तन एवं वैदिक वाङ्मय÷ और डॉ. नीरज कुमार द्विवेदी द्वारा सम्पादित संदर्शिका न्यूज लेटर का मंचासीन अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। कॉलेज में नवग्रह वाटिका की स्थापना कर लोकार्पण किया गया। जिसमें सूर्य से लेकर सभी नौ ग्रहों के प्रतीक वृक्ष स्थापित किए गए। मंत्री डॉ. देवेन्द्र कुमार ने कहा कि कॉलेज की स्थापना में जिन मनीषियों का योगदान है वह आज महाविद्यालय को उन्नति के शिखर पर देखकर अवश्य ही प्रसन्न होंगे। प्रबंधतंत्र इसी प्रकार से संस्था की उन्नति के लिए सतत प्रगतिवादी दिशा में कार्य करने के लिए सहयोग प्रदान करता रहेगा। अध्यक्ष डॉ. दिलीप सेठ ने सभी को हीरक जयंती की बधाई दी और कहा कि मैं भी संस्था का विद्यार्थी रहा हूं और आज उत्तरदायित्व निभा रहा हूं। आज मुझे आज अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है। कार्यक्रम का संचालन डॉ माधुरी रावत एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गौरव यादव ने किया।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या अंजू प्रजापति ने सुनीं पीड़ित महिलाओं की फरियाद

## जनसुनवाई में त्वरित कार्रवाई के निर्देश, जिला कारागार, वन स्टॉप सेंटर एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** शासन के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अंजू प्रजापति ने बुधवार को जनपद बाराबंकी में महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने तथा महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों की समीक्षा के उद्देश्य से डीआरडीए स्थित गांधी सभागार में जनसुनवाई की। उन्होंने महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण में निष्पक्ष, संवेदनशील एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 30 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मा. सदस्या ने सभी मामलों में संबंधित विभागों से तत्काल रिपोर्ट तलब करते



हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि महिलाओं से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**विभागीय योजनाओं की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश**

जनसुनवाई के उपरांत मा. सदस्या ने महिला कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं महिला सुरक्षा संबंधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक प्रकरण की कार्रवाई रिपोर्ट उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाराबंकी को उपलब्ध कराई जाए।

**जिला कारागार एवं वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण**

अपने जनपद भ्रमण के दौरान मा. सदस्या ने जिला कारागार एवं वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। जिला कारागार में उन्होंने महिला बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं तथा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

# बूथ अध्यक्ष सम्मेलन कर भाजपा बूथों को मजबूत करने में जुटी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विधानसभा चुनाव की तैयारी के तहत विधानसभा हैदरगढ़ के शिवाय मैरिज लाइन में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक दिनेश रावत ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा के प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने संगठन की नीतियों, कार्यप्रणाली और आगामी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत बूथ नेटवर्क और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने और बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान तेज करने का



आह्वान किया। विधायक दिनेश रावत ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की वास्तविक रीढ़ बताया और उनके समर्पण व मेहनत को भाजपा की सफलताओं का आधार बताया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही क्षेत्र के विकास और जनसेवा का आधार है, और सभी से एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। इसके अलावा पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ब्लॉक प्रमुख आरती रावत ने भी कार्यकर्ताओं और बूथ अध्यक्षों को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल जिला मंत्री कृष्ण कुमार सिंह मंडल प्रभारी नवीन राठौर पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा सचिन वर्मा रणवीर सिंह जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंह आनंद पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज दीक्षित कमल पटेल संतोष श्रीवास्तव रूपचंद चौरसिया सहित भाजपा कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ग्राम्यांचल महाविद्यालय में छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा में भाग लेने की हुई अपील

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** ग्राम्यांचल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य ने शैक्षिक सत्र 2026 में इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण समस्त छात्र-छात्राओ से प्रेमा अवस्थी विद्या सशक्तिकरण छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है।

प्राचार्य ने बताया कि यह छात्रवृत्ति परीक्षा महाविद्यालय परिसर में आगामी 11 अगस्त मंगलवार प्रातः 10:30 बजे आयोजित होगी।

इस परीक्षा में प्रतिभाग करके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का बी०ए०, बी०एस०सी०, बी०काम०, बी०एस०सी० (कृषि) के चयनित पाठ्यक्रम में निःशुल्क शिक्षण की व्यवस्था रहेगी।

# आत्मदाह करने निकले भाकियू पदाधिकारियों को प्रशासन ने रोका, 10 दिन में समाधान का आश्वासन

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार, शिकायतों पर कार्रवाई न होने और अधिकारियों पर झूठी आख्या लगाकर मामलों को दबाने का आरोप लगाते हुए आत्मदाह के लिए जिला मुख्यालय जा रहे भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के पदाधिकारियों को बुधवार को प्रशासन ने बीच रास्ते में रोक लिया। अधिकारियों के साथ लंबी वार्ता के बाद किसान नेताओं ने फिलहाल आत्मदाह का कार्यक्रम स्थगित कर दिया। भाकियू पदाधिकारी नवाबगंज तहसील क्षेत्र से जिला मुख्यालय की ओर जा रहे थे। सूचना मिलने पर एसडीएम नवाबगंज ने उन्हें रोककर बातचीत की और बाद में नायब तहसीलदार अभिषेक चक्रवर्ती के साथ रामसनेहीघाट भेजा। यहां उपजिलाधिकारी बृजेन्द्र उपाध्याय और तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय ने किसान नेताओं के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। बैठक में किसान नेताओं ने लेखपाल, कोटेदार, वन विभाग, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, पशु चिकित्सालय, जल जीवन मिशन, भूमि कब्जा सहित कई विभागों में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उनका कहना था कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद कार्रवाई नहीं होती, बल्कि झूठी आख्या लगाकर मामलों का निस्तारण कर दिया जाता है, जिससे आम किसान न्याय से वंचित रह जाता है। करीब एक घंटे तक चली वार्ता के बाद एसडीएम ने सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराने और 10 दिन के भीतर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया।

### प्रशासन ने किया कड़ाई, किसानों को समय पर खाद दिलाने के लिए अधिकारी उतरे

**समृद्धि न्यूज़, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो इसके लिए प्रशासन ने सख्ती बरती है। बुधवार दोपहर सिरौलीगौसपुर एसडीएम ने तहसील क्षेत्र की बरौलिया सहकारी समिति और कई निजी खाद दुकानों का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उनके साथ एडीओ कॉपरेटिव आशीष वर्मा, एडीओ कृषि रंजीत वर्मा और पुलिस बल भी मौजूद था।एसडीएम ने खाद की उपलब्धता, स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रसीद और रेट लिस्ट की गहन जांच की।उन्होंने दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए कि किसानों को निर्धारित दर पर ही खाद उपलब्ध कराई जाए। कालाबाजारी, ओवररेटिंग या जबरन टैग बेचने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।सहकारी समिति के प्रभारियों को निर्देश दिए गए।

# एसडीएम और नायब तहसीलदार ने अलग-अलग ब्लॉकों की समितियों का किया औचक निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** धान की फसल के लिए जरूरी यूरिया खाद के वितरण में आ रही तकनीकी दिक्कतों और किसानों की परेशानी को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। सहकारी समितियों पर खाद का पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद पीओएस (पॉश) मशीनों की खराबी के कारण किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही थी। इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को उपजिलाधिकारी बृजेन्द्र उपाध्याय और नायब तहसीलदार उमेश चंद्र द्विवेदी ने अलग-अलग ब्लॉकों की साधन सहकारी समितियों का औचक निरीक्षण कर वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। उपजिलाधिकारी बृजेन्द्र उपाध्याय ने दरियाबाद, और पूरेडलई ब्लॉक की मियागंज, और उदईमऊ सहित कई समितियों का निरीक्षण किया। उन्होंने खाद के स्टॉक, गोदाम, अभिलेख और वितरण व्यवस्था की जांच की तथा किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण में पाश मशीनों में तकनीकी खराबी मिलने से वितरण प्रभावित पाया गया। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल मशीनें ठीक कराने के निर्देश देते हुए कहा कि एक-दो दिन में तकनीकी समस्या दूर कर वितरण सामान्य कराया जाएगा। वहीं, उपजिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार उमेश चंद्र द्विवेदी ने बनीकोडर ब्लॉक की मोहम्मदपुर उपाध्याय, मऊ, गजपतिपुर और रामपुर साधन सहकारी समितियों का निरीक्षण किया।

# भूजल सप्ताह के तहत पानी की कहानी कार्यक्रम हुआ आयोजित

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** आनंद विहार कॉन्वेंट इंटर कॉलेज लखपेड़ाबाग में भूजल सप्ताह 2026 के अंतर्गत ' पानी की कहानी ' एवं 'वृक्षारोपण कार्यक्रम ' का आयोजन जनहित कल्याण सेवा समिति,एवं नागरिक सुरक्षा कोर बाराबंकी द्वारा आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा कोर अनीता प्रताप एवं विशिष्ट अतिथि शैलेंद्र सिंह चेयरमैन इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी उपस्थित रहे। जनपद के विभिन्न कॉलेजों से आए हुए छात्रों ने प्रतिभाग़ किया मुख्य अतिथि ने छात्रों को जागरुक करते हुए बताया कि भूजल स्त्रोतों को किस प्रकार संरक्षित करके एवं वृक्षों को लगाकर हम अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन



कर सकते हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे धर्मेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा जल जीवन का आधार जिसके बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती इसलिए हम सब की जिम्मेदारी है कि दैनिक जीवन में कम से कम एक लीटर पानी जरूर बचाए एवं अपने जन्मदिन पर एक पेड़ जरूर लगाएं।

## खबरें एक नजर में

### गौरीगंज में आयोजित हुआ भाजपा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को विधानसभा गौरीगंज में भारतीय जनता



पार्टी का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष सुल्तानपुर डॉ. सीता शरण त्रिपाठी उपस्थित रहे। सम्मेलन में बूथ अध्यक्षों का भौतिक सत्यापन किया गया तथा उन्हें पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्रभात शुक्ला, पूर्व जिला महामंत्री केशव सिंह, जिला मंत्री अरुण मिश्रा, संतोष द्विवेदी एवं मनोज कश्यप उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंडल अध्यक्ष काशी प्रसाद मिश्रा, मनोज पासी, अजय सिंह गौर, विकास मौर्य, राम गोपाल कौशल, अवधेश सिंह संजय सिंह सभी बूथ अध्यक्ष एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा विधायक प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश मिश्र 'मटियारी' रहे। उन्होंने अपने संबोधन में बूथ अध्यक्षों का उत्साहवर्धन करते हुए पार्टी द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों एवं संगठनात्मक कार्यों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया तथा सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया।

### किशोरी को सर्प ने डंसा हुई दर्दनाक मौत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** चन्दापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरे ठाकुर मंजरे टीसाखानापुर गांव के जानकी प्रसाद की पुत्री को सर्प ने डंसा हुई दर्दनाक मौत। सोचनी पुत्री जानकी प्रसाद शाम को भोजन बनाने के लिए घर से कुछ दूर पर स्थित छप्पर के नीचे रखी लकड़ी निकालने गई गई लकड़ी निकलते समय सोचनी को सर्प ने डंस लिया आनंन-फानन परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमावा पहुंचे लेकिन रास्ते में ही सोचनी की मौत हो गई ।पिता जानकी प्रसाद ने बताया कि लकड़ी निकालने के दौरान सर्प द्वारा 9 वर्षीय पुत्री को सर्प ने डंस लिया अस्पताल अमावा लेकर गए तो वहां डॉक्टरों ने बताया कि इसकी मौत हो गई चन्दापुर पुलिस मौके पर आई थी पोस्टमार्टम नहीं करवाया समाचार लिखे जाने तक परिजन घर पर ही शव के पास विलाप कर रहे थे तथा शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाया गया।

### जन्मदिन पर मरीजों में फल बांटकर दिया सेवा का संदेश

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** आज के दौर में जहां अधिकांश लोग जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर उत्सव मनाते हैं, वहीं डलमऊ क्षेत्र के शिव कौशल ने अपना जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ मनाकर समाज को प्रेरणादायी संदेश दिया। शिवा कौशल ने डलमऊ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर भर्ती मरीजों के बीच फल, मिठाई और अन्य खाद्य सामग्री वितरित की। उन्होंने मरीजों का हालचाल भी जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। शिवा कौशल ने कहा कि जन्मदिन, सालगिरह और अन्य खुशियों के अवसरों को जरूरतमंदों, गरीबों और मरीजों की सेवा से जोड़ना चाहिए।

# अघोषित विद्युत कटौती के खिलाफ किसान नेत्री रीता सिंह ने ईएक्सईएन को सौंपा ज्ञापन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** भीषण गर्मी और उमस के बीच जिले में हो रही अघोषित विद्युत कटौती से जहां आम जनजीवन बेहाल हो गया है वहीं रात में विद्युत आपूर्ति ठप रहने से लोग रातभर जागने को मजबूर हैं। इसी बात को लेकर बुधवार को जनकल्याण समिति अध्यक्ष रीता सिंह व समिति के अन्य पदाधिकारियों ने मुख्यालय गौरीगंज पर अधीक्षण अभियंता विद्युत को एक ज्ञापन सौंपा है। समिति की सदस्य अनीता गौतम ने कहा कि गौरीगंज, जायस और हथवा के 33/11 केवी उपकेंद्र एक ही लाइन से जुड़े होने के कारण प्रतिदिन फाल्ट और ओवरलोड की समस्या आ रही है, जिससे जिले में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। साथ ही खंभों से लटकते जर्जर तारों



से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। समिति ने मांग की है कि अघोषित विद्युत कटौती तुरंत बंद हो और रात में निर्बाध आपूर्ति की जाए, गौरीगंज उपकेंद्र को अलग लाइन से जोड़ा जाए तथा बिजली के लटकते तारों को तुरंत ठीक किया जाए। ज्ञापन देने वालों में उषा कनौजिया, रीता सिंह, रामलखन, बिन्दी, गीता, सनी आदि मौजूद रहे।

### हल्की बारिश में ही कीचड़ में बदली सड़क, ग्रामीणों में रोष

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** सिंहपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत पन्हौना में हल्की सी बारिश ने ही सड़क की बदहाल स्थिति की पोल खोल दी है। गांव की मुख्य सड़क पर जगह-जगह कीचड़ और जलभराव होने से लोगों का आवागमन बेहद कठिन हो गया है जिससे ग्रामीणों में रोष है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण हर बारिश में यही स्थिति बन जाती है। स्थानीय निवासी अमित ने बताया कि गांव के बच्चे प्रतिदिन पैदल स्कूल जाते हैं, लेकिन घर से निकलते ही उनके जूते कीचड़ में धंस जाते हैं। इससे बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और कई बार वे गंदे कपड़ों के साथ स्कूल पहुंचते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क पर फैले कीचड़ के कारण अब तक करीब पच्चीसों लोग फिसलकर गिर चुके हैं।

# राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** सांसद किशोरी लाल शर्मा के निर्देश पर देशव्यापी आंदोलन के तहत जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में लगातार दूसरे दिन भी केंद्र सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। बीती रात जिले के विभिन्न गांवों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंघल के नेतृत्व में केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय, गौरीगंज के बाहर सैकड़ों महिलाओं, पुरुषों, युवाओं, छात्रों एवं

**केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी**

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले परिवार के सदस्य राहुल गांधी की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है।

### स्कूल गया छात्र लापता, मोबाइल बंद मिलने से परिजन चिंतित

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र संग्रामपुर का रहने वाला एक छात्र स्कूल जाने के लिए घर से निकला, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। मोबाइल फोन बंद मिलने के बाद परिजनों की चिंता और बढ़ गई। काफी तलाश के बाद भी छात्र का कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने अमेठी कोतवाली में तहरीर देकर खोजबीन की मांग की है। मड़ौली गांव निवासी विवेक सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका भतीजा सक्षम सिंह पुत्र विपिन कुमार सिंह मंगलवार की सुबह करीब 7:30 बजे कस्बा अमेठी स्थित शिवप्रताप इंटर कॉलेज अमेठी जाने के लिए घर से निकला था। वह अपने साथ मोबाइल फोन भी लेकर गया था। शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसके मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन बंद मिला।



# सब इंस्पेक्टर बने निखिल कौशल, मंत्री सतीश शर्मा ने किया सम्मानित

**उनका चयन पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है**

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** नगर पंचायत रामसनेहीघाट के सुमेरगंज निवासी एवं भाजपा बनीकोडर मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र कौशल के पुत्र निखिल कौशल का उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर पद पर चयन होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उनकी इस उपलब्धि पर प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश चंद्र शर्मा एवं जिला पंचायत सदस्य अभिषेक वर्मा 'नयन' उनके आवास पहुंचे और पुष्पगुच्छ व स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने निखिल कौशल को बधाई



देते हुए कहा कि उनका चयन पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर हासिल की गई यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वास जताया कि निखिल अपनी नई जिम्मेदारियों का ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा समाज और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। मंत्री ने उनके उज्ज्वल एवं स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हुए ईश्वर से सफलता और निरंतर प्रगति का आशीर्वाद देने की प्रार्थना की। जिला पंचायत सदस्य अभिषेक वर्मा 'नयन' ने भी निखिल कौशल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करेगी। इस दौरान परिवार के सदस्य, शुभचिंतक और स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने निखिल कौशल को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# फुरसतगंज पुलिस ने पकड़ी 20 लीटर अवैध कच्ची शराब, 3 गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं



अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में बढ़ते अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने एवं अपराधियों की धर पकड़, अवैध कच्ची शराब के निष्कर्षण, भण्डारण एवं बिक्री के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत फुरसतगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में देखभाल के दौरान मुखबिर की सूचना पर 3 अभियुक्तों राकेश पुत्र रामखेलावन निवासी ग्राम बन्झोलिया थाना फुरसतगंज, अनिल उर्फ कचूमर पुत्र संतलाल व बाबूलाल पुत्र टैंगन निवासीगण सोनारगांव मजरे तेन्दुआ थाना फुरसतगंज को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे कुल 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में नन्द हौसिला यादव प्रभारी निरीक्षक फुरसतगंज, उ.नि. शरद चन्द्र मिश्रा, उ.नि. सुरेश कुमार, उ.नि. रामवीर सिंह, हे.का. राकेश, का. बृजेन्द्र सिंह, का. देवेन्द्र कुमार, रि.का. अंकित कुमार शुक्ला, रि.का. आशीष कुमार व म.का. पुनीता शामिल रहे।

# कमलापुर में डीएम का औचक निरीक्षण

**अभिलेखों में खामियां मिलने पर एएनएम का वेतन रोकने के निर्देश**

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने बुधवार को विकासखंड कसमण्डा के प्राथमिक विद्यालय, कमलापुर में संचालित वीएचएसएनडी (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) सत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एएनएम से टीकाकरण संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा आइस बॉक्स, वैक्सीनेशन किट और एचआरपी रजिस्टर का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने रजिस्टरों में कई त्रुटियां पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार के



निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं से बातचीत कर टीकाकरण की जानकारी भी प्राप्त की। आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा तैयार अभिलेखों में भी कमियां मिलने पर कड़ी फटकार लगाई गई। निरीक्षण के दौरान एएए बैठक से संबंधित कोई भी अभिलेख या सूची मौके पर उपलब्ध नहीं मिली। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित एएनएम के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने तथा अग्रिम आदेशों तक उनका वेतन रोकने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय, कमलापुर का निरीक्षण कर मिड-डे मील की गुणवत्ता परखी और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

# गोंदलामऊ जांचः पहली नोटिस के बाद कार्रवाई क्यों थमी

**सीतापुर।** विकासखंड गोंदलामऊ की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच पर फिर सवाल उठे हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि 30 जून 2026 को जांच अधिकारी ने संबंधित सचिवों को तीन दिन में अभिलेख प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया था, लेकिन समय सीमा समाप्त होने के बाद भी अभिलेख प्रस्तुत



नहीं किए गए। आरोप है कि पहली नोटिस की अवधि समाप्त हुए काफी समय बीत चुका है, फिर भी न तो दूसरी या तीसरी नोटिस जारी की गई और न ही अभिलेख न देने की स्थिति में कोई अग्रिम कार्रवाई या आख्या उच्चाधिकारियों को भेजी गई। इससे जांच की गति और निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी से मांग की है कि दूसरी अथवा अंतिम नोटिस तत्काल जारी कर समयबद्ध जवाब लिया जाए। यदि अभिलेख फिर भी प्रस्तुत न हों तो नियमानुसार जांच आगे बढ़ाते हुए रिपोर्ट तलब कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सबसे बड़ा सवालः तीन दिन की नोटिस के बाद भी कार्रवाई क्यों रुकी, और इसकी जवाबदेही आखिर किसकी तय होगी?

# संगठन को मजबूत करने के लिए जमीन पर उतरे मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक शक्ति का सबसे मजबूत आधार हमारे समर्पित बूथ अध्यक्ष एवं कर्मयोगी कार्यकर्ता हैं। संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज जनपद रायबरेली के सतांव स्थित नवीन मंडी स्थल में आयोजित हरचंदपुर विधानसभा के 'बूथ अध्यक्ष सम्मेलन' में सम्मिलित हुआ। इस अवसर पर पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र श्री राजकिशोर रावत जी , भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री बुद्धि लाल पासी जी,निवर्तमान विधायक हरचंदपुर श्री राकेश प्रताप सिंह जी,



जिला उपाध्यक्ष श्री देवेंद्र सिंह जी, श्री वीरेंद्र सिंह जी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री ज्ञान शंकर शुक्ला जी,जिला सह संयोजक श्री अभिषेक वर्मा जी, मंडल अध्यक्ष खीरों श्री संतोष पासवान जी, मंडल अध्यक्ष सेमरी श्री राजेश विश्वकर्मा जी, मंडल अध्यक्ष सताव,श्री शिव सागर तिवारी जी,मंडल अध्यक्ष हरचंदपुर श्री नरेंद्र सिंह जी, सहित बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक कार्यकर्ता गण व पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पेपर लीक से लाखों युवाओं की मेहनत और भविष्य हुआ प्रभावितः आकाश शाक्य

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों और युवाओं के साथ कथित लाठीचार्ज एवं अभद्र व्यवहार के विरोध में बुधवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव आकाश शाक्य के नेतृत्व में तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया गया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। धरने को संबोधित करते हुए आकाश शाक्य ने कहा कि




देशभर में लगातार हो रहे पेपर लीक से लाखों युवाओं की मेहनत और भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगें उठा रहे छात्रों के साथ अमानवीय व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, घायल छात्रों को समुचित उपचार और मुआवजा देने तथा युवाओं की समस्याओं का समाधान संवाद के माध्यम से करने की मांग की। धरने के बाद सपाइयों ने तहसील परिसर से सौरिख तिराहा स्थित तिरंगा

**▸ पेपर लीक के विरोध में सपाइयों का धरना**

चौक तक हाथों में तिरंगा लेकर पैदल मार्च निकाला और ÷इंकलाब जिंदाबाद, भारत माता की जय, ÷वंदे मातरम और धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो के नारे लगाए गए।

इस दौरान दीपू चौहान, अधिवक्ता चंद्रजीत यादव, योगेंद्र सिंह यादव एडवोकेट, अमित राजपूत एडवोकेट, श्याम सिंह भारती, सूरज शाक्य, अजीत कटारिया, हरिशरण शाक्य, दिनेश यादव, यादवेंद्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर युवती से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज कन्नौज।** थाना क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग में गाली-गलौज का विरोध करने पर एक युवती और उसके भाई के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। कोतवाली में दी गई तहरीर के अनुसार ग्राम सराय प्रयाग निवासी निशां देवी पुत्री आर्येन्द्र कुमार ने बताया कि 19 जुलाई 2026 को शाम करीब 7 बजे गांव के ही अरून पुत्र सतेन्द्र, सतेन्द्र पुत्र रामलाल, सत्यम पुत्र उमेश और विवेक पुत्र रमेश ने उनके दरवाजे के सामने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उक्त सभी लोगों ने निशां देवी के साथ लाठी-डण्डे से मारपीट की। तहरीर में कहा गया है कि बीच-बचाव करने आए निशां के भाई अभिषेक पुत्र आर्येन्द्र कुमार के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अवस्थी ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# स्वच्छ वातावरण उत्तम शिक्षा का आधार : रामेंद्र त्रिपाठी

**▸ सरस्वती शिशु, विद्या मन्दिर में कक्षा सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



श्रीमती गंगा देवी चतुर्वेदी सरस्वती शिशु, विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में आयोजित कक्षा सज्जा प्रतियोगिता में भैया-बहिनों ने अपनी रचनात्मकता से कक्षाओं को आकर्षक रूप दिया।

प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ल, मुख्य अतिथि व रामेन्द्र कुमार त्रिपाठी व भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निर्णायक मण्डल द्वारा सघन निरीक्षण एवं प्रश्नोत्तरी के माध्यम से दिए गए निर्णय के अनुसार शिशु मन्दिर में कक्षा अरुण, उदय, प्रथम और चतुर्थ ने प्रथम स्थान, कक्षा पंचम ने द्वितीय स्थान और कक्षा ततोय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्या मंदिर में कक्षा नवम ने प्रथम, कक्षा दशम ने द्वितीय तथा कक्षा षष्ठ और सप्तम ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि रामेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने भैया बहिनों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ न केवल बच्चों की कलात्मक सोच को निखारती हैं, बल्कि उनमें टीम भावना और स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी जगाती हैं। उन्होंने कहा कि विद्या भारती के विद्यालय सरस्वती शिशु मन्दिर और विद्या मन्दिर समाज में अपनी अलग पहचान रखते हैं। कार्यक्रम संयोजक आचार्य अरुण कुमार त्रिपाठी व सपना मिश्रा ने अतिथियों को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने आगन्तुक अतिथियों का आभार ज्ञापित किया।

## सुभाष अकादमी में प्री-प्राइमरी के बच्चों ने उत्साह से मनाया मैंगो डे

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सुभाष अकादमी में प्री-प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों ने मैंगो डे बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर कई बच्चे पीले रंग की आकर्षक पोशाक पहनकर विद्यालय पहुंचे, जिससे कार्यक्रम का माहौल और भी रंगीन हो गया। शिक्षकों ने बच्चों को आम के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आम को फलों का राजा कहा जाता है। यह गर्मी में शीतलता प्रदान



करता है, स्वाद में मीठा और रसीला होता है तथा इससे मैंगो शेक सहित अनेक स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए जाते हैं। इसके बाद सभी बच्चों को ताजे और मीठे आम खिलाए गए। बच्चों ने आम का स्वाद लेकर खुशी जाहिर की और कहा कि आम बहुत स्वादिष्ट थे। विद्यालय के सीईओ कार्तिकेय सक्सेना ने बच्चों को मैंगो डे की शुभकामनाएं देते हुए स्वयं अपने हाथों से आम खिलाए और उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में रोली गुप्ता के निर्देशन में प्रिया पाल, मानवी शर्मा, मोनिका और खनक ने बच्चों का सहयोग किया। कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

# अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में लोहिया वाहिनी का कोतवाली गेट पर धरना

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

दिल्ली में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को हिरासत में लिए जाने के विरोध में समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रोविन यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कोतवाली गेट पर धरना-प्रदर्शन किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इसे लोकतंत्र पर हमला बताया। रोविन यादव ने आरोप लगाया कि प्रदेश और देश में लगातार पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन सरकार जिम्मेदार लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने केंद्रीय



शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की भी मांग की।

रोविन यादव ने कहा कि युवाओं की आवाज उठाने पर अखिलेश यादव को हिरासत में लिया गया, जिसके विरोध में समाजवादी लोहिया वाहिनी सड़क पर उतरने को मजबूर हुई है। धरने में दीपू चौहान, प्रमोद यादव, विवेक यादव, रामवीर कठेरिया, अयान खान, सोयल यादव, आकाश शाक्य, मनीष शाक्य सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिक्षक अपहरण कांड का चौथा आरोपी गिरफ्तार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** तालग्राम थाना पुलिस ने सरकारी शिक्षक राहुल कुमार राजपूत के अपहरण और फिरौती मांगने के मामले में वांछित चौथे आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने प्रमेश पुत्र जगदीश सिंह निवासी फगुआ लोहामढ़, थाना तिर्वा को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के तिर्वा अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, शिक्षक के पिता देशराज सिंह ने पहले गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बाद में अपहरण, मारपीट और 10 लाख रुपये की फिरौती मांगने का मुकदमा दर्ज कराया गया। इस मामले में 20 जुलाई को तीन आरोपी अविनाश राजपूत, सर्वेंद्र कुमार कुशवाहा और केशव पंडित उर्फ केशव अवस्थी को गिरफ्तार किया जा चुका है। विवेचना के दौरान प्रमेश की संलिप्तता सामने आने पर उसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में तालग्राम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## विद्यालय में 11 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**छिबरामऊ, कन्नौज।** कम्पोजिट विद्यालय कांशीराम कॉलोनी में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से प्रधानाध्यापिका रजनी पाल के नेतृत्व में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में 11 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के बाद बच्चों को टॉफी और बिस्किट वितरित किए गए, जिससे वे बेहद खुश नजर आए। सभी बच्चों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि एक ओर लाखों पेड़ काटे जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर हर व्यक्ति को कम से कम दो पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा कि 卐पेड़ लगाएं, जीवन बचाएं। इस दौरान अध्यापक ज्ञानेंद्र यादव, समिता यादव, रीता यादव, उर्मिला पाल, पारुल, प्रशांत कुमार, राजीव कुमार तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आकाश एजुकेशन में आयोजित हुई साइबर सुरक्षा पाठशाला

**▸ विद्यार्थियों को किया गया जागरूक**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के लिए आज आकाश एजुकेशन सेंटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुरसहायगंज में ÷साइबर सुरक्षा पाठशाला÷ का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को इंटरनेट व सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में थाना गुरसहायगंज से उप निरीक्षक विकल्प चतुर्वेदी, हेड कांस्टेबल तौफीक खान और उनकी टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी



कॉल, ओटीपी साझा करने के जोखिम, सोशल मीडिया सुरक्षा और डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों से बचने के प्रभावी उपाय बताए। अधिकारियों ने छात्रों को सलाह दी कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, अपनी व्यक्तिगत और बैंकिंग जानकारी किसी से साझा न करें। यदि कभी साइबर ठगी का शिकार हों तो तुरंत पुलिस या संबंधित अधिकारियों को सूचना दें। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम देशभर में छात्रों को सुरक्षित डिजिटल नागरिक बनाने के लिए चलाए जा रहे हैं। विद्यालय प्रबंधक आरके कटियार ने इस अवसर पर कहा, कि आज का समय पूरी तरह डिजिटल हो चुका है। ऐसे में विद्यार्थियों को सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि साइबर सुरक्षा की समझ भी देना हमारी जिम्मेदारी है। पुलिस विभाग के साथ मिलकर हमने यह पहल की है ताकि हमारे बच्चे ऑनलाइन ठगी और भ्रामक सूचनाओं का शिकार न हों। मेरा मानना है कि जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। हम आगे भी ऐसे कार्यक्रम कराते रहेंगे।

विद्यालय की ओर से निदेशक आकाश कटियार, प्रधानाचार्य अरविंद कुशवाहा भावना कटिहार और समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछे, जिनके जवाब पुलिस टीम ने सरल उदाहरणों के साथ दिए।

## गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन से बच्चों के स्वास्थ्य व पढ़ाई को मिल रहा लाभः बीएसए

**कन्नौज।** जिले के 1576 विद्यालयों में बुधवार को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) योजना के तहत विद्यार्थियों को दूध वितरित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देशन में योजना का संचालन गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी ढंग से किया जा रहा है। शासन के निर्धारित मेन्यू के अनुसार प्रतिदिन पौष्टिक मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट, सहायता प्राप्त विद्यालयों, मदरसों, राजकीय विद्यालयों, संस्कृत विद्यालय और इंटर कॉलेज सहित कुल 1576 विद्यालय इस योजना से जुड़े हैं। भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता की नियमित निगरानी की जा रही है। बीएसए ने कहा कि प्रत्येक बुधवार को दूध वितरण से बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास को बढ़ावा मिल रहा है।

# बूथ अध्यक्षों का समर्पण ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकतः अनिल गुप्ता

**▸ भाजपा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कनक गेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष औरैया अनिल गुप्ता ने कहा कि बूथ संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। बूथ अध्यक्षों का समर्पण, मेहनत और जनता से सतत संवाद ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। सम्मेलन में सभी मंडलों के



बूथ अध्यक्षों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। पूर्व राज्य मंत्री एवं विधायक अर्चना पांडेय ने कहा कि सशक्त बूथ ही सशक्त संगठन की नींव है और यही भविष्य की विजय का आधार बनेगा। कार्यक्रम में संगठनात्मक मजबूती, आगामी रणनीति तथा बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन का समापन संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ। इस दौरान जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र भदौरिया, जिला महामंत्री इतेंद्र राजपूत, जिला उपाध्यक्ष मुनीश मिश्रा एवं गौरव द्विवेदी, जिला मंत्री संजीव गुप्ता एवं राजीव ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी सहित मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष और बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संचारी रोगों से बचाव के प्रति किया गया जागरूक



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

संचारी रोगों से बचाव और रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सरदार पटेल इंटर कॉलेज कचाटीपुर, गुरसहायगंज में बुधवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, डायरिया सहित अन्य संचारी रोगों के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने इस अवसर पर कहाकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। बरसात का मौसम आते ही संचारी रोगों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में बच्चों को शुरू से ही साफ-सफाई, स्वच्छ पानी और बचाव के तरीकों के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है। यह विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य चेतना फैलाने का भी माध्यम है। मेरा मानना है कि अगर एक बच्चा जागरूक होगा तो वह पूरे परिवार और गांव को जागरूक करेगा। हम आगे भी स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर ऐसे कार्यक्रम कराते रहेंगे ताकि कोई भी छात्र बीमारी का शिकार न हो। प्रधानाचार्य राजीव कटियार ने कहा, कि डेंगू, मलेरिया और डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए साफ-सफाई सबसे बड़ा हथियार है। पानी को ढककर रखना, कूलर-टंकी की सफाई और मच्छरदानी का प्रयोग करना जरूरी है। बच्चों को लक्षणों की जानकारी देकर समय पर इलाज के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रवक्ता योगेश कुमार सिंह, महेश कुमार, अनिल द्विवेदी, संजीव यादव, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, ज्ञान सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार, पवन कन्याल, रियाजुल हुसैन, ब्रजेन्द्र कमल, तेज प्रताप सिंह, बाबूराम यादव, जय प्रकाश गौड़, जनमेर सिंह, राजेश सरोज, राजेश कमल, उदय प्रताप सहित शिक्षकगण मौजूद रहे। वहीं छात्र-छात्राओं में स्नेहा, श्रेया, अपर्णा, देव पटेल, काव्या पटेल, राज पटेल, तनिष्क गुप्ता, ओम त्रिपाठी, प्रवल श्रीवास्तव, आयुषी सिंह आदि ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्र न केवल जानकारी प्राप्त करते हैं, बल्कि जागरूक नागरिक बनकर समाज में स्वास्थ्य का संदेश भी पहुंचाते हैं।

# व्यापारी ही अर्थव्यवस्था के असली प्रहरी : संदीप बंसल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के एक गेस्टहाउस में बुधवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की बैठक एवं व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती, व्यापारियों की समस्याओं तथा उनके समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में पहुंचे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल का स्थानीय पदाधिकारियों ने माल्यार्पण, प्रतीक चिह्न भेंटकर और पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा कि व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था के वास्तविक प्रहरी हैं। जिस प्रकार देश की सीमाओं की



रक्षा सैनिक करते हैं, उसी प्रकार आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने की जिम्मेदारी व्यापारी वर्ग निभाता है। उन्होंने कहा कि व्यापारी ही बाजार, उद्योग और रोजगार की धुरी हैं तथा उनके बिना राष्ट्र और प्रदेश का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल देश का सबसे बड़ा व्यापारी संगठन है, जो पूरी निष्ठा और सादगी के साथ व्यापारियों के हितों की लड़ाई लड़ रहा है। संगठन का उद्देश्य व्यापारियों को उनका सम्मान, सुरक्षा और पहचान दिलाना है। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि संदीप बंसल, प्रदेश अध्यक्ष रिपन बंसल, युवा प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता एवं महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता जायसवाल आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के रास्ते छिबरामऊ पहुंचे। इस दौरान सौरिख निवासी जिला उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता के आवास पर भी उनका स्वागत किया गया। यहां मनोज गुप्ता, अनिल गुप्ता, सतीश शर्मा, वारिस अली सहित अनेक व्यापारियों ने फूल-मालाएं पहनाकर अतिथियों का अभिनंदन किया। अंत में संदीप बंसल ने आगामी 3 दिसंबर को लखनऊ में आयोजित होने वाले स्वदेशी व्यापारी कुंभ सम्मेलन में अधिक से अधिक व्यापारियों से भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि यह सम्मेलन व्यापारी एकता और उनके अधिकारों की आवाज को और अधिक मजबूत करेगा।

## सपा के गढ़ में फीका पड़ा विरोध संगठन की सक्रियता पर उठे सवाल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार को जिले में हुए प्रदर्शन ने पार्टी के संगठनात्मक ढांचे पर सवाल खड़े कर दिए। सपा के गढ़ माने जाने वाले कन्नौज में जहां तिर्वा में बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गांधी चौक पर धरने पर बैठे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे, वहीं सदर विधानसभा का प्रदर्शन बेहद फीका रहा। सीमित उपस्थिति और वरिष्ठ नेताओं की गैरमौजूदगी पूरे दिन राजनीतिक चर्चा का विषय बनी रही। सदर विधानसभा में करीब 05 से 08 कार्यकर्ता ही विरोध प्रदर्शन में नजर आए। कुछ देर नारेबाजी के बाद कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक प्रदर्शन किया, फोटो खिंचवाई और कार्यक्रम समाप्त हो गया। कई प्रमुख नेताओं के न पहुंचने से स्थानीय स्तर पर संगठन की सक्रियता पर सवाल उठने लगे।

# राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज में एसएमसी का गठन, अनिल कुमार बने अध्यक्ष

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

ब्लॉक क्षेत्र के पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, फतेहपुर जसोदा में बुधवार को विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) का गठन कर लिया गया। समिति के अध्यक्ष पद पर अभिभावक प्रतिनिधि अनिल कुमार को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। बैठक में अभिभावक सदस्यों के साथ स्थानीय निकाय के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, एएनएम, शिक्षाविदों तथा विद्यालय के शिक्षकों ने भी भाग लिया। शासन के निर्धारित मानकों के अनुरूप 25 सदस्यीय विद्यालय प्रबंध समिति का विधिवत गठन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विष्णुकांत



गुप्ता ने सदस्य सचिव के रूप में बैठक का संचालन किया। उन्होंने नवगठित समिति का स्वागत करते हुए सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार विद्यालय के समग्र विकास, निर्माण कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार तथा अन्य प्रशासनिक एवं विकासात्मक गतिविधियों के संचालन के लिए शीघ्र ही विभिन्न उप- समितियों का गठन किया जाएगा, जिससे विकास कार्य योजनाबद्ध और पारदर्शी तरीके से संचालित हो सकें। इससे पहले 20 जुलाई को कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की बैठक आयोजित कर समिति गठन की प्रक्रिया शुरू की गई थी।

# वर्षा जल संचयन ही भविष्य की जल सुरक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम : सीडीओ

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में तीन नदियां होने के बावजूद लगातार गिर रहे भू-जल स्तर पर चिंता जताते हुए मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। बुधवार को विकास भवन के हर्षवर्धन सभागार में वर्षा जल संचयन सप्ताह के समापन पर आयोजित जनपद स्तरीय कार्यशाला में उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन ही भविष्य की जल सुरक्षा का सबसे प्रभावी और स्थायी माध्यम है। सीडीओ ने बताया कि 16 से 22 जुलाई तक ग्राम पंचायत, विकासखंड और जिला स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

उन्होंने बताया कि छिबरामऊ में वर्ष 2021 में भू-जल स्तर 15.19 मीटर था, जो अब घटकर 21.06 मीटर तक पहुंच गया है। हसेरन, कन्नौज, जलालाबाद, तालग्राम और सौरिख क्षेत्रों में भी भू-जल स्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। अधिकारियों को वैज्ञानिक एवं दीर्घकालिक रणनीति अपनाने के निर्देश दिए गए।

# टोल दरों में एक बार फिर इजाफा, बढ़ी दरें आज से लागू

**▸ मासिक पास 350 से 360, विभिन्न श्रेणी के वाहनों में भी 5 रुपये तक की वृद्धि**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

कानपुर- अलीगढ़ ग्रीनफील्ड हाईवे पर स्थित जेंबा टोल प्लाजा पर टोल शुल्क में एक बार फिर बढ़ोतरी कर दी गई है। संशोधित दरें आज से लागू हो गई हैं। नई दरों के तहत मासिक पास शुल्क 350 रुपये से बढ़ाकर 360 रुपये कर दिया गया है, जबकि विभिन्न श्रेणी के वाहनों के टोल शुल्क में भी 5 रुपये तक की वृद्धि की गई है। जेंबा टोल प्लाजा के प्रबंधक अम्बरीश गौतम ने बताया कि संशोधित टोल दरें आज से लागू कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टोल प्लाजा पर नकद भुगतान की सुविधा पूरी तरह बंद कर दी गई है। अब सभी वाहन चालकों को फास्टैग अथवा अन्य डिजिटल माध्यमों से ही भुगतान करना होगा। टोल यूनियन के महामंत्री विवेक राजपूत ने बताया कि नई दरों की जानकारी वाहन चालकों को दी जा रही है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने वाहन चालकों से डिजिटल भुगतान का उपयोग करने की अपील की।



जेंबा स्थित टोल प्लाज़ा

# डॉ. जितेंद्र सिंह यादव के मार्ग में निःशुल्क आरोग्य संकल्प शिविर का हो रहा है आयोजन

- क्षेत्रवासियों को उत्तम स्वास्थ्य एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में की गई विशेष पहल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्रवासियों के उत्तम स्वास्थ्य एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा को ध्यान में रखते हुए 193-विधानसभा अमृतपुर के पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह यादव के सौजन्य से एक विशाल निःशुल्क आरोग्य संकल्प शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए सैकड़ों ग्रामीणों व असहाय मरीजों का विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें आवश्यक परामर्श व दवाएं प्रदान की गई। क्षेत्र की जनता को सुलभ और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर समय पर उचित डॉक्टरी सलाह न मिल पाने के कारण लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

इस निःशुल्क आरोग्य संकल्प शिविर का उद्देश्य यही है कि हर गरीब, बुजुर्ग और जरूरतमंद व्यक्ति तक बेहतर इलाज पहुंच सके। विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में मरीजों के ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी और सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की गई। जांच के पश्चात सभी जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गई। डॉक्टरों ने ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से बचाव, स्वच्छता और बेहतर दिनचर्या अपनाने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए। शिविर में बड़ी संख्या में बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने पहुंचकर निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। समय पर बेहतर इलाज और निःशुल्क दवाएं मिलने पर क्षेत्रीय जनता ने डॉ. जितेंद्र सिंह यादव की इस जनसेवा की पहल की सराहना की और उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मोहम्मद अकलीम, डॉ. तौसीफ खान, डॉ. सुमित यादव, डॉ. मेहरुद्दीन अहमद, डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. अमरेंद्र आदि ने ग्रामीणों का चिकित्सीय परीक्षण किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और स्थानीय कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।


ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

# नीट पेपर लीक व लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी
- भुवन कापड़ी और उमर खुर्शीद के नेतृत्व में हुआ विरोध प्रदर्शन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नीट पेपर लीक मामले और दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। यह प्रदर्शन उत्तराखंड के खटीमा से विधायक भुवन कापड़ी और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद के पुत्र उमर खुर्शीद व कांग्रेश प्रदेश उपाध्यक्ष जुनैद मम्माके नेतृत्व में किया गया।

इससे पहले पितौरा स्थित जाकिर महल के सभाभवन में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने केंद्र सरकार की शिक्षा नीतियों की कड़ी आलोचना की। वक्ताओं ने कहा कि पेपर लीक से लाखों छात्रों का भविष्य दांव पर लग गया है। कांग्रेसी नेताओं ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी छज। की नीतियों को रद्द करने और पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष शकुंतला देवीए पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा और युवा प्रदेश उपाध्यक्ष जुनैद मम्मा अरकम आरिफमायरा खाना सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्कूली छात्र.छात्राएं मौजूद रहे। सभी ने हाथों में तख्तियां और पार्टी के झंडे लेकर सरकार विरोधी नारे लगाए।


विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी

# संतों ने गौ सम्मान दिवस का किया आवाह्न


बैठक में मौजूद ईश्वरदास महाराज व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट दुर्वासा ऋषि आश्रम में महंत ईश्वरदास महाराज की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। संतो द्वारा गौ सम्मान दिवस का आवाह्न किया। आगामी 27 जुलाई को पूरे भारत में जिला स्तर पर डीएम को ज्ञापन दिया जाएगा। सभी गौ माता के भक्त सुबह 7 बजे एमआईसी स्कूल के सामने एक हाल में इकट्ठे होकर 8 बजे से 9:15 बजे तक भजन कीर्तन करेंगे। 9:15 बजे पूरे भारत में एक साथ राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा जाएगा। बैठक में रुपरेखा चर्चा की गई। कार्यक्रम अध्यक्ष नंदी बाबा रहे।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल के वार्डन ने छात्रों की डंडों से की पिटाई, आठ घायल

- बीती रात बिजली चले जाने पर छात्रों ने मचाया था शोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मऊदरवाजा थाना क्षेत्र स्थित सीपी इंटरनेशनल स्कूल है, जो भाजपा नेता का है। मंगलवार रात बिजली जाने पर शोर मचाने से गुस्साए वार्डन ने डंडे से पीटकर आठ छात्रों को घायल कर दिया। विद्यालय प्रबंधन ने आरोपी वार्डन सत्यजीत तिवारी को पुलिस के हवाले कर दिया है। घायलों छात्रों का डाक्टरी परीक्षण कराया गया।

थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में भाजपा नेत्री डा0 मिथलेश अग्रवाल के सीपी इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार रात को बिजली जाने पर बच्चों ने शोर मचा दिया। इससे गुस्साए वार्डन सत्यजीत तिवारी ने डंडे से छात्रों की पिटाई कर दी। इससे आठ छात्र घायल हो गए। उनका रात को ही स्कूल प्रबंधन वाले अस्पताल में इलाज कराया गया। स्कूल प्रबंधन ने वार्डन को पुलिस को सौंप दिया है। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि छात्रावास में लगभग 60 छात्र रहते हैं। मंगलवार रात करीब नौ बजे बिजली चली गई थी। इसी दौरान छात्रावास के बच्चों ने शोर मचा दिया। इस बीच छात्र आपस में भिड़ गए। इससे गुस्साए वार्डन ने डंडे से छात्रों को पीट दिया। इसमें आठ छात्र घायल हो गए, तभी किसी छात्र ने फोन से अपने परिजन को जानकारी दे दी। इसके बाद छात्रों के परिजन के फोन शिक्षकों के पास पहुंचने लगे। शिक्षकों की शिकायत पर प्रबंधतंत्र से जुड़े लोग स्कूल पहुंच गए। उन्होंने सभी घायल छात्रों को कायमगंज स्थित अपने अस्पताल पहुंचाया।

वहां सभी का डाक्टरी परीक्षण व एक्सरे कराया गया। पुलिस को बुलाकर कानपुर निवासी वार्डन सत्यजीत तिवारी को सौंप दिया गया। कुछ अभिभावक रात को ही स्कूल पहुंचे और अपने बच्चों को साथ ले गए। कुछ अभिभावक सुबह विद्यालय पहुंचे। उनसे भाजपा नेता मिथलेश अग्रवाल ने बताया कि 16 जुलाई को ही वार्डन को रखा गया था। उन्होंने अभिभावकों को भरोसा दिया कि भविष्य में ऐसा न हो इसके लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गयी।


जानकारी देते घायल छात्र

# न्यायालय ने गुंडा एक्ट के तहत दस पर पारित किए आदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय द्वारा गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत कड़ी कार्यवाही की गई है। माह मई, 2026 एवं जून 2026 के कुल 10 मामलों में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने 7 आरोपियों के विरुद्ध जनपद बदर (निर्वासन) तथा 3 आरोपियों के विरुद्ध नियत अवधि तक प्रत्येक शनिवार संबंधित थाना में उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश पारित किए हैं। जनपद बदर किए गए आरोपियों में जयदीप, कुलदीप, नसीम उर्फ वसीम, राजन, अमित यादव उर्फअंश कुमार, अमित तथा अन्य संबंधित अभियुक्त शामिल हैं, जिन्हें छह माह की अवधि के लिए जनपद से बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं, इसके अतिरिक्त लालाराम, गौरव उर्फपंडा एवं कमरुल खान के विरुद्ध 02 से 06 माह की अवधि तक प्रत्येक शनिवार संबंधित थाने में उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में गैंगस्टर अधिनियम से संबंधित पांच मामलों में अभियुक्तगण अनुपम दुबे, रामबाबू उर्फबड़े लल्ला तथा संदीप पाल द्वारा अपराध से अर्जित कुल 59,80,69,457 की धनराशि के संबंध में दायर वादों का निस्तारण करते हुए प्रकरणों को विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट के न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी तथा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध विधि सम्मत कठोर कदम उठाए जाते रहेंगे।

# आबकारी टीम ने ममापुर में छापेमारी कर सौ किग्रा लहन किया नष्ट

- 22 लीटर कच्ची शराब बरामद कर एक पर दर्ज कराया मुकदमा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी जी.पी. गुप्ता के नेतृत्व में जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। बुधवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 सुधांशु चौधरी द्वारा मय स्टाफ कायमगंज क्षेत्र में स्थित संदिग्ध ग्राम ममापुर में दबिश कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान 22 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा 100 किलोग्राम लहन बरामद की गई।

बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 01अभियोग पंजीकृत किया गया। इसके साथ ही विभिन्न आबकारी अनुज्ञापन स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान देशी शराब दुकान मऊ रशीदाबाद, अहमदगंज, अजमतपुर, सुल्तानगंज खरैटा, समैचीपुर चितार, साधौ सराय एवं कम्पोजिट शॉप सुल्तानगंज खरैटा की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था, मशीन से बिक्री एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया तथा देशी दुकानों की कैंटीन की भी सघन जांच की गई। संबंधित अनुज्ञापियों को निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करें। अभियान के दौरान दुकानों पर उपलब्ध मदिरा का मिलान अभिलेखों से किया गया तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई।

इसके अतिरिक्त क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी बनाए रखने एवं अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगा।


लहन नष्ट करती आबकारी पुलिस

# विद्युत विभाग के जेई का भाकियू धरती पुत्र ने फूंका पुतला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन धरती पुत्र की पंचायत प्रताप सिंह गंगवार की अध्यक्षता में मोहल्ला जवाहरगंज कैंप कार्यालय में सम्पन्न हुई। जिसका संचालन मंजेश यादव ने किया गया। पंचायत में सर्व सम्मानित से कहा गया कि कस्बा कायमगंज में विद्युत आने जाने की कोई समय सीमा नहीं है। 20 मिनट बाद ही सटडाउन कर दिया जाता है और चेकिंग अभियान के नाम पर घर की महिलाओं को धमकाता है, जबकि जेई जावेद खुद चोरी करवाता है। कायमगंज में बढ़ता भ्रष्टाचार और बिजली कटौती तथा धमकी देने से परेशान भारतीय किसान यूनियन धरतीपुत्र ने जेई जावेद का पुतला मुख्य चौराहे पर दहन किया। कार्यकर्ता ने जेई जावेद व बिजली विभाग मुर्दाबाद के नारों के साथ पुतला दहन किया गया। जेई. जावेद की कार्यशाली से भ्रष्टाचार लगातार बढ रहा है। पुलगालिब पर नई कॉलोनी में नो पोल नो केबिल के कनेक्शन देना और 20 हजार से 60,000 तक रूपये की अवैध वसूली करना, नई बस्ती, गंगा दरवाजा, लाल कुआं, पर ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग में नई बस्ती से दो पोल गायब कर देना, नई बस्ती रोड पर कनेक्शन देने के नाम पर 20-25 हजार रुपए अतिरिक्त रुपये मांगना आदि आरोप लगाये गये। नगर में लोगों पर बिजली चोरी के झूठे मुकदमे लगाये जा रहे है। इस मौके पर मुन्नालाल सक्सेना, मंजेश यादव, प्रताप सिंह गंगवार, रामवीर जाटव, विनीत कुमार सक्सेना, बिंदु सिंह गंगवार, रामलाल गुप्ता, नवीनत, रमाकान्ती, राजेश कुमार राजपूत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


जेई का पुतला फूंकते किसान नेता

# अधिवक्ता ने थाने में तहरीर देकर सुरक्षा गार्ड के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तहसील सदर के अधिवक्ताओं ने थाना मऊदरवाजा पहुंचकर तहरीर देकर पिछले दिन हुई घटना को लेकर कार्यवाही करने की मांग की है। २० जुलाई को ३ बजे प्रार्थी विक्रय पत्र के पंजीकरण हेतु निबंधन लिपिक के बुलाये जाने पर निबंधन कार्यालय के अंदर प्रवेश करते समय तैनात सुरक्षा कर्मी ने शराब के नशे में अभद्र भाषा का प्रयोग किया था, परन्तु अभी तक रजिस्टार ने कोई कार्यवाही न की और पुनः रिवालवर दिखाकर ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मी ने धमकी दी है कि कोई कार्यवाही करोगे तो अंजाम बुरा होगा। जिसके विरोध में अधिवक्ताओं ने थाना मऊदरवाजा पहुंचकर सुरक्षा गार्ड के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है। प्रार्थी अधिवक्ता संजय कटियार ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कहा कि घटना की जांच कर शीघ्र कार्यवाही की जाये।

# ई-रजिस्ट्रीकरण प्रणाली व्यवस्था के विरोध में चल रही हड़ताल खत्म

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित ई-जिस्ट्रीकरण प्रणाली के विरोध में अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों द्वारा चलाया जा रहा आंदोलन फिलहाल अग्रिम बैठक तक स्थगित कर दिया गया है।

दस्तावेज लेखक संघ के महामंत्री मनोज त्रिवेदी के चेंबर में अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अधिवक्ता सुरेन्द्र सक्सेना ने की। बैठक में विगत एक सप्ताह से चल रही हड़ताल एवं उसके परिणामों पर विस्तार से चर्चा की गई। चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 4 जून को जारी उस पत्र को, जिसके माध्यम से निजी संस्था द्वारा ई रजिस्ट्रीकरण प्रणाली के अंतर्गत संस्थागत बैनामों के निष्पादन की व्यवस्था लागू की जानी थी। महानिरीक्षक नेहा शर्मा द्वारा 29 जून को वापस ले लिया गया है। साथ ही दस्तावेज पंजीकरण नियमावली-2024 में संशोधन हेतु प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि प्रदेश के अन्य जनपदों में भी आंदोलन वापस लिए जाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसी क्रम में तहसील सदर में 25 जून से चल रही अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों की हड़ताल को अग्रिम बैठक तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया। हालांकि अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों ने सरकार से मांग की कि प्रस्तावित निबंधन मित्र नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्णतः समाप्त किया जाए। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार इस दिशा में अपेक्षित निर्णय नहीं लेती है तो अधिवक्ता एवं दस्तावेज लेखक पुनः आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बैठक में अतुल योगेश दीक्षित, विकास सक्सेना, संजीव भारद्वाज, अनूप शर्मा, संजय शाक्य, कुलदीप त्रिपाठी, अनूप कटियार, रुखमंगल सिंह चौहान, नासिर खान, नीरज कुमार, रविनेश चंद्र यादव, पंकज राजपूत, आकाश दीक्षित, राजीव चौहान, दिलीप कश्यप, ओम प्रकाश दुबे, फिरोज अली खान, अंशुमान सिंह, संजय कटियार, राजेश वर्मा, सतेंद्र शाक्य, संजीव शाक्य, निखिल मिश्रा, घनश्याम सक्सेना, गोकुलेश सक्सेना सहित अनेक अधिवक्ता एवं दस्तावेज लेखक उपस्थित रहे।

# समर बंद करने को लेकर दबंगों ने दंपत्ति को लाठी-डंडों से पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव नवादा सिरौली में मंगलवार शाम लगभग साढ़े छह बजे निवासी सचिन प्रताप के घर के पड़ोसी युवक से उसकी समर सेविल बंद करने की बात व पानी की टंकी भर जाने से उसका पानी अपनी छत पर गिरने की बात कही। जिसपर पड़ोसी युवक ने सचिन प्रताप को अभद्रता कर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जिस पर सचिन की पत्नी ज्योति ने गाली-गलौज का विरोध किया तो पड़ोसी युवक व उसके परिजनों ने लात घूसों व लाठी-डंडों से मारपीट की। बचाने आई पत्नी ज्योति को भी बीच सड़क पर खींचकर मारपीट की और ज्योति के कपड़े भी फाड़ने का आरोप है। सचिन ने देर शाम थाने पहुंचकर पड़ोसी युवक व उसके परिजनों के खिलाफ मारपीट करने की सूचना पुलिस को दी, लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर सचिन फिर बुधवार को सुबह थाने पहुंचकर युवक व उसके परिजनों के खिलाफ लिखित तहरीर दी। वहीं सचिन ने आरोप लगाया है कि पड़ोसी युवक शिक्षक है, लेकिन महिलाओं के प्रति उसकी मानसिकता बहुत गलत है और उसी मानसिकता से उसने मेरी पत्नी के साथ मारपीट करते हुए अभद्रता कर बीच सड़क पर कपड़े फाड़े है। इस दौरान उनका मोबाइल भी छीन लिया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि समृद्धि न्यूज वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एक और झोलाछाप के उपचार से गई युवक की जान

- उल्टी-दस्त में हालत बिगड़ी, निजी अस्पताल ने भर्ती से किया इनकार
- सीएचसी पहुंचने तक तोड़ दिया दम, स्वास्थ्य विभाग पर उठे सवाल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में बिना डिग्री और बिना पंजीकरण के चल रहे झोलाछाप चिकित्सकों के कारण एक बार फिर एक युवक की जान चली गई। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से अवैध क्लीनिक बेखौफ संचालित हो रहे हैं।

कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बराबिकू निवासी रामरहीस उम्र 36 वर्षीय पुत्र इच्छाराम को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी। परिजनों ने उसे गांव में ही एक झोलाछाप चिकित्सक से दवा दिलाई, लेकिन हालत में सुधार होने के बजाय लगातार बिगड़ती गई। गंभीर स्थिति होने परिजन उसे आनन-फानन में नगर के एक निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक बताते हुए भर्ती करने से इनकार कर दिया। इसके बाद परिजन उसे सीएचसी कायमगंज लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही साथ आए परिजनों में कोहराम मच गया। बाद में शव को घर ले जाया गया। क्षेत्र में लंबे समय से बिना डिग्री और बिना पंजीकरण के झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा इलाज किए जाने की शिकायतें मिलती रही हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई न होने के कारण ऐसे अवैध क्लीनिक धड़ल्ले से चल रहे हैं। ग्रामीण मजबूरी और जागरूकता के अभाव में इन्हीं झोलाछापों के भरोसे इलाज कराते हैं, जिससे कई बार मरीजों की जान तक चली जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि स्वास्थ्य विभाग समय-समय पर अभियान चलाकर अवैध क्लीनिकों पर कार्रवाई करे और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराए, तो ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। घटना के बाद क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे है।

# कुपोषण के खिलाफ मॉडल का मिसाल बना जनपद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंभीर कुपोषण से जूझ रहे मासूम बच्चों को स्वस्थ जीवन देने की दिशा में डॉ. राम मनोहर लोहिया जिला चिकित्सालय स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) लगातार उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। बेहतर उपचार, संतुलित पोषण एवं प्रभावी फॉलोअप व्यवस्था के बल पर फर्रुखाबाद का एनआरसी प्रदेश के टॉप-10 एनआरसी में अपनी पहचान बना चुका है। मात्र 10 शैय्याओं वाले इस केंद्र में बच्चों के उपचार की मांग लगातार बनी रहती है। जून माह में केंद्र में 162 बेड-डे ऑक्यूपेंसी दर्ज की गई, जो यह दर्शाती है कि केंद्र की सभी शैय्याएं लगभग पूरे समय उपयोग में रहीं। केंद्र की 95 प्रतिशत रिकवरी दर इसकी गुणवत्तापूर्ण सेवाओं का प्रमाण है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय ने बताया कि गंभीर तीव्र कुपोषण से ग्रसित बच्चों को सामान्य जीवन की मुख्यधारा में लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। एनआरसी में भर्ती प्रत्येक बच्चे को लगभग 14 दिनों तक चिकित्सकीय निगरानी में रखा जाता है। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में दवा, पौष्टिक आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा आवश्यक उपचार पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। बच्चे के साथ भर्ती रहने वाली माता के भोजन की भी निःशुल्क व्यवस्था की जाती है तथा उन्हें 50 प्रतिदिन की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि बच्चे को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद भी उसकी नियमित निगरानी जारी रहती है। प्रत्येक बच्चे का 15-15 दिन के अंतराल पर चार बार फॉलोअप कराया जाता है तथा प्रत्येक फॉलोअप पर 140 की प्रोत्साहन राशि दी जाती है, जिससे अभिभावक नियमित रूप से बच्चे को जांच के लिए लेकर आएं और उसका पोषण स्तर निरंतर बेहतर होता रहे। एनआरसी का संचालन चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विवेक सक्सेना के नेतृत्व में समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ किया जा रहा है। उनके साथ डायटीशियन संगीता शुक्ला, छह प्रशिक्षित स्टाफनर्स एवं एक रसोइया बच्चों की देखभालए संतुलित आहार, माताओं की पोषण संबंधी काउंसिलिंग तथा उपचार व्यवस्था को प्रभावी ढंग से संचालित कर रहे हैं। टीम का उद्देश्य केवल बच्चे का वजन बढ़ाना नहीं, बल्कि परिवार को भी संतुलित पोषण एवं शिशु देखभाल के प्रति जागरूक बनाना है। डॉ0 आनंद उपाध्याय ने बताया कि कुपोषण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान को जिला प्रशासन का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। समय-समय पर जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्वयं एनआरसी पहुंचकर भर्ती बच्चों एवं उनकी माताओं का उत्साहवर्धन करते हैं। इस दौरान बच्चों को फल, वस्त्र एवं बेबी जॉनसन किट भेंट कर उनका मनोबल बढ़ाया जाता है। इससे परिवारों में बच्चों के बेहतर पोषण, नियमित उपचार एवं स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि यदि किसी बच्चे में गंभीर कुपोषण के लक्षण दिखाई दें तो उसे छिपाने के बजाय तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या पोषण पुनर्वास केंद्र में लाकर उपचार कराएं। समय पर उपचार, उचित पोषण एवं नियमित फॉलोअप से कुपोषण को हराया जा सकता है।

# जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए निकाली गई प्रभात फेरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भूगर्भ जल के महत्व और उस पर मंडरा रहे आसन्न संकट को देखते हुए, जिले में 16 जुलाई से 22 जुलाई तक मनाए गए भूजल सप्ताह का बुधवार को समापन हो गया। इस अवसर पर जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प थीम के तहत फतेहगढ़ में एक विशाल प्रभात फेरी निकाली गई और जनपद स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।

बुधवार सुबह 8 बजे कलेक्ट्रेट से जन जागरूकता हेतु एक प्रभात फेरी निकाली गई। जिसे मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस फेरी में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़, राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ और म्यूनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। बच्चों के साथ विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और अध्यापक भी मौजूद रहे। इस अवसर पर परियोजना निदेशक (जिला ग्राम्य विकास अभिकरण), सहायक अभियंता (लघु सिंचाई), और अवर अभियंता (लघु सिंचाई) सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रभात फेरी के दौरान स्कूली बच्चों ने जल संरक्षण से जुड़े विभिन्न गगनभेदी नारे लगाकर शहरवासियों को पानी बचाने का संदेश दिया। बच्चों द्वारा लगाए गए प्रमुख नारे लगाये गये। जल है तो कल है, जल आज नहीं बचाओगे तो कल कहाँ से लाओगे। पानी नहीं बचाओगे तो खुद प्यासे रह जाओगे। प्रकृति की है यही पुकार, आओ बचायें जल अपार, जन जन तक जल पहुंचाना है, जल संरक्षण अपनाना है। वर्षा का जल न हो बर्बाद, जल संरक्षण को रखना याद। आओ बचाएं वर्षा जल और संवारें अपना कल। वक्त रहते सम्भल जाओ, जल संकट को ना बुलाओ। जल संरक्षण का करो प्रयास, जल ही है जीवन की आस के नारे लगाये गये। प्रभात फेरी के उपरांत, मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में एक विशेष जनपद स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संबंधित विभागों के माध्यम से आम जनमानस को भूजल के महत्व के प्रति प्रेरित करना और जल संरक्षण की सरल व उपयुक्त विधियों का प्रचार-प्रसार करना था। अधिकारियों ने बताया कि गिरते भूजल स्तर को रोकने के लिए जन-सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई।


प्रभातफेरी निकालते छात्र

# जीजीआईसी फतेहगढ़ में विद्यालय प्रबंधन समिति का हुआ गठन

▸ अभिभावकों ने विद्यालय के विकास में सहयोग का लिया संकल्प

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पीएमश्री महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, फतेहगढ़ में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन हेतु अभिभावकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लगभग 150 अभिभावकों ने सहभागिता करते हुए विद्यालय के विकास एवं छात्राओं के शैक्षिक उत्थान के लिए अपने सुझाव दिए।

बैठक में सर्वसम्मति से मनोज प्रकाश को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष नामित किया गया। समिति में शिक्षाविद् के रूप में पूर्व प्रधानाचार्या मीना यादव, पुरातन छात्रा सदस्य के रूप में रिचा तिवारी, स्वास्थ्य कार्यकर्त्री सुषमा राठौर तथा अभिभावक सदस्य सुरेंद्र कुमार सहित अन्य सदस्यों का चयन किया गया। शिक्षक सदस्यों के रूप में शैलजा मौर्य, ज्योति एवं आरती यादव उपस्थित रहीं। समिति के गठन के उपरांत विद्यालय की वार्षिक कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। माइनर रिपेयरिंग के अंतर्गत विद्यालय भवन की छत की मरम्मत, फर्नीचर की मरम्मत सहित अन्य आवश्यक कार्यों को कराने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस अवसर पर इको क्लब, गणित-विज्ञान क्लब एवं करियर क्लब की प्रभारी शिक्षिकाओं ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए छात्राओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया। स्वास्थ्य कार्यकर्त्री सुषमा राठौर ने किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए एचपीवी वैक्सीन के महत्व की जानकारी दी तथा अभिभावकों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए टीकाकरण के प्रति जागरूक रहने का आवाह्न किया।


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकायें व अभिभावक

प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने कहा कि विद्यालय की प्रगति में अभिभावकों और समुदाय की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पीएम श्री योजना के अंतर्गत प्राप्त विभिन्न मदों के अनुदान, उनके उपयोग तथा वर्षभर संचालित की जाने वाली कार्ययोजना से अभिभावकों को अवगत कराया। साथ ही छात्राओं की शत प्रतिशत उपस्थिति, नामांकन वृद्धि, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, सुरक्षित एवं प्रेरणादायी विद्यालय वातावरण तथा छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दिया। बैठक में अनेक अभिभावकों ने विद्यालय के विकास कार्यों में सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय एवं समुदाय के संयुक्त प्रयासों से छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ। शिक्षिका निर्मला सिंह ने संचारी रोग से बचाव हेतु स्वच्छता के संबंध में शपथ ग्रहण कराई। छात्रा मन्नत में गीत गाकर सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर अर्चना गुप्ता, दीप्ति सिंह, गुलशन जहाँ, मौनी चौहान, रीता मीनाक्षी आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# एआईबीई परीक्षा में सफलता हासिल कर अधिवक्ताओं ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के युवा अधिवक्ताओं राहुल सिंह ठाकुर एवं सूरजभान उर्फ जानू ठाकुर ने अखिल भारतीय बार परीक्षा (एआईबीई) में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, मित्रों तथा क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है।

एआईबीई जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में सफलता प्राप्त करना किसी भी अधिवक्ता के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। अपनी मेहनत, लगन और समर्पण के बल पर दोनों युवा अधिवक्ताओं ने यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता ने अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा का कार्य किया है। जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, शुभचिंतकों, साथी अधिवक्ताओं, सामाजिक संगठनों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों द्वारा दोनों सफल अभ्यर्थियों को बधाइयाँ दी। दोनों अधिवक्ताओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं शुभचिंतकों के मार्गदर्शन और सहयोग को दिया।


अधिवक्ता सूरजभान व राहुल ठाकुर

उन्होंने कहा कि निरंतर परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। क्षेत्रवासियों ने भी दोनों युवा अधिवक्ताओं की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

# खुरपका मुंहपका रोग के टीकाकरण अभियान का शुभारंभ


हरी झण्डी दिखाते फतेहचन्द्र वर्मा

**भाजपा जिलाध्यक्ष ने वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को जनपद में खुरपका मुंहपका रोग के टीकाकरण अभियान का शुभारंभ हुआ। जिसमें 7 एम्बुलेंस और 6 सचल दल की गाड़ियों को भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत पशुओं को रोग से बचने हेतु विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया है, यह अभियान जनपद के सभी ब्लॉकों में संचालित होगा। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. धीरज शर्मा, उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र सिंह एवं डॉ. धनेश कुमार गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# सभी विधानसभाओं में भाजपा द्वारा विधानसभा बूथ सम्मेलन का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को जनपद की सभी विधानसभाओं में भाजपा द्वारा विधानसभा बूथ सम्मेलन आयोजित हुआ। बूथ सम्मेलन कार्यक्रम में पार्टी की आगामी रणनीतियों पर चर्चा की गई और इसके साथ ही जमीनी स्तर पर पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने का आवाह्न किया गया। किस कार्यक्रम में बूथ अध्यक्षों का नाम और बूथ संख्या मोटे अक्षरों में कुर्सियों पर लिखा हुआ था।

अमृतपुर विधानसभा का बूथ सम्मेलन पांचाल घाट स्थित नारायण आश्रम में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता ने बूथ के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा भाजपा का संगठन कार्यकर्ता आधारित है। बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ है और उन्हीं के दम पर भाजपा हर चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करती है। कार्यकर्ताओं के सामने 2027 के विधानसभा चुनाव जीतने का लक्ष्य है। पार्टी का बूथ अध्यक्ष कब राष्ट्रीय अध्यक्ष बन जाए ऐसा भाजपा में ही संभव है। सभी कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की जनहित तहसील योजनाओं को घर-घर पहुंचने का कार्य करें और जनता से सीधा संवाद स्थापित करें। प्रदेश में तीसरी बार हैट्रिक सरकार बनाने का संकल्प लें।


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते देवेंद्र देव गुप्ता

विधायक सुशील शाक्य ने कहा पूरे प्रदेश में एक साथ बूथ सम्मेलन आयोजित हो रहे हैं। चुनाव में जो बूथ जीतेगा वही चुनाव जीतेगा। बूथ सम्मेलन संगठन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है विधानसभा चुनाव में सफलता की नींव बूथ की मजबूती पर ही निर्भर करती है। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा प्रत्येक बूथ को मजबूत बनकर ही चुनाव में सफलता प्राप्त की जा सकती है। मतदाताओं से संपर्क स्थापित करके और संगठन की विचारधारा और सरकार की नीतियों की जानकारी जनता तक पहुंचाने का कार्य करें। संचालन अनुराग सिंह ने किया। इस दौरान हिमांशु गुप्ता, राजेपुर ब्लाक प्रमुख डॉ0 पल्लव सोमवंशी, कमल भारद्वाज, संदीप शाक्य, रजनीश मिश्रा, नीरज अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

कायमगंज विधानसभा के बूथ सम्मेलन में इटावा के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, सदर विधानसभा बूथ सम्मेलन में पूर्व जिलाध्यक्ष कन्नौज नरेंद्र राजपूत एवं भोजपुर विधानसभा बूथ सम्मेलन पूर्व जिला अध्यक्ष इटावा गोपाल मोहन शर्मा ने संबोधित किया एवं कार्यकर्ताओं को आगामी 2027 के चुनाव में जुट जाने के निर्देश दिए।

# श्वेता साहू ने संभाली अमृतपुर उपजिलाधिकारी की कमान

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

तहसील अमृतपुर को बुधवार को नई उपजिलाधिकारी मिल गई। वर्ष 2020 बैच की पीसीएस अधिकारी श्वेता साहू ने बुधवार को दोपहर पर तहसील अमृतपुर पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। उनके आगमन पर तहसील के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं। जानकारी के अनुसार, श्वेता साहू का स्थानांतरण झांसी से जनपद किया गया है। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर द्वारा उन्हें अमृतपुर तहसील का उपजिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने तहसील के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों की जानकारी ली। सूत्रों के अनुसार नई उपजिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि


उपजिलाधिकारी श्वेता साहू

शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप राजस्व मामलों का समयबद्ध निस्तारण, आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान तथा पारदर्शी एवं संवेदनशील प्रशासन उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करने तथा जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। श्वेता साहू के कार्यभार ग्रहण करने से अमृतपुर तहसील में प्रशासनिक गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने भी नई उपजिलाधिकारी के आगमन का स्वागत करते हुए क्षेत्र के विकास एवं जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की अपेक्षा व्यक्त की है।

# जिला विद्यालय निरीक्षक ने पोस्टर एवं गाइड बुक का किया विमोचन

▸ राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का होना है आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के सफल आयोजन के उद्देश्य से जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार द्वारा प्रतियोगिता के पोस्टर एवं गाइड बुक का विमोचन किया गया। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के जनपद स्तरीय डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर कैप्टन गिरिजा शंकर तथा अकैडमिक कोऑर्डिनेटर वेदराम शर्मा ने जिला विद्यालय निरीक्षक से भेंटकर पोस्टर एवं गाइड बुक का विमोचन कराया। 13 जुलाई को आंचलिक विज्ञान केंद्र, लखनऊ स्थित विज्ञान नगरी में आयोजित सेमिनार के उपरांत जनपद में प्रतियोगिता के सफल संचालन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। कैप्टन गिरिजा शंकर ने बताया कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस वर्ष प्रतियोगिता की प्रक्रिया में कुछ महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं। अब प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को निर्धारित उप-विषयों पर आधारित लगभग 3500 शब्दों का प्रोजेक्ट-ए4 आकार के प्रारूप में तैयार करना होगा। उन्होंने बताया कि तैयार प्रोजेक्टों का प्रथम चरण में ब्लॉक स्तर पर विशेषज्ञ निर्णायकों द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा।


पोस्टर तथा गाइड बुक का विमोचन करते डीआईओएस

प्रत्येक ब्लॉक से चयनित 15 श्रेष्ठ प्रतिभागी जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में प्रतिभाग करेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार ने जनपद के सभी बोर्डों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया कि वे अपने विद्यालयों के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं का पंजीकरण सुनिश्चित कराते हुए प्रतियोगिता में उनकी सहभागिता कराएं। उन्होंने प्रत्येक विद्यालय से सक्रिय एवं व्यापक प्रतिभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि प्रतियोगिता में चयनित विजेता छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर बाल वैज्ञानिक बनने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। साथ ही प्रतियोगिता में पंजीकरण कराने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि राजेपुर एवं कायमगंज ब्लॉक के नोडल अधिकारियों के नामों में संशोधन किया गया है। संशोधित व्यवस्था के अनुसार राजेपुर ब्लॉक की जिम्मेदारी पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कॉलेज, कनकापुर की प्रवक्ता के.डी. तिवारी को तथा कायमगंज ब्लॉक की जिम्मेदारी एसएनएम इंटर कॉलेज, कायमगंज के विज्ञान शिक्षक सुशांत यादव को सौंपी गई है। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस से संबंधित किसी भी जानकारी अथवा जिज्ञासा के लिए जनपद के जिला समन्वयक कैप्टन गिरिजा शंकर, प्रधानाचार्य म्युनिसिपल इंटर कॉलेज से संपर्क किया जा सकता है।

# त्रिपोलिया चौक पर खुला पड़ा नाला, हादसे को दे रहा दावत

▸ टूटी ग्रिल, ट्रैफिक पुलिस भी खतरे में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर के व्यस्ततम त्रिपोलिया चौक पर स्थित नाला जर्जर हालत में खुला पड़ा है। जहां ट्रैफिक सिपाही और होमगार्ड ड्यूटी करते हैं, वहीं नाले की ग्रिल टूटकर मलबे और कूड़े में तब्दील हो गई है।

नाले के ऊपर लगे जंग लगे सरिए उखड़ गए हैं। बीच में बड़ा गड्ढा बन गया है और चारों तरफ ईट, पत्थर व कचरा फैला हुआ है।

बरसात में यहां जलभराव होने पर यह गड्ढा दिखाई नहीं देगा और कोई भी वाहन चालक या पैदल यात्री इसका शिकार हो सकता है। जबकि चौक पर दिनभर भीड़ रहती है और ठीक इसी जगह ट्रैफिक पुलिस व होमगार्ड के जवान भी बैठते हैं। ऐसे में किसी बड़े हादसे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों ने नगर पालिका परिषद से मांग की है कि


त्रिपोलिया चौक पर टूटा पड़ा जाल

मानसून से पहले त्रिपोलिया चौक के इस नाले की तत्काल मरम्मत कराकर मजबूत ढक्कन लगाया जाए और आसपास सफाई कराई जाए। लोगों ने कहा कि शहर के मुख्य चौराहे की ये हालत शर्मनाक है। प्रशासन को चाहिए कि वो समय रहते इस समस्या को दूर करे, वरना किसी बड़े हादसे के बाद ही नींद खुलेगी।

# सपा सुप्रीपों को हिरासत में लिए जाने पर सपाइयों ने आधी रात दिया धरना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नीट परीक्षा लीक होने के बाद बाय छात्रों के द्वारा की गई आत्महत्या की घटना से देश भर में उबाल आया हुआ है। पिछले लगभग 1 महीने से दिल्ली के जंतर मंतर सहित देश के तमाम शहरों में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर छात्र नौजवान धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने छात्रों के इस आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए 21 जुलाई को प्रधानमंत्री आवास के बाहर धरना दिया था।

जिससे पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था, उनकी गिरफ्तारी के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में सपाईयों में एकदम से उबाल आ गया। रात के वक्त अपने नेता की गिरफ्तारी के विरोध में सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में आवास विकास स्थित लोहिया मूर्ति पर बड़ी संख्या में एकत्रित हुए सपा नेताओं एवं पदाधिकारियों ने जमकर बवाल किया। सीओ सिटी के साथ बड़ी संख्या में पहुंचे पुलिसकर्मियों ने सपा नेताओं को जब हटाने का प्रयास किया तो उन्होंने कहा कि जब तक हमारे नेता को रिहा नहीं किया जाएगा, तब तक कोई नहीं हटेगा या तो हमें गिरफ्तार करो, या हमारे नेता को रिहा करो। जिलाध्यक्ष ने वर्तमान सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार तानाशाही की पराकाष्ठा को पार कर चुकी है। आज देश में संवैधानिक मूल्यों को कुचला जा रहा है, अभिव्यक्ति की आजादी को रौंद डाला गया है। धरना प्रदर्शन का संचालन जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने किया। धरने में पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, सर्वेश अंबेडकर, मंदीप यादव, जेपी वर्मा, मुन्ना यादव, अजीत यादव, सौरभ कटियार, राधेश्याम सविता, रामजी वाजपेई, आलोक यादव, उदय प्रताप सिंह भोला यादव, नरेंद्र सिंह यादव, विवेक यादव, अनुराग यादव, पवन कठेरिया, राजपाल यादव, अरविंद कुशवाह, रजत क्रांतिकारी, सलाउद्दीन पहलवान, युनिस अंसारी, विनीत परमार, अरविंद कश्यप, देवेंद्र सिंह यादव, अशोक अंबेडकर, मुदस्सिर खां, कमल हसन, मुजाहिद अंसारी, विवेक यादव, शिवम पटेल, अर्चित शर्मा, उत्कर्ष यादव, माजिद अली, गोपाल यादव, राजन यादव, शाहरुख़ ख़ान, मनोज यादव, बंटी यादव, निजाम अंसारी, गौरव आजाद, रोहित यादव, जियाउल हक, विनय यादव, नागेंद्र सिंह यादव, अंशुल यादव, अभय यादव, चंद्रप्रताप यादव, अनुराग यादव लालू आदि मौजूद रहे।


धरने को संबोधित करते जिलाध्यक्ष

# यूपी पावर कॉर्पोरेशन के संविदा कर्मचारियों का बड़ा ऐलान

▸ 28 जुलाई से लखनऊ में करेंगे धरना-प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ ने अपनी लंबित मांगों और पूर्व में हुए समझौतों का पालन न होने के विरोध में एक बार फिर बड़े आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। संगठन की जिला कार्यकारिणी के अध्यक्ष रामकिशन ने अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मण्डल, को पत्र सौंपकर आगामी आंदोलन में जिले के कर्मचारियों के भाग लेने की आधिकारिक सूचना दी है। ज्ञापन में प्रबंधन पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं और कई प्रमुख मुद्दे उठाए गए हैं। अनुभवी आउटसोर्स कर्मचारियों को कार्य से हटाना और उनके बकाया वेतन का भुगतान न करना। कर्मचारियों का वेतन 18,000 रुपये प्रतिमाह निर्धारित न करना। ऊर्जा मंत्री के निर्देशों और उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करना। ईपीएफ घोटाले में दोषी पाए गए ठेकेदारों के खिलाफकोई कार्रवाई न होना। दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने में विफलता और श्रम कानूनों का लगातार उल्लंघन आदि समस्याओं को लेकर आंदोलन शुरु किया जायेगा।


अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी

प्रबंधन के इस रवैये से नाराज होकर कर्मचारी संघ ने स्थगित किए गए आंदोलन को पुनः शुरू करने का निर्णय लिया है। 28 जुलाई शक्ति भवन, लखनऊ पर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यदि 28 जुलाई तक समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तो 29 जुलाई से शक्ति भवन, विधान सभा, इको गार्डन लखनऊ सहित सभी जिला मुख्यालयों पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

## भागवत गीता के अपमान को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ने मांगी माफी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विगत दिनों भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी में भाजपा नेताओं द्वारा सनातन धर्म के पवित्र धार्मिक ग्रंथ श्री राम चरित मानस व श्रीमद भगवत गीता का घोर अपमान किया गया। जिसके विरोध में अंकित तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष हिन्दू समाज पार्टी द्वारा भाजपा नेताओं को तीन दिन में माफी मांगने का समय दिया गया था, अन्यथा की स्थिति में 23 जुलाई को भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू का पुतला फूंकने का ऐलान किया गया था, लेकिन बुधवार को भाजपा के जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र वर्मा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो डालकर उक्त प्रकरण ओर सार्वजनिक माफी मांगी। जिसके उपरांत पुतला दहन के कार्यक्रम को पूर्णरूपेण निरस्त किया जाता है।

# कांस्टेबल समेत चार के खिलाफ कोतवाली में दी तहरीर

▸ नशा कराकर 5 बीघा जमीन का कराया बैनामा

▸ पीड़ित बोला: जबरन शराब-चरस पिलाकर तहसील ले गए

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र में नशा कराकर जमीन का बैनामा कराने के एक गंभीर मामले ने सनसनी फैला दी है। गांव टिलियां सलेमपुर निवासी एक युवक ने गांव के एक व्यक्ति, दो अन्य लोगों और कोतवाली में तैनात एक कांस्टेबल पर जबरन नशा कराकर उसकी करीब 5 बीघा कृषि भूमि का बैनामा कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।


जानकारी देता पीड़ित

जानकारी के अनुसार दुर्वेश पुत्र रामकिशन निवासी टिलियां सलेमपुर ने बताया कि 20 जुलाई की शाम करीब 6 बजे गांव का ही एक व्यक्ति उसे घर से बुलाकर ले गया। रास्ते में दो अन्य गांवों के 2 व्यक्ति और कोतवाली कायमगंज में तैनात एक कांस्टेबल भी उनसे मिल गए। आरोप है कि चारों उसे एक अज्ञात स्थान पर ले गए। वहां पहले जबरन शराब पिलाई गई और बाद में चरस सहित अन्य नशीला पदार्थ सेवन कराया गया। जिससे वह पूरी तरह नशे में धुत हो गया। पीड़ित का आरोप है कि अगले दिन 21 जुलाई को उसे नशे की हालत में तहसील कायमगंज ले जाया गया। वहां उसकी लगभग 5 बीघा कृषि भूमि का बैनामा अपने नाम कराने की नीयत से विभिन्न दस्तावेजों पर जबरन अंगूठे के निशान लगवा लिए गए। दुर्वेश के अनुसार किसी तरह इस बात की जानकारी उसके परिजनों को मिल गई। परिजन तत्काल तहसील पहुंचे और बैनामा का विरोध किया। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने हंगामा किया और विरोध करने पर मारपीट भी की पुलिस जांच में जुटी गयी। पीड़ित ने प्रभारी निरीक्षक से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाए।

# चौबिस घंटे से सपा नेता हाउस अरेस्ट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत नवाबगंज क्षेत्र के नहरोसा निवासी, प्रधान पुत्र एवं समाजवादी पार्टी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष अमन सूर्यवंशी के घर पर 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस की निगरानी और लगातार गश्त जारी है। देर रात भारी पुलिस बल के साथ उन्हें पुलिस निगरानी में रखा गया था और अब भी पुलिस की गतिविधियां उनके आसपास बनी हुई हैं।

**पुलिस कर रही निगरानी**

अमन सूर्यवंशी ने कहा कि वह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की गिरफ्तारी से आक्रोशित हैं। वह शिक्षा, युवाओं और लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर चल रहे आंदोलनों के समर्थन में अपने साथियों के साथ शांतिपूर्ण रणनीति बना रहे थे तथा जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को दिल्ली चलो कार्यक्रम में शामिल कराने की तैयारी कर रहे थे। अमन सूर्यवंशी ने कहा भारत एक लोकतांत्रिक और संवैधानिक देश है। शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। यदि 24 घंटे से अधिक समय बाद भी मेरे घर पर पुलिस की निगरानी जारी है, तो मैं सिर्फ इतना पूछना चाहता हूं?क्या लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज़ उठाना अपराध है? मैं कानून और संविधान का सम्मान करता हूँ तथा प्रशासन से निष्पक्ष और न्यायपूर्ण व्यवहार की अपेक्षा करता हूँ।


पुलिस की निगरानी में अमन सूर्यवंशी

## सूचना

मैंने अपने पुत्र पवन कुमार व उसकी पत्नी लक्ष्मी के गलत चाल-चलन के चलते उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। उनके द्वारा आज दिनांक-22/07/2026 से किये गये किसी भी कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **प्रेमचन्द्र पुत्र शिम्भू दयाल निवासी डुंगरपुर (महोई), थाना मोहम्मदाबाद, जिला-फर्रुखाबाद।**

# विधायक ने गिनाये मेडिकल कॉलेज-पॉलिटेक्निक समेत विकास कार्य

## भाजपा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन, कार्यकर्ताओं को दिया 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' का मंत्र

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर-खीरी।** आगामी चुनावों की तैयारियों के बीच भाजपा ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का संदेश दिया। शहर के महेश्वर लॉन में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में मुख्य अतिथि अजय गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' का मंत्र दिया, जबकि सदर विधायक योगेश वर्मा ने मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक समेत क्षेत्र में हुए विकास कार्यों और प्रस्तावित परियोजनाओं को सरकार की प्रमुख उपलब्धियां बताया।



आयोजित सम्मेलन में बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्षों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व सीतापुर जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता रहे। कार्यक्रम का संयोजन अरविंद सिंह ने किया, जबकि शरद मिश्रा सह संयोजक रहे।

मुख्य अतिथि अजय गुप्ता ने कहा कि चुनाव में जीत की सबसे मजबूत नींव बूथ स्तर पर पड़ती है। उन्होंने 'बूथ जीतेगा तभी चुनाव जीतेगा' और 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' का मंत्र देते हुए कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने और जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने का आह्वान किया।

सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि डबल इंजन सरकार में लखीमपुर क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने संकटा देवी चौराहे के सुंदरीकरण से लेकर जीआईसी तक बेहतर संपर्क मार्ग, भानपुर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण, पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना तथा गुलरीपुरवा-सुकेतु मार्ग के निर्माण को प्रमुख उपलब्धियां बताते हुए कहा कि कई अन्य परियोजनाएं भी प्रस्तावित हैं, जिन्हें जल्द पूरा कराया जाएगा।

सम्मेलन में जिला मंत्री दिव्या सिंह, ब्लॉक प्रमुख ईरा श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष किरण अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष योगेश वर्मा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष कुलभूषण सिंह, अशोक अवस्थी, गन्ना समिति अध्यक्ष अरनी खाना, दीपक पुरी, राजू अग्रवाल, अनुश्री जायसवाल, नगर अध्यक्ष देवदत्त चड्ढा, आईटी संयोजक शौर्य सक्सेना, ऋषभ पांडे, सुदीप निगम, जिला कोषाध्यक्ष सुनील दीक्षित, खीरी मंडल अध्यक्ष नीरज ओयल, मंडल अध्यक्ष शर्मा प्रजापति, मंडल प्रभारी संतोष वर्मा, पारुल गुप्ता, संदीप मौर्य, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष एवं जिला मीडिया सह प्रभारी राजीव मिश्रा, जिला पंचायत प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्टाफ नर्स के छेड़छाड़ के आरोप की जांच जारी दोनों पक्ष सीएमओ के समक्ष तलब

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।**

ईसानगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में तैनात एक स्टाफ नर्स द्वारा खमरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के डॉक्टर पर लगाए गए छेड़छाड़ के आरोप की विभागीय जांच जारी है। मामले में अभी तक कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं निकला है और पुलिस में भी कोई तहरीर या एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है। जानकारी के अनुसार, ईसानगर पीएचसी की स्टाफ नर्स एक बैठक में शामिल होने खमरिया सीएचसी पहुंची थी। इसके बाद उसने वहां तैनात एक डॉक्टर के खिलाफ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह को लिखित शिकायत दी। अधीक्षक ने शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को भेज दी, जिसके निर्देश पर डिप्टी सीएमओ डॉ. लालजी पासी ने मामले की जांच की। जांच के दौरान दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए गए। विभागीय सूत्रों के अनुसार, बयानों में कुछ बिंदुओं पर विरोधाभास सामने आने के कारण जांच अधिकारी किसी अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सके। इसके बाद जांच रिपोर्ट सीएमओ को सौंप दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है। दोनों पक्षों को जिला मुख्यालय बुलाया गया है और विभागीय स्तर पर पूरे प्रकरण की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले में पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई है।

## ड्रमंडगंज घाटी में टायर फटने से सोयाबीन लदा ट्रक डिवाइडर से टकराया, चालक सुरक्षित

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास बुधवार दोपहर ट्रक का अगला टायर फटने से ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में ट्रक चालक बाल बाल बच गया। महाराष्ट्र के नागपुर जिले से सोयाबीन डीओसी लादकर ट्रक पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी जिला जा रहा था। दोपहर बारह बजे के करीब ड्रमंडगंज घाटी में नीचे उतरते समय जैसे ही ट्रक बड़का मोड़ घुमान से सौ मीटर पहले पहुंचा तो अगले पहिए का टायर तेज धमाके के साथ अचानक फट गया।टायर फटने से ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया। संयोग था कि ट्रक डिवाइडर से टकराकर रूक गया, नही तो सैकड़ों फीट घाटी में नीचे गिरने से बड़ा हादसा हो सकता था।

# खबरें एक नजर में

## काम से लौट रहे पल्लेदार को बाइक ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

### चरखी मोड़ पर हुआ हादसा, पुलिस ने बाइक कब्जे में ली

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** दिनभर मजदूरी कर घर लौट रहे एक पल्लेदार को चरखी मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने से घायल पल्लेदार की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है। लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार खुर्द गांव निवासी राजबली विश्वकर्मा (38) पुत्र नंदलाल विश्वकर्मा मंगलवार शाम करीब 7 बजे पल्लेदारी का काम खत्म कर पैदल घर लौट रहे थे। जैसे ही वह चरखी मोड़ पर पहुंचे, दुबार की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही राजबली सड़क पर गिर पड़े और सिर में गंभीर चोट आई। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने मंडलीय अस्पताल मीरजापुर रेफर कर दिया। उपचार के दौरान देर रात राजबली ने दम तोड़ दिया।मृतक राजबली विश्वकर्मा पांच भाइयों में चौथे नंबर पर थे। उनके परिवार में 19 वर्षीय पुत्री पुष्पा देवी और 17 वर्षीय पुत्र विकास विश्वकर्मा हैं। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया है। चौकी इंचार्ज कुंवर मनोज सिंह ने बताया कि मंगलवार रात बाइक सवार ने पैदल राहगीर को टक्कर मार दी थी। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। तहरीर मिल गई है, विधिक कार्रवाई की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका था।

## आकाशीय बिजली गिरने से तीन ट्रांसफार्मर जले

**समृद्धि न्यूज़, अहरौरा (मिर्जापुर)।** विद्युत सब स्टेशन अहरौरा से संबंधित विभिन्न स्थानों पर मंगलवार आधी रात को आकाशीय गिरने से तीन ट्रांसफार्मर जल गए जिसके कारण सैकड़ों घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। अहरौरा विद्युत सब स्टेशन के जे ई पंचधारी सिंह ने बताया की अहरौरा फीडर पर स्थित दुर्गा जी मंदिर के पास 10 के वी , पटटी कला25 के वी ,व जीयो टावर पटटी कला पर 25 के वी का ट्रांसफार्मर आकाशीय बिजली के चपेट में आने से जल गया । जिससे नगर क्षेत्रो की विद्युत सप्लाई ठप हो गया है। अवर अभियंता पंचधारी सिंह ने बताया की ट्रांसफार्मर जलने की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है जल्द ही ट्रांसफार्मर बदलवाया जाएगा।

## चुनार सिद्धनाथ दरी वॉटरफॉल में शाम 5 बजे के बाद पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध

**समृद्धि न्यूज़, चुनार (मिर्जापुर)।** क्षेत्राधिकारी चुनार, मीरजापुर की आख्या दिनांक 21.07.2026 के आधार पर यह आदेश जारी किया गया है। आख्या में बताया गया कि सिद्धनाथ दरी पर्यटन के दृष्टिकोण से प्रसिद्ध है, जहां बड़ी संख्या में लोग स्नान और पिकनिक मनाने आते हैं। वर्तमान में वॉटर फॉल पर काफी तादात तक पर्यटक लापरवाहीपूर्वक स्नानपिकनिक मनाते हैं, जिसके कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। शासन की मंशा के अनुरूप जन सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सायं 17:00 बजे के उपरान्त सिद्धनाथ दरीवॉटर फॉल क्षेत्र में पर्यटकों का प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि आदेश का पालन करें और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें। पुलिस को निर्देश दिए गए है कि प्रतिबंधित समय में क्षेत्र में गश्त कर व्यवस्था बनाए रखें।

## मध्य प्रदेश के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के उमरिया गांव में मंगलवार की रात्रि में मध्य प्रदेश के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी युवक की मौत की सूचना पर ग्रामीणों ने युवक के परिजनों को सूचना दिया मौके पर पहुँचे युवक के परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले के हनुमना थाना क्षेत्र के लोढ़ी बन्दोगवा गांव निवासी 25 वर्षीय रामकृष्ण कोल उर्फ गोगे मानसिक रूप से विक्षिप्त है और घूम घूम कर काम करता था की रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी ग्रामीणों की सूचना पर पहुँचे मृतक के पिता भुअर कोल ने पुलिस को सूचना दिया जिस पर पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृत युवक की रिश्तेदारी थोथा गांव में शंभू कोल के यंहा है मृत युवक नशे का आदी था अविवाहित था इस संबंध मे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मध्य प्रदेश के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है मृतक के पिता की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा।

## निजी अस्पताल में इंजेक्शन लगने के बाद मासूम की मौत का आरोप, हंगामा

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** सिसवा कस्बे के एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान नौ वर्षीय मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से बुधवार को भारी हंगामा खड़ा हो गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल के एक कर्मी द्वारा इंजेक्शन लगाए जाने के कुछ ही देर बाद बच्चे की हालत अचानक बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई, जबकि आरोपित कर्मी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी अस्पताल पहुंच गए, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। जानकारी के अनुसार मिठौरा क्षेत्र निवासी नौ वर्षीय बालक की तबीयत खराब होने पर परिजन उसे इलाज के लिए सिसवा स्थित एक निजी नर्सिंग होम लेकर पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि उपचार के दौरान अस्पताल के एक जिम्मेदार कर्मी ने बच्चे को इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगने के कुछ ही मिनटों बाद बच्चे की तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। परिजन कुछ समझ पाते, इससे पहले ही मासूम ने दम तोड़ दिया। बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। हंगामे की सूचना पर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस दौरान अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा तथा लोगों के बीच तरह-तरह की भी चर्चा रही। स्थिति बिगड़ती देख स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर माहौल शांत कराया। बताया जा रहा है कि इंजेक्शन लगाने वाला आरोपित कर्मी घटना के बाद अस्पताल से निकल गया था। हालांकि पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बाद में दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता होने की बात सामने आई, जिसके बाद मामला आगे नहीं बढ़ सका।

## पशु बाड़े में लगी आग, तीन मवेशी जिंदा जले, आग बुझाने में किसान झुलसा, लाखों की संपत्ति राख

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ, खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के मूड़ा बुजुर्ग गांव में बुधवार तड़के एक पशु बाड़े में भीषण आग लगने से तीन मवेशियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग बुझाने के प्रयास में किसान रावेंद्र पुत्र सुंदर लाल झुलस गए। घटना में मवेशियों के अलावा भूसा, कंडे, दो छप्पर, इंजन और एक देशी साइकिल जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान को लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम किसान ने मच्छरों से बचाव के लिए पशु बाड़े में धुआं किया था। बुधवार सुबह करीब 2:45 बजे उनकी बेटी काजल ने बाड़े से आग की लपटें उठती देखीं और शोर मचाया। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बाड़े में बंधी तीनों मवेशियों की जलकर मौत हो चुकी थी। मृत मवेशियों में एक गर्भवती भैंस भी शामिल थी, जो इसी महीने ब्याने वाली थी। आग बुझाने के दौरान किसान रावेंद्र भी आग की चपेट में आकर मामूली रूप से झुलस गए। हादसे में पशु बाड़े में रखा भूसा, कंडे, दो छप्पर, एक इंजन और एक देशी साइकिल भी जलकर नष्ट हो गई। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।



# उत्साह के साथ मनाया गया इंटरनेशनल मैंगो डे

- सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आम की वेशभूषा में सजे नन्हे-मुन्ने बच्चे, कविता, गीत और भाषण से बिखेरे रंग



**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर के सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोला में बुधवार को इंटरनेशनल मैंगो डे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्री-प्राइमरी विंग (नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी) के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे जोश के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। आम की आकर्षक वेशभूषा में सजे बच्चों की मासूम मुस्कान और मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे विद्यालय का माहौल आनंदमय बना दिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की के मार्गदर्शन एवं हेड मिस्ट्रेस सिस्टर लिजी मारिया के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम की तैयारियां प्री-प्राइमरी की शिक्षिकाओं ने कराईं। बच्चों ने आम पर आधारित कविताएं, गीत, भाषण और रोचक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। उनकी आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों पर अभिभावकों और शिक्षकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की ने बच्चों को आम के महत्व, उसकी विशेषताओं और प्रकृति से जुड़े रहने का संदेश दिया। वहीं हेड मिस्ट्रेस सिस्टर लिजी मारिया ने बच्चों को आम के रंग, स्वाद, विभिन्न प्रकारों और उससे जुड़ी रोचक जानकारियों से परिचित कराया। शिक्षिकाओं ने भी खेल-खेल में बच्चों को आम की पहचान, उसके उपयोग और उससे जुड़े सामान्य तथ्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सीखने की रुचि विकसित करना, मंच पर आत्मविश्वास बढ़ाना तथा रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से ज्ञानवर्धन करना था। पूरे आयोजन के दौरान बच्चों का उत्साह, ऊर्जा और मासूमियत आकर्षण का केंद्र बनी रही।

# स्कूल के रास्ते में जलभराव: मगरमच्छ का खतरा, दहशत में बच्चे और अभिभावक

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** विकास खंड बिजुआ की ग्राम पंचायत दौलतापुर में लगातार बारिश के चलते प्राथमिक विद्यालय तक जाने वाला मार्ग जलमग्न हो गया है। बच्चों को रोजाना घुटनों तक पानी से होकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। वहीं, पास के तालाब और उफनाई शारदा नदी से मगरमच्छों के निकलने की आशंका ने अभिभावकों की चिंता और बढ़ा दी है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय के निकट स्थित तालाब तथा रेलवे लाइन के पार बह रही शारदा नदी में इन दिनों जलस्तर बढ़ा हुआ है। नदी से निकलकर मगरमच्छ तालाबों और खेतों तक पहुंच जाते हैं। कई बार विद्यालय के आसपास भी मगरमच्छ देखे जाने का दावा किया गया है, जिससे बच्चों की सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों में भय का माहौल है।



जलभराव के कारण रास्ते में कीचड़ और फिसलन भी बढ़ गई है। इससे विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही जलभराव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है।

ग्रामीण महेश, राजू, लछमन और डालचंद ने प्रशासन से विद्यालय मार्ग से शीघ्र जल निकासी कराने तथा मगरमच्छों से बचाव के लिए प्रभावी इंतजाम करने की मांग की है। उनका कहना है कि स्थायी समाधान होने तक स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## शारदा का पानी गांवों में घुसा, खेतों का कटान शुरू, करसौर, गुजारा व सिंधिया फार्म प्रभावित, राजस्व टीम ने किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से विकास खंड बिजुआ के करसौर, गुजारा, सिंघिया फार्म सहित कई गांवों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। नदी के बढ़ते जलस्तर से कृषि भूमि का कटान शुरू हो गया है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि राहत की बात यह है कि फिलहाल किसी आबादी वाले क्षेत्र में पानी नहीं पहुंचा है। पिछले दो-तीन दिनों से शारदा नदी का पानी लगातार निचले इलाकों और खेतों में फैल रहा है। कई संपर्क मार्ग जलमग्न हो गए हैं, जिससे ग्रामीणों के आवागमन में कठिनाई हो रही है। बच्चों को स्कूल जाने और पशुपालकों को मवेशियों को चराने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को हालात का जायजा लेने के लिए राजस्व विभाग की टीम ने सिंघिया गांव पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। टीम में नायब तहसीलदार आलोक मिश्रा, राजस्व निरीक्षक बाबूराम चौधरी, क्षेत्रीय लेखपाल राकेश कुमार शुक्ल तथा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुरजीत सिंह शामिल रहे। अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्थिति का आकलन किया और ग्रामीणों से जानकारी ली।



क्षेत्रीय लेखपाल राकेश कुमार शुक्ल ने बताया कि शारदा नदी के तेज बहाव से सिंघिया क्षेत्र में कुछ कृषि भूमि का कटान हुआ है। फिलहाल किसी आबादी वाले हिस्से में पानी नहीं पहुंचा है, लेकिन नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। ग्रामीणों को भी सावधानी बरतने और नदी किनारे अनावश्यक आवाजाही से बचने की सलाह दी गई है। कटान से प्रभावित किसानों ने प्रशासन से तटबंधों की मरम्मत, कटान रोकने के लिए तत्काल अस्थायी सुरक्षा कार्य कराने तथा नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में नौतनवा में सपा का जोरदार प्रदर्शन

- पेपर लीक, छात्रों पर लाठीचार्ज और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर सपाइयों ने जताया आक्रोश

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस की कार्रवाई तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को नौतनवा में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। सपाइयों ने अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की तथा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को सौंपकर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे सहित विभिन्न मांगें उठाईं।



पूर्व विधायक कुंवर कौशल उर्फ मुन्ना सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता तहसील मुख्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन कर रही है तथा छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दे पर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज करना दुर्भाग्यपूर्ण है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे सपा प्रमुख अखिलेश यादव की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

पूर्व विधायक ने कहा कि सरकार जनता के सवालों का जवाब देने के बजाय विरोध की आवाज को दबाने में लगी है। उन्होंने कहा कि अब जनता सरकार की कार्यशैली को समझ चुकी है और लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देने का समय आ गया है।

वहीं, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव बैजू यादव एवं विधानसभा अध्यक्ष विक्रम यादव के नेतृत्व में भी सपा कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा में सामने आई कथित अनियमितताओं और पेपर लीक की घटनाओं ने देश की शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। ऐसे मामलों से लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है, जिसकी निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है।

## भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी-पुलिस की बड़ी कार्रवाई 40.47 ग्राम स्मैक के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसएसबी और सोनौली पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक नेपाली तस्कर को 40.47 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। इस कार्रवाई से सीमा पार सक्रिय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, एसएसबी की सीमा चौकी डंडा हेड के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि सीमा स्तंभ संख्या-518 के निकट ग्राम तिलहवा के रास्ते एक व्यक्ति स्मैक लेकर भारत से नेपाल जाने की फिराक में है। सूचना मिलते ही एसएसबी ने सोनौली पुलिस को अवगत कराया।

# सपा ने प्रदर्शन कर शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का मांगा इस्तीफा

- जनहित के मुद्दो पर संघर्ष करना प्रत्येक नागरिक और जनप्रतिनिधि का लोकतांत्रिक अधिकार: देवी प्रसाद चौधरी
- पुलिस छावनी में तब्दील रहा सपा कार्यालय

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लेकर उनके साथ अभद्रता करना लोकतांत्रिक मूल्यो पर गंभीर प्रश्न खड़े करते है। यह आरोप समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने धरना प्रदर्शन के दौरान कही। प्रदर्शन को देखते हुए सपा कार्यालय लोहियाट्रस्ट के अलावा पूरा कचहरी क्षेत्र पुलिस प्रशासन ने घेर रखा था। कटरा कोतवाली पुलिस ने सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी को उनके घर से बुलाकर कार्यालय पहुॅचाया। कार्यकर्ता प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष को बुलाने की मॉग कर रहे थे। पुलिस छावनी में तब्दील रहा कार्यालय। प्रदर्शन कर समाजवादी पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित मॉग पत्र जिलाधिकारी को संबोधित नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार को सौपा गया। पत्रक में मॉग की गई कि पेपर लीक परीक्षा के दोषी शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को बर्खास्त किया जाय। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को समुचित चिकित्सा व्यवस्था करते हुए तत्काल रिहाई की जाय। जंतर-मंतर पर छात्रो के ऊपर लाठी चार्ज घटना की न्यायायिक जॉच कराई जाय। आत्महत्या करने वाले छात्र-छात्राओ के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा और सरकारी नौकरी दी जाय। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पुलिस से डरने वाले नही है। लोकतंत्र में जनता की आवाज उठाना, शांतिपूर्वक विरोध करना और जनहित के मुद्दो पर संघर्ष करना प्रत्येक नागरिक और जनप्रतिनिधि का लोकतांत्रिक अधिकार है। समाजवादी पार्टी हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यो, संविधान और जनता के अधिकारो की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। हमें विश्वास है कि लोकतंत्र की शक्ति किसी भी दमनकारी प्रयास से अधिक मजबूत है। पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल ने कहा कि लोकतंत्र की आवाज को दबाया नही जा सकता है। उन्होने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता किसी प्रकार के दमन से डरने वाले नही है। पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि पुलिस लाठी चार्ज करे या जेल भेजे कार्यकर्ता डरने वाले नही है। कहा कि सरकार के दिन लद गये है आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता इन्हे सबक सिखाने का काम करेगी। धरना प्रदर्शन में रोहित शुक्ला, दामोदर प्रसाद मौर्या, आदर्श यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, राजेश भारती, संतोष गौतम, अनीस खान, जैन कुशवाहा, सत्यप्रकाश यादव, इन्दु कुमारी, अशोक यादव, अमरेश सोनकर, रवि यादव, अभय यादव, जुम्मन खान, डा0 शक्ति श्रीवास्तव, रंजीत फौजी, राजकुमार यादव, आकाश यादव, जाहिद अख्तर, सैफ अंसारी, सुरेश पटेल, कन्हैया याद, शिवपूजन यादव, कान्धा यादव, आकांक्षा यादव, दिव्या गुप्ता, राममिलन यादव, अजय सोनकर, चिन्तामणि यादव, बलराम यादव, रमाशंकर कोल, राकेश यादव, अंकुर यादव, मेवालाल प्रजापति, रामराज यादव, दीनानाथ प्रजापति, उपेन्द्र तिवारी, रामजी यादव, जमाल अहमद, गोलू बिन्द, धीरेन्द्र सिंह, अनुराग तिवारी, वीरेन्द्र यादव, धनंजय सिंह, पिन्टू यादव, विजय यादव, विनोद पासी, गणेश केसरी, पियुष यादव आदि सैकड़ो लोग शामिल थे। पुलिस ने पार्टी के कई नेताओ व पदाधिकारियों को हाउस अरेस्ट भी किया था।

